CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

मुरादाबाद, शनिवार 9 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 360 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मैंने पुस्तकों पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया: उमर अब्दुल्ला पेज 2



गिल ने बल्लेबाजी से आलोचकों को बखूबी जवाब दिया: पार्थिव पटेल खेल टाइम्स



प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी हैं आदिवासी सम्पादकीय



जर्मनी ने इजरायल को हथियार देने पर लगाई रोक पेज 12

## यूपी के 24 जिलों में बाढ़, 1245 गांव पानी में

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ वाराणसी व बिजनौर में 12वीं तक, लखनऊ-जौनपुर में 8वीं तक स्कूल बंद

**नई दिल्ली।** उप्र के लखनऊ समेत 10 शहरों में शुक्रवार को भी तेज बारिश जारी है। लखनऊ में लगातार बारिश का शुक्रवार को 7वां दिन था।

वाराणसी-बिजनौर में 12वीं तक, लखनऊ-जौनपुर में 8वीं तक स्कूल बंद हैं। राज्य के 24 जिलों के 1245 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। अब तक 360 मकान ढह चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में 450 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। इनमें नेशनल हाईवे 305 और 5 शामिल हैं। राज्य में अब तक (20 जून से 7 अगस्त तक) बारिश की जुड़ी घटनाओं में 202 लोगों की मौत हो चुकी है। झारखंड में यह आंकड़ा 431 है। बिहार के मुंगेर में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। यहां चंडिका स्थान मंदिर में 6 फीट पानी भरने के बाद उसे बंद किया गया।

# धराली आपदा: चौथे दिन हेलीकॉप्टर से 300 का रेस्क्यू

## मलबे से एक शव बरामद, सर्च अभियान जारी, एनडीएमए के विभागाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने की समीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी/ देहरादून।** उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्र धराली और हर्षिल में राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहे हैं। धराली व हर्षिल से आपदा प्रभावितों को सुरक्षित निकालने के लिए राहत बचाव अभियान जारी हैं।

चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर अपराह्न 12 बजे तक सेना के एमआई -17 और चिनूक द्वारा 74 लोगों को रेस्क्यू कर लाया गया। सेना के ये हेलीकॉप्टर ना सिर्फ फंसे लोगों को सुरक्षित निकाल रहे हैं, बल्कि जरूरी मशीनों और उपकरणों को भी मौके पर पहुंचा रहे हैं। उत्तरकाशी जिलाधिकारी प्रशांत आर्या के अनुसार मलबे से एक शव बरामद किया गया है और कई लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। डीएम ने बताया कि गुरुवार को -शेष पृष्ठ दो पर





लिमचिगाढ़ में बैली ब्रिज बनाने का कार्य प्रारंभ, पीड़ितों को दी जा रही हर संभव मदद, फंसे हुए लोगों को तेजी से निकाला जा रहा

### सीएम धामी का उत्तरकाशी में प्रवास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तीन दिन से उत्तरकाशी में ही प्रवास कर युद्ध स्तर पर चल रहे रेस्क्यू अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रोटोकॉल को छोड़ आम आदमी की तरह आपदा प्रभावितों से भी मिलकर उन्हें ढांढस बंधा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्र में जल्द ही बिजली भी बहाल कर दी जाएगी।

### अत्याधुनिक उपकरणों से हो रही खोज

उत्तराखंड पुलिस द्वारा धराली आपदा प्रभावित क्षेत्र में अत्याधुनिक उपकरणों जैसे विक्टिम लोकेटिंग कैमरा, थर्मल इमेजिंग कैमरा और डॉग स्क्वायड टीम के साथ मलबे से क्षतिग्रस्त भवनों में गहन खोजबीन कर मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है

### पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 12000 करोड़ रुपये की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो अलग-अलग फैसलों में रसोई गैस (एलपीजी) सब्सिडी के लिए कुल 42,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दोनों प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में साल में नौ रिफिल पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जाएगी। इसके लिए 12,000 करोड़ रुपये के प्रावधान को मंजूरी दी गई है।

### केंद्र ने वापस लिया आयकर विधेयक, प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद फैसला

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लोकसभा से आयकर विधेयक 2025 को वापस ले लिया है। विधेयक की जांच के लिए बनी प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया गया। इस विधेयक को फरवरी में लोकसभा में पेश किया गया था। बताया जा रहा है कि नया विधेयक 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा। केंद्र सरकार ने आयकर विधेयक 2025 को 13 फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश किया था।

### अभिनेत्री हुमा कुरैशी के भाई की हत्या

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई आसिफ कुरैशी की दिल्ली के जंगपुरा इलाके में गुरुवार देर रात पार्किंग को लेकर हुई तीखी बहस के बाद चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। यह झगड़ा गुरुवार रात लगभग 11 बजे निज़ामुद्दीन थाना क्षेत्र के भोगल मार्केट लेन के पास हुआ। जानकारी के अनुसार आसिफ ने अपने पड़ोसी से उसके गेट के सामने खड़ी स्कूटी को हटाने के लिए कहा जिसके बाद दोनों पक्षों में तीखी बहस हो गई। स्थिति बाद में हिंसक हो गई और आरोपियों ने आसिफ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आसिफ को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# ट्रम्प की टैरिफ टेंशन: रूस ने थामा भारत का हाथ, अमेरिका हैरान

## चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की

बीजिंग/वाशिंगटन, वार्ता

कहा- चीन साफ तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ चीनी विदेश मंत्रालय ने फैसले को टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया

ट्रम्प ने भारत से ट्रेड डील पर वार्ता करने से इन्कार किया, अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा: भारत रणनीतिक साझेदार, वार्ता जारी रहेगी

**चीन ने** भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने इसे टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया। गुओ ने कहा कि चीन साफ तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ है।

उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका को तकनीकी और व्यापारिक मुद्दों का राजनीतिकरण बंद करना चाहिए। चीन का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के उस एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जवाब में आया, जिसमें भारत पर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया गया है। वहीं, ट्रम्प ने भारत से ट्रेड डील पर बातचीत करने से इन्कार कर दिया है। ट्रम्प ने कहा कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता, बातचीत शुरू नहीं होगी। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि भारत से ट्रेड डील पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल इसी महीने भारत आने वाला है। ट्रम्प भारत पर अब तक 50 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने 30 जुलाई को 25 फीसदी टैरिफ लगाया था, जो 7 अगस्त से लागू हो गया है। वहीं, 6 अगस्त को एक एग्जीक्यूटिव -शेष पृष्ठ दो पर

### मोदी व पुतिन ने रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की गुरुवार को मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को श्री पुतिन के साथ टेलीफोन पर परस्पर हित के मुद्दों पर बातचीत की।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री पुतिन ने यूक्रेन से संबंधित नवीनतम घटनाक्रमों से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। श्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति को उनके विस्तृत आकलन के लिए धन्यवाद देते हुए संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को दोहराया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की और भारत तरह रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### ब्राजीली राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से बातचीत की

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने पिछले महीने पीएम मोदी की ब्राजील यात्रा पर चर्चा की, जिसमें उन्होंने ट्रेड, तकनीक, एनर्जी, डिफेंस और एग्रीकल्चर जैसे मुद्दों पर आपसी सहयोग मजबूत करने पर सहमति जताई थी। दोनों नेताओं ने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की भी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने रीजनल और ग्लोबल मुद्दों पर भी बात की। इससे पहले सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से बातचीत का प्रस्ताव ठुकरा कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि मैं टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रम्प को कॉल नहीं करूंगा। इसके बदले पीएम नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से बातचीत करना चाहूंगा।

### भारत ने अमेरिका के साथ रक्षा सौदों से संबंधित बातचीत बंद नहीं की

**नई दिल्ली।** भारत ने स्पष्ट किया है कि उसने अमेरिका के साथ रक्षा खरीद से संबंधित बातचीत बंद नहीं की है और इससे संबंधित मीडिया रिपोर्ट गलत और मनगढ़ंत हैं। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि भारत द्वारा अमेरिका के साथ रक्षा खरीद से संबंधित बातचीत रोके जाने के बारे में मीडिया में आ रही रिपोर्ट गलत और मनगढ़ंत है। सूत्रों ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि खरीद से संबंधित विभिन्न मामले निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रगति पर हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने के बाद विभिन्न रक्षा खरीद के लिए चल रही बातचीत रोक दी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून पर सरकार से मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कोर्ट संवैधानिक वैधता पर विचार करेगा, याचिकाकर्ता ने कहा: नया कानून भी पुराने जैसा सख्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 152 की संवैधानिक वैधता की जांच करने पर शुक्रवार को सहमति जताई और केंद्र तथा राज्य सरकारों को नोटिस जारी किए।

बीएनएस की यह धारा राजद्रोह से संबंधित है, जो पूर्व की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124-ए की संशोधित संहिता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने सेवानिवृत्त मेजर जनरल एसजी वोम्बटकेरे की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए इस मामले केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता पीबी सुरेश और अधिवक्ता प्रसन्ना एस याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए। उन्होंने इस मामले को महत्वपूर्ण बताते हुए इस पर विचार करने का अनुरोध किया। आईपीसी की धारा 124-ए की वैधता को चुनौती देने वाली एक याचिका संविधान पीठ के समक्ष विचाराधीन है। शीर्ष अदालत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने जुलाई 2022 में केंद्र और राज्य सरकारों को ऐसे अपराध के मामले में आगे कोई मुकदमा दर्ज न करने का निर्देश देकर आईपीसी के राजद्रोह प्रावधान पर वस्तुत: रोक लगा दी थी।

### सरकारी आवास समय पर खाली कर दूंगा: सीजेआई गवई

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि नवम्बर में रिटायरमेंट से पहले उपयुक्त (सूटेबल) घर मिलना मुश्किल है, लेकिन मैं नियमों के तहत तय समयसीमा में अपना सरकारी आवास खाली कर दूंगा। सीजेआई ने ये बात जस्टिस सुधांशु धूलिया के विदाई कार्यक्रम में कही। सीजेआई ने कहा कि मैं जस्टिस धूलिया को सुप्रीम कोर्ट में आने के बाद से जानता हूं। वे बहुत ही गर्मजोश और न्यायपालिका को समर्पित व्यक्ति हैं। उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट की बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थायी रोक

यूपी सरकार ने मंदिर देखभाल के लिए बनाया था ट्रस्ट, अदालत ने केस हाईकोर्ट ट्रांसफर किया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को मथुरा के वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर के चारों ओर कॉरिडोर बनाने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना के लिए मंदिर न्यास कोष से 500 करोड़ रुपये का इस्तेमाल की अनुमति देने संबंधी अपना आदेश शुक्रवार को वापस ले लिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद श्री बांके बिहारी मंदिर के कोष से कॉरिडोर निर्माण के लिए राज्य सरकार को 15 मई, 2025 को दी गई (शीर्ष अदालत की) अनुमति संबंधी आदेश को वापस ले लिया। इसके साथ ही पीठ ने मंदिर के प्रबंधन के लिए उच्च -शेष पृष्ठ दो पर

# मोदी वोट चुराकर प्रधानमंत्री बने: राहुल गांधी

## 25 सीट 35 हजार या कम अंतर से जीते पीएम, चुनाव आयोग इलेक्ट्रॉनिक डेटा दे, तो साबित करेंगे

बेंगलुरु/नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस सांसद बोले: भारत का संविधान बेशकीमती है, देश को पांच सवालों का जवाब दे चुनाव आयोग

**कांग्रेस नेता राहुल** गांधी ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार 25 सीट के मार्जिन से प्रधानमंत्री बने हैं। 25 सीट ऐसी हैं, जिन्हें भाजपा ने 35 हजार या कम वोट से जीतीं। अगर हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा मिल जाए, तो हम साबित कर देंगे कि मोदी चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं।

राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग को पिछले 10 साल की देश की सारी इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट और वीडियोग्राफी देनी चाहिए। ये सब नहीं देंगे, तो क्राइम है। भाजपा को चुनाव चोरी करने दे रहे हैं। पूरे देश को चुनाव आयोग से वोटर्स का डेटा मांगना चाहिए। राहुल गांधी ने कर्नाटक के बेंगलुरु में फ्रीडम पार्क में आयोजित कांग्रेस की 'वोट अधिकार रैली' में ये बात कही। उनके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रैली में शामिल हुए। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाने के बाद शुक्रवार को कहा कि भारत का संविधान -शेष पृष्ठ दो पर

### वोट चोरी पर राहुल गांधी के खुलासे की जांच हो : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** प्रियंका गांधी ने कहा है कि वोट चोरी को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जो खुलासा किया है वह अत्यंत गंभीर है और उसकी जांच होनी चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को मतदाता सूची और डेटा उपलब्ध कराना चाहिए। आयोग तथा भाजपा जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं उससे साफ है कि कुछ गड़बड़ी हुई है और इसकी जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी ने इतना बड़ा खुलासा किया है, उसकी जांच होनी चाहिए। चुनाव आयोग वोटर लिस्ट नहीं दे रहा है, जांच नहीं कर रहा है, उल्टा हलफनामा मांग रहा है।

# हाईकोर्ट जज को क्रिमिनल केस से हटाने का फैसला वापस

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सीजेआई के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी हटाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति तक आपराधिक मामले की सुनवाई से अलग रखने और उन्हें एक अनुभवी वरिष्ठ न्यायाधीश के साथ खंडपीठ में बैठाने के अपने अभूतपूर्व आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया।

सीजेआई बीआर गवई से प्राप्त एक पत्र पर गौर करते हुए न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि उसका (शीर्ष अदालत का) इरादा संबंधित न्यायाधीश को शर्मिंदा करने या उन पर आक्षेप लगाने का नहीं था। हाईकोर्ट के आदेश को हालांकि अवैध और विकृत बताते हुए शीर्ष अदालत ने इस मामले पर विचार करने का काम हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर छोड़ दिया। पीठ ने कहा कि हम पूरी तरह से स्वीकार करते हैं कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रोस्टर के मास्टर हैं यानी वह तय कर सकते हैं कि किस मामले को कौन से न्यायाधीश को सौंपा जाए।

# चेयरमैन तबस्सुम व जावेद विकार बड़े मददगार साबित

## जेसीबी से जल भराव वाले क्षेत्र में पहुंचकर बांटी राहत सामग्री





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अफजलगढ़ नगर पालिका की चेयरमैन तबस्सुम व पूर्व चेयरमैन जावेद विकार सहित उनका पूरा परिवार प्राकृतिक आपदा के मौजूदा दौर में अवाम के लिए बड़ा मददगार साबित हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पहाड़ी क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश की वजह से नचना नदी में उफान आ गया है। नचना का पानी डूडा कॉलोनी सहित विभिन्न मौहल्लों में भर गया है। डूडा कॉलोनी में गरीब परिवार रहते है। एक तरफ बरसात की वजह से मजदूरी न मिलना और ऊपर से जल भराव ने उनके सामने संकट खड़ा कर दिया था। चेयरमैन तबस्सुम व पूर्व चेयरमैन जावेद विकार सहित उनके पूरे परिवार से पीड़ितों की परेशानी नहीं देखी गई। उन्होंने जेस. ीबी में बैठ कर जल भराव वाले क्षेत्र में पीड़ितों के बीच जाकर राहत सामग्री बांटी। भूखे-प्यासे बच्चे राहत सामग्री मिलने से खुश हो गए। महिलाओं को बड़ी संख्या में राहत सामग्री दी गई। उन्होंने बिना भेदभाव के सभी को राहत सामग्री दी। उनके द्वारा कई जगह जल भराव वाले क्षेत्रों में पानी निकासी की व्यवस्था की गई। पानी निकालने के लिए ट्रालियां लगाई गई। पथ प्रकाश व्यवस्था को भी सुचारू किया गया। जहां पर खम्भे गिरे हुए थे, वहां पहुंच कर पूर्व चेयरमैन जावेद विकार व उनके भाईयों ने स्वयं खम्भे सीधे किये और पथ प्रकाश व्यवस्था सुचारू कराई। नगर में उनकी तारीफ हो रही है। विकार परिवार शुरू से ही आम आदमी का हमदर्द रहा है। अवाम का कहना है कि परेशानी के इस दौर में चेयरमैन तबस्सुम व पूर्व चेयरमैन जावेद ने उनकी बड़ी मदद की है।

## एक नजर

### हादसे में दो महिलाएं घायल

**रेहड़।** नेशनल हाईवे पर अचानक आए सांड से टकरा कर टाटा पंच कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में कार सवार दो महिलाएं घायल हो गईं जिन्हें जसपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि रतनपुर (खटीमा) निवासी अरुण सिंह अपनी पत्नी ममतेश, डेढ़ वर्षीय पुत्री नीतिका, पिता संजीत सिंह व मां सुर्वेश देवी के साथ आज सुबह लगभग दस बजे टाटा पंच कार से हरिद्वार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान अंगदपुर बस स्टैंड के निकट अचानक उनकी कार के सामने एक सांड आ गया। जिससे कार की सांड से भीषण टक्कर हो गई। एयरबैग खुलने से कार चालक अरुण सिंह और उनके पिता संजीत सिंह बाल-बाल बच गए। जबकि कार सवार अरुण सिंह की मां सर्वेश देवी एवं पत्नी ममतेश देवी घायल हो गईं। इस दुर्घटना में सांड का अगला पैर टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सास व बहू को उपचार के लिए जसपुर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

### मदन राणा को धमकी

**अफजलगढ़।** ग्राम मुरलीवाला निवासी किसान नेता मदन सिंह राणा ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि चार अगस्त की शाम करीब सवा चार बजे पीड़ित अफजलगढ़ आ रहा था। तभी मुरलीवाला गेट पर पहले से बैठे परवीन पुत्र मदन सिंह ने उसे देखते ही गाली गलौच शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित जब घटना की जानकारी पुलिस को देना पहुंचा, तो आरोपी परवीन सिंह की उसके मोबाइल नम्बर पर कॉल आ गई और 6 मिनट 40 सेकेण्ड बात करता रहा। फिर से गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने बताया कि उसके परिवार को आरोपी परवीन सिंह से जानमाल व इज्जत का खतरा है। भविष्य में आरोपी घटना कर सकता है। थानाध्यक्ष सुमित राठी ने किसान नेता मदन सिंह राणा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की।

### हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन



**नगीना।** विद्या भारती के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्राओं ने फल बेचने वालों व रिक्शा चलाने वालों को राखी बांध कर मिठाई खिलाई। बैंक में उपस्थित पुलिसकर्मियों को भी राखी बांधी गई। बैंक प्रबंधक जितेन्द्र कुमार ने आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर नगर कार्यवाह अनमोल कंसल, प्रधानाचार्य महेश सिंह और संदीप मल्होत्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान आदि मौजूद थे।

### छात्राओं ने एसपी को बांधी राखी



**नजीबाबाद।** एकल विद्यालय संगठन की छात्राओं द्वारा पुलिस लाइन, बिजनौर पहुंच कर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक आदि को राखी बांधी गई । पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने उनकी सुरक्षा के प्रति भी आश्वस्त किया।

### ब्लॉक प्रमुख तपराज को बांधी राखी



**नजीबाबाद।** द्रोणा इंटरनेशनल एकेडमी के बच्चों ने ब्लॉक कार्यालय पहुंच कर ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल को राखी बांधी। स्कूली बच्चों ने स्वयं से राखी बनाई। द्रोणा इंटरनेशनल एकेडमी में हर साल राखी मैकिंग प्रतियोगिता होती थी, लेकिन इस बार अवकाश की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल ने कहा कि स्वयं से राखी बना कर बांधना आपकी स्किल को बढ़ाता है तथा इसमें स्नेह और बढ़ गया है। एड. ब्रजराज देवाल ने कहा कि वो इस पावन पर्व को सुरक्षित तरीके से बनाएं। एकेडमी के डायरेक्टर वसीम बख्श ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख का लगाव स्कूली बच्चों से हमेशा से रहा है, वो हमेशा विभिन्न कार्यक्रमों में स्कूल में आते रहते हैं। स्कूली बच्चों में शगुन गुप्ता, असना, फरहा, अक्सा, प्रथा, वाणी तथा स्टाफ में राहुल चौहान, मीना, सना, प्राची आदि शामिल थी।

## एक नजर

### बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा



**अफजलगढ़।** डीएम के निर्देश पर तहसीलदार धनराज कुमार ने राजस्व विभाग की टीम के साथ ब्लॉक क्षेत्र के कई ग्रामों व नगर में बाढ़ प्रभावित स्थानों का दौरा किया। उन्होंने नुकसान का जायजा लिया। तहस. ीलदार ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर जल्द ही मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। तहसीलदार ने बताया कि बाढ़ व भारी वर्षा से गिरे मकान स्वामियों को आर्थिक मदद की जायेगी तथा फसलों के हुए नुकसान का तत्काल आंकलन करते हुए उसकी सूचना उपलब्ध करने के निर्देश दिए।

### द हैजलमून में मनाया रक्षा बंधन का पर्व



**चांदपुर।** स्थानीय द हैजलमून स्कूल के बच्चों ने सनातन धर्म का पवित्र भाई बहन के प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन के पर्व अत्यंत ही उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर द हेजलमून स्कूल की छात्राओं ने कोतवाली चांदपुर में पहुंचकर जनता की सेवा में लगे थाना अध्यक्ष संजय कुमार तोमर व राहुल कुमार शर्मा, राहुल कश्यप, गौतम कुमार, प्रिंस कुमार, पुलिस कर्मियों के हाथों में राखी बांधकर मुह मीठा कराया तथा अपनी रक्षा का वचन लिया। इस पुनीत अवसर पर थाना अध्यक्ष ने छोटी बच्चियों से राखी बंधवा कर उन्हें आशीर्वाद देकर चॉकलेट गिफ्ट मे दी। इस मौके पर छात्राओं में अदविका, रुद्राक्षी, पूर्वी, कनुप्रिया, आरोही, हुरैन, अध्यापिकाओं में तनु शर्मा, अर्चना सिरोही, हर्षित गोयल, ओमकार प्रधान, विपिन कुमार मौजूद रहे। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी वीरेन्द्र राजपूत ने भी वहाँ पहुंचकर बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया और रखी बंधवाई।

### गुलदार को पकड़ने का प्रयास

**अफजलगढ़।** वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाकर व ड्रोन कैमरे की मदद से गुलदार को पकड़ने का प्रयास शुरू कर दिया गया है। गुलदार अब तक दो महिलाओं की जान ले चुका है। जबकि ग्राम भिक्कवाला में गुलदार के हमले में मारी गई पूनम देवी का शव पीएम के बाद पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बृहस्पतिवार को पशुओं का चारा लेने गई पूनम देवी को गुलदार ने मौत के घाट उतार दिया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि गुलदार किसानों के ऊपर हमला कर उन्हें घायल कर रहा है। लेकिन वन विभाग द्वारा क्षेत्र में गश्त नहीं की जा रही है।

### बीसीए प्रथम वर्ष का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा बीसीए प्रथम वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर डिग्री कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा अंजलि सिंह थौलिया ने 78.29 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, प्राची व यशस्वी ने 77.43 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एंव खुशी चौधरी ने 76.86 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रही।

# लकड़ी माफियाओं व वनकर्मियों की साठगांठ

## प्राकृतिक आपदा में मार रहे मौज



**शेख मौहम्मद युसूफ**

**अफजलगढ़।** प्राकृतिक आपदा लकड़ी माफियाओं के लिए सोने की चिड़िया बन कर आई है।

मूसलाधार वर्षा के कारण जहां आमजन को भारी हानि उठानी पड़ रही है। कई गरीबों के आशियाने गिर गए है। वहीं भ्रष्ट वन कर्मियों की मिली भगत से लकड़ी माफियाओं ने प्राकृतिक आपदा में गिरे सरकारी वृक्षों की लाखों रुपए की लकड़ी काटकर बेंच दी है। सरकारी संपत्ति वानिकी विभाग या वन विभाग के लॉन्ग (पड़ाव) पर न जाकर निजी ठेकेदारों की टाल या पड़ाव पर बेच दिया गया। योगी सरकार में भ्रष्ट कर्मचारियों व अधिकारियों का यह आलम है कि कोई पुरसाने हाल नहीं है। सूत्रों की माने तो एक वन दारोगा के लकड़ी माफियाओं से घनिष्ठ संबंध बताए जाते हैं। वह वानिकी विभाग की सुरक्षा न कर हरेवली मार्ग पर लकड़ी माफियाओं के पड़ाव पर बैठा रहता है।

## पानी के तेज बहाव में बहे स्कूटी सवार युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश और जलभराव ने एक और जिंदगी छीन ली।

ग्राम किवाड़ जयरामपुर निवासी नीतू (35) पुत्र बृजनंदन त्यागी शुक्रवार को अपनी स्कूटी से गांव लौट रहे थे। रास्ते में जलभराव वाले एक हिस्से से स्कूटी निकालते समय अचानक तेज पानी के बहाव में वह संतुलन खो बैठे और पानी में बह गए आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से नीतू को पानी से बाहर निकाला। उस समय उनकी सां. सें चल रही थीं। पुलिस तुरंत उन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से गांव और परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण गांव और आस-पास के मार्गों पर जलभराव बना हुआ है, जिससे आवा. जाही में भारी दिक्कत हो रही है। लोग प्रशासन से जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग कर रहे है।

## स्योहारा चीनी मिल ने की बाढ़ पीड़ितों की मदद



**स्योहारा।** मिल गेट के अंतर्गत आने वाले ग्राम रफैतपुर और काजीपुरा इस समय बाढ़ के पानी से पूरी तरह प्रभावित हैं। लोगों के घरों में पानी घुस चुका है, जिससे सामान्य जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ऐसे कठिन समय में स्योहारा चीनी मिल प्रशासन ने एक बार फिर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए राहत खाद्य सामग्री का वितरण किया। चीनी मिल की ओर से समय-समय पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे नगर और आसपास के सैकड़ों लोगों को चिकित्सा सुविधाएं मिल रही हैं। ग्रामीणों ने मिल प्रशासन के इस मानवीय प्रयास की सराहना की है। इस मौके पर अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह ने कहा कि स्योहारा चीनी मिल केवल गन्ना और चीनी तक सीमित नहीं है बल्कि यह क्षेत्र के लोगों की हर सुख-दुख में साथी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, मिल प्रशासन बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ा रहेगा। ग्रामीणों ने बताया कि सुखबीर सिंह हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहकर मदद करने वाले व्यक्तित्व के धनी हैं और किसी भी संकट की घड़ी में तुरंत सहायता पहुँचाते हैं। राहत वितरण कार्यक्रम में अधिशासी उपाध्यक्ष सुनील सिंह, उपाध्यक्ष गन्ना प्रमोद सिंह उपाध्याय, गन्ना विकास अधिकारी अरविंद सिंह सहित अन्य अधिकारीगण और सामाजिक कार्यकर्ता राजेश एडवोकेट मौजूद रहे। सभी ने मिलकर बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री सौंपी और हालचाल लिया।

# सभी बाढ़ पीड़ितों तक नहीं पहुंच रही राहत सामग्री

## बैराज मार्ग बंद होने से भारी नुकसान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में हालात नहीं सुधर रहे है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को देखने के लिए अधिकारियों का दौरा चल रहा है और फोटो खिंचवाए जा रहे है। लेकिन सभी बाढ़ पीड़ितों व जल भराव वाले क्षेत्रों में राहत सामग्री नहीं पहुंच पा रही है।

जनपद के हालात बद से बदत्तर हालत में है। बैराज मार्ग सहित जनपद के कई मार्ग पानी आने की वजह से बंद कर दिए गए है। बैराज मार्ग बंद होने की वजह से व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। अगर बिजनौर से मेरठ का रेल मार्ग होता, तो यह नुकसान नहीं हो पाता। लेकिन नेता झूठ बोलते है और आज तक रेलवे ट्रैक नहीं बन पाया है। खादर क्षेत्र में पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों के सामने भोजन, शुद्ध पानी व पशुओं के चारे की समस्या सबसे ज्यादा है। बारिश की वजह से जनपद की ज्यादातर सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी है। मोटा कमीशन खा कर बनाई गई सड़कें दम तोड़ रही है। कोई भी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में जाकर बाढ़ प्रभावितों की मदद नहीं कर रहा है। जनप्रतिनिधि इस आपदा के दौरान अज्ञात वास में चले गए है। जनपद की जो मौजूदा स्थिति है, उसे किसी भी कीमत पर अच्छा नहीं कहा जा सकता है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धराली आपदा...**

लगभग 400 लोगों को निकाला था। शुक्रवार को भी करीब 300 लोगों को निकालने का टारगेट पूरा होने की उम्मीद है। आपदा पीड़ितों को राहत एवं खाद्य सामग्री भी वितरित की जा रही है। बताया कि पीड़ितों की हर संभव मदद की जा रही है। आपदा क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के अलावा सेना ने भी अपना हेल्थ कैंप लगाया हैं। उत्तरकाशी जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि और संपत्ति के नुकसान का आंकलन जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़कों की मरम्मत का काम जारी है।

**रूस ने थामा...**

ऑर्डर पर साइन कर भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और बढ़ा दिया है, जो 27 अगस्त से लागू होगा। अमेरिका में भी ट्रम्प के इस कदम की आलोचना हो रही है। हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के डेमोक्रेट्स ने चेतावनी दी कि यह कदम भारत-अमेरिका संबंधों को नुकसान पहुंचा सकता है। कमेटी के मेंबर ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि ट्रम्प का यह टैरिफ फैसला भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को कमजोर कर सकता है। इधर, अमेरिकी विदेश विभाग ने 7 अगस्त की रात जारी बयान में भारत को एक रणनीतिक साझेदार बताया। मंत्रालय के प्रवक्ता टामी पिगाट ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ स्पष्ट और खुली बातचीत कर रहा है, भले ही टैरिफ विवाद के चलते दोनों देशों के संबंधों में तनाव बना हुआ है। टामी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार असंतुलन और रूसी तेल की खरीद को लेकर अपनी चिंताएं बहुत स्पष्ट तरीके से जाहिर की हैं। साथ ही सीधी कार्रवाई (भारत पर टैरिफ) भी की है। टामी ने मतभेदों को सीधे संवाद के जरिए सुलझाने की बात भी कही है। भारत-अमेरिका के बीच बाइलैटरल ट्रेड एग्रीमेंट (बीटीए) पर अब तक 5 राउंड बातचीत हुई है। छठे राउंड की चर्चा के लिए 25 अगस्त को अमेरिकी अधिकारियों को भारत आना था। अब ट्रम्प के बयान के बाद इस बातचीत को लेकर स्थिति साफ नहीं है। दोनों देश सितम्बर- अक्टूबर तक ट्रेड एग्रिमेंट्स के पहले चरण को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके साथ ही एक अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट की संभावना भी तलाशी जा रही है। ट्रेड डील को लेकर वार्ता का पिछला राउंड वाशिंगटन में हुआ था।

**सुप्रीम कोर्ट की...**


न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्देश दिया और राज्य सरकार की ओर से जारी अध्यादेश के माध्यम से इसी तरह की समिति गठित करने पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने हालांकि याचिकाकर्ताओं को उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश-2025 की वैधता को चुनौती देने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय जाने की अनुमति दे दी। पीठ ने कहा कि हम अपनी समन्वय पीठ द्वारा दिए गए आदेश के उस हिस्से को संशोधित करेंगे जो याचिकाकर्ताओं को प्रभावित करेगा। साथ ही हम उन्हें अध्यादेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय जाने की अनुमति देंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस बीच प्रबंधन का नेतृत्व करने के लिए एक समिति का गठन करेगी और इस संबंध में विस्तृत आदेश शनिवार तक (शीर्ष अदालत की बेवसाइट पर) अपलोड कर दी जाएगी। पीठ ने कहा कि अध्यादेश (राज्य सरकार का) के अनुसार समिति का गठन स्थगित रखा जाएगा।ह उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज के अनुरोध पर पीठ ने अध्यादेश पारित करने पर सवाल उठाने वाली उच्च न्यायालय की टिप्पणियों पर रोक लगा दी।

**मोदी वोट चुराकर...**

बेशकीमती है और चुनाव आयोग को इसकी प्रतिष्ठा के लिए पांच सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ा सवाल यह है कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि वीडियो और सीसीटीवी के सबूत क्यों और किसके कहने पर मिटाए जा रहे हैं। सवाल है कि आयोग क्या भाजपा का एजेंट बनकर काम कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग से पांच सवाल हैं और देश इनका जवाब चाहता है। पहला सवाल है कि विपक्ष को डिजिटल वोटर लिस्ट क्यों नहीं मिल रही। क्या छिपा रहे हो। दूसरा है कि सीसीटीवी और वीडियो सबूत मिटाए जा रहे हैं-क्यों और किसके कहने पर। तीसरा है- फर्जी वोटिंग और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की गई-क्यों। चौथा सवाल विपक्षी नेताओं को क्यों डराया धमकाया जा रहा है और पांचवा सवाल-साफ-साफ बताओ- क्या भारत का चुनाव आयोग अब भाजपा का एजेंट बन चुका है। उन्होंने कहा कि आयोग को समझना चाहिए कि भारत का लोकतंत्र बेशकीमती है - इसकी चोरी का अंजाम बहुत भयानक होगा। अब जनता बोल रही है-बहुत हुआ।

# मैंने पुस्तकों पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि उन्होंने कभी भी किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नही लगाया है और ना भविष्य में कभी ऐसा करेंगे। वह कल रात एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उनसे 'पुस्तकों पर लगाए गए प्रतिबंध हटाने' का आग्रह किया गया था।

उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ही प्रशंसित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लेखकों की 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध लगाया है। सोशल मीडिया पर सक्रिय एक इंटरनेट उपयोगकर्ता ने अब्दुल्ला को टैग करते हुए लिखा किताबों से प्रतिबंध हटाओ। जिंदगी भर तुम किताबों से डरने वाले कायर के रूप में जाने जाओगे। किताबों पर से प्रतिबंध हटाओ। इस पर अपनी प्रतिक्रिया में श्री अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने कभी भी पुस्तकों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और न ही कभी लगाएंगे। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर लिखा मुझे कायर कहने से पहले अपने तथ्य ठीक कर लो, तुम अज्ञानी हो। यह प्रतिबंध उप राज्यपाल ने अपने एकमात्र आधिकारिक नियंत्रण वाले विभाग- गृह विभाग का इस्तेमाल करके लगाया है। मैंने कभी किताबों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और न ही कभी लगाऊंगा।

गौरतलब है कि पांच अगस्त को उप राज्यपाल प्रशासन ने कश्मीर पर लिखी 25 किताबों को यह कहते हुए जब्त कर लिया कि वे जम्मू-कश्मीर के बारे में झूठे आख्यान और अलगाववाद का प्रचार करती हैं। प्रतिबंधित पुस्तकों में प्रसिद्ध संविधान विशेषज्ञ ए जी नूरानी की 'द कश्मीर डिस्प्यूट 914-2012', सुमंत्र बोस की 'कश्मीर एट क्रॉसरोड्स' और 'कॉन्टेस्टेड लैंड्स', डेविड देवदास की 'इन सर्च ऑफ फ्यूचर- द कश्मीर स्टोरी', अरुंधति रॉय की 'आज़ादी' और अनुराधा भसीन की 'ये डिसमेंटल्ड स्टेट- द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ कश्मीर आफ्टर आर्टिकल 370' शामिल हैं। इस बीच जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कल कश्मीर घाटी में किताबों की दुकानों से प्रतिबंधित पुस्तकों को जब्त करने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रेमी युगल पर जानलेवा हमला

## दो की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पंचायत के फरमान को दरकिनार करते हुए आठ साल बाद घर वापस लोटे प्रेमी युगल दंपति को देख कर पूर्व पति के परिवार के सदस्यों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। जिसमें गुलशन सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर दी है।



प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम तुराबनगर में आज सुबह करीब दस बजे दो पक्षों के बीच पुराने मामले को लेकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान अफरा-तफरी मच गई। पूर्व प्रधान अबरार अंसारी की बाईक तोड़ दी गई और गुलशन पत्नी शादाब आलम, सदब पुत्री शादाब आलम व शादाब की मां हाशमी घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से गुलशन व सदब को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक करीब आठ वर्ष पूर्व शराफत की पत्नी गुलशन प्रेम प्रसंग के चलते शादाब आलम के साथ चली गई थी। इसके बाद ग्राम में पंचायत हुई थी और शराफत ने गुलशन को तलाक दे दिया था। गुलशन ने शादाब आलम से निकाह कर लिया था। पंचायत में फैसला हुआ कि गुलशन व शादाब ग्राम में नहीं रहेंगे। वह उस समय गांव से चले गए थे। आठ वर्ष बाद करीब 10 दिन पूर्व गुलशन व शादाब आलम ग्राम तुराबनगर लौट आए थे। जिसको लेकर आज शराफत पक्ष ने उनके ग्राम में लौटने का विरोध किया था और इसी मामले को लेकर दोबारा से शुक्रवार को पंचायत होने जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान शराफत पक्ष ने उनके घर में घुसकर मारपीट कर दी।

मारपीट में गुलशन, उसकी पुत्री सदब व सास हाशमी घायल हो गई। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से गुलशन व सदब को जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

उधर दूसरे पक्ष ने भी आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले की तहरीर प्राप्त हो चुकी है और जांच की जा रही है।

# शेरकोट में जावेद अली का जोरदार स्वागत

## पगड़ी बांध कर विधानसभा चुनाव लड़ाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आसपा के जिला संगठन मंत्री एवं धामपुर विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी जावेद अली का शेरकोट में जोरदार स्वागत किया गया। पगड़ी बांध कर उन्हें विधानसभा चुनाव लड़ाने का संकल्प लिया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार शेरकोट के मौहल्ला समना सराय में आजाद समाज पार्टी की सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में दलित व मुस्लिम समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। सभा में धामपुर विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी जावेद अली को पगड़ी पहनाई गई। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें धामपुर से विधायक बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि धामपुर विधानसभा क्षेत्र का विकास सिर्फ जावेद अली ही करा सकते है। उनके साथ सर्वसमाज के मतदाता है। वह ग्रामों के साथ-साथ कस्बों की समस्याओं से वाकिफ है। दूसरे नेताओं को आजमा लिया गया है। सभी ने अपना भला किया है। वह शानदार कोठियों में रहते है और लग्जरी गाड़ियों में घूमते है। उनके पास बेशुमार दौलत है। इन नेताओं ने अपने परिवारों का भला करने के अलावा कुछ नहीं किया है।

जावेद अली ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर वह विधायक बनते है, तो क्षेत्र का विकास किसे कहते है, यह कर के दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरे साथ दलितों व मुस्लिमों के साथ-साथ सर्वसमाज का वोट है। उन्होंने कहा कि धामपुर विधानसभा क्षेत्र से सिर्फ आजाद समाज पार्टी ही जीत दर्ज कर सकती है।

उन्होंने कहा कि वह धोखा देने पर विश्वास नहीं करते है। वह न तो पूंजीपति है और न ही पूंजीपतियों के हाथों का खिलौना है। उन्होंने कहा कि अवाम का प्यार ही उनकी पूंजी है। उन्होंने कहा कि धामपुर विधानसभा क्षेत्र समस्याओं से घिरा हुआ है। कही पर बाढ़ आ रही है और घरों में पानी घुसा हुआ है। जबकि कही पर ग्रामीण कीचड़ में चलने को मजबूर है।

इस मौके पर विशाल गौतम, सलमान हसन, मनोज कुमार, सतीश कुमार, अशोक कुमार, सुशील, रोहित, सुमित कुमार, कपिल कुमार, शिवा गौतम, मुकीम कुरैशी, सरदार ख्वाजा, आरिफ ख्वाजा, खुर्शीद, रईस खान, इमरान, नदीम, मतीन, फरहान, युनूस अंसारी, वसीम चौधरी, मतीन आदि मौजूद थे। सभा का आयोजन मुम्तियाज के द्वारा किया गया।

## जलभराव में नहाने गए किशोर की डूबकर मौत

**धामपुर।** लगातार हो रही बारिश से शहर में जलभराव की समस्या अब जानलेवा होती जा रही है। शुक्रवार को धामपुर के मोहल्ला नई सराय में गहरे पानी में नहाने गए 14 वर्षीय खुबाब पुत्र रईस अहमद की डूबने से मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बारिश रुकने के बाद मोहल्ले में एक स्थान पर पानी का गहरा गड्ढा बन गया था। कुछ बच्चे वहां नहाने पहुंचे थे। नहाते समय खुबाब का पैर फिसल गया और वह अचानक गहराई में चला गया। आसपास मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और नजदीकी डॉक्टर के पास ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।

घटना से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले का माहौल गमगीन हो गया।

# नहटौर में प्रशासन को चुनौती दे रहा प्रिंस

## पालिका प्रशासन के नोटिस के बावजूद जर्जर भवन में लगा रहा साप्ताहिक बाजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पालिका प्रशासन व पुलिस की कार्यवाही के बावजूद फहद उर्फ प्रिंस मुख्य मार्ग पर जर्जर भवन में साप्ताहिक बाजार लगा रहा है। यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। गंभीर बात यह है कि पुलिस प्रिंस को गिरफ्तार नहीं कर रही है। आखिरकार योगी सरकार में भी उसका ऐसा दुस्साहस कैसे हो गया, जो वह थाने के समीप ही कानून को ताक पर रख रहा है। इस मामले में पुलिस कर्मियों की भूमिका भी जांच का विषय है।





प्राप्त समाचार के अनुसार नगर पालिका परिषद द्वारा एचएमआई इंटर कॉलेज के सामने स्टेट हाइवे के किनारे प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को शानदार मार्केट नाम से लगने वाले साप्ताहिक बाजार के भवन को जांच में जर्जर पाते हुए तथा रोड पर जाम एवं दुर्घटनाओं के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी धामपुर के दिशा निर्देशों के अधीन संचालन करने पर रोक लगा दी गई थी। इस आदेश को बाजार स्वामी फहद उर्फ प्रिंस द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में चुनौती दी गई थी। किंतु वहां से भी वादी को कोई राहत नहीं मिली और याचिका में अगली तारीख 28 अगस्त निर्धारित है। किंतु आज आदेशों की अवहेलना करते हुए खुलेआम साप्ताहिक बाजार संचालित किया गया। जिससे मार्ग पर भी जाम लग गया और हादसे की संभावना भी बढ़ गई।

गौरतलब है कि जनपद में मूसलाधार बारिश के अलर्ट तथा विभिन्न स्थानों पर मकानों के गिरने व जनहानि होने की संभावना के बावजूद भी प्रशासन शायद किसी बड़े हादसे के इंतजार में है। अहम बात यह है कि जिस जर्जर भवन में साप्ताहिक बाजार लगाया गया, वह थाने के समीप ही है। लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंच कर न तो बाजार संचालक को दबोचा और न ही बाजार बंद कराया। बाजार में बड़ी संख्या में गरीब ग्रामीण आते हैं। जिनमें से ज्यादातर महिलाएं होती है। कभी भी यहां पर वह हादसे का शिकार बन सकती है।

### एक नजर

## युवक के गांगन नदी में कूदने से हड़कंप

**नहटौर।** गांव मलकपुर निवासी दलपत के 28 वर्षीय पुत्र शुभम ने शराब पी रखी थी। जिस पर परिवार के लोगों ने उसके शराब पीने का विरोध किया। इसी से क्षुब्ध होकर उसने पास में ही बहने वाली गांगन नदी में छलांग लगा दी, जिसको देखकर हड़कंप मच गया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण नदी पर पहुंच गए और उसकी तलाश शुरू की। बताया जाता है कि युवक नदी से निकलकर दूसरी ओर पहुंच गया। करीब तीन घंटे तक उसकी तलाश की गई। बाद में युवक खुद ही गांगन नदी से गन्ना क्रय के पास निकल कर आ गया और ग्रामीणों को आता देख ईख के खेत में घुस गया। पुलिस भी मौके पर पहुंची। युवक तैरना जानता है।

## भाकियू की सभा आयोजित



**बिजनौर।** धामपुर क्षेत्र के ग्राम गजुपुरा में नरदेव सिंह के आवास पर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक कुमार की अध्यक्षता तथा कविराज सिंह के संचालन में किसानों की सभा हुई । जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान, युवा जिलाध्यक्ष सरदार मनप्रीत सिंह व प्रदेश महासचिव ठाकुर रामौतार सिंह का ग्रामीणों ने स्वागत किया। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि जनपद में बाढ़ के हालात हैं । किसानों की फसलें डूब रही हैं। बाढ़ से निपटने के लिए जो पैसा आता है, उसकी बंदरबांट हो जाती है। उन्होंने किसानों से 13 अगस्त को अधिक से अधिक संख्या में अपने ट्रैक्टरों के साथ बिजनौर पहुंचने का आह्वान किया। सभा में मास्टर विजयपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, अमरपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, देवराज सिंह, शुभम चौधरी, आकाश चौधरी, सौरभ काकरान, राजेंद्र सिंह, प्रधान इन्द्रवीर सिंह, अजय सिंह, हमीद प्रधान, रामकुमार सिंह, हरिराज सिंह, ठाकुर महिपाल सिंह, योगेन्द्र पाल सिंह, रिंकू चौहान, हरिराज सिंह, तारा सिंह, अमित कुमार, विशाल डबास, हिमांशु कुमार, धर्मपाल सिंह, अनूप चौहान आदि उपस्थित रहे ।

## नूरपुर में जाम ही जाम



**नूरपुर।** पुलिस की लापरवाही से रक्षाबंधन से पूर्व नगर में चारों तरफ जाम लग गया। राहगीरों का पैदल निकलना मुश्किल हो गया है। शिव मंदिर चौराहा, मुरादाबाद रोड व चांदपुर तिराहे पर अक्सर जाम लगा रहता है। राहगीरों को पैदल बुध बाजार में सामान खरीदने के लिए बड़ी मुश्किल से रोड पार करना पड़ता है। ई-रिक्शा से भी जाम की स्थिति बनी रहती है। मुरादाबाद रोड पर कम से कम एक किलोमीटर दूर जाम लगा हुआ था। जाम से मरीजों को लेकर जा रही एम्बुलेंस भी फंस गई। पुलिस का इस तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। प्रभारी निरीक्षक एवं कस्बा इंचार्ज विभागीय कार्य में व्यस्त रहते हैं। केवल होमगार्ड के भरोसे यातायात व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जाता है। व्यवस्था चल रही यातायात व्यवस्था चौपट हो गई है। यातायात पुलिसकर्मी मोटरसाइकिल वालों के चालान काटने में व्यस्त हैं। उन्हें जाम लगने से कोई मतलब नहीं है।

## खुर्शीद मंसूरी ने दी सांत्वना



**नजीबाबाद।** ग्राम श्यामीवाला में बीती रात बदमाशों द्वारा अशोक कुमार की हत्या कर दी गई। आजाद समाज पार्टी के मंडल अध्यक्ष व साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने परिजनों से मिल कर घटना की जानक. ारी ली। पीड़ित परिवार का दुख बांटने का प्रयास किया और हर संभव सहायता का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि यह एक बेहद निंदनीय और चिंताजनक घटना है। खुर्शीद मंसूरी द्वारा पुलिस प्रशासन से मांग की गई कि जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।

# बारिश के बीच ट्रांसफार्मर फटा

## धमाके से मचा हड़कंप, समय रहते विद्युत आपूर्ति बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शहर में शुक्रवार को नगीना चौक स्थित यूरेशिया रिसोर्ट के बाहर एक बड़ा हादसा टल गया। यहां लगा बिजली का ट्रांसफार्मर अचानक जोरदार धमाके के साथ फट गया। आसपास मौजूद लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे। गनीमत रही कि उस समय कोई व्यक्ति ट्रांसफार्मर के पास नहीं था, वरना हादसा गंभीर हो सकता था।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अचानक ट्रांसफार्मर में तेज धमाका हो गया। ट्रांसफार्मर में तेज चिंगारियां उठीं और देखते ही देखते आग की लपटें निकलने लगीं। ट्रांसफार्मर में भरा तेल नीचे गिरने लगा, जिससे आग फैलने की आशंका और बढ़ गई। अचानक जोरदार धमाका हुआ और ट्रांसफार्मर फट गया।

धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के लोग सहम गए। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने तत्काल विद्युत विभाग को इसकी सूचना दी। खबर मिलते ही विभाग ने फुर्ती दिखाते हुए पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति बंद कर दी, जिससे करंट फैलने या आग लगने जैसी किसी भी अनहोनी से बचा जा सका।

इसी बीच धुएं के बीच लोग घटनास्थल से दूर खड़े होकर ट्रांसफार्मर की आग को देख रहे थे। जब तक विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे, ट्रांसफार्मर के कई पुर्जे पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुके थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया और मरम्मत के जरिए बिजली आपूर्ति बहाल करने का काम शुरू किया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड एवं बरसात का पानी आने के कारण यह हादसा हुआ है। लेकिन बिजली विभाग की ओर से समय पर सुरक्षा इंतजाम नहीं किए जाते। उन्होंने मांग की कि बारिश के मौसम में ट्रांसफार्मरों को पानी से बचाने के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं और समय-समय पर इनका मेंटेनेंस किया जाए, ताकि इस तरह की घटनाएं न हों।

वहीं, बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण तकनीकी खराबी आना आम बात है, लेकिन समय रहते बिजली बंद कर देने से इस बार बड़ा हादसा टल गया। उन्होंने यह भी कहा कि क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को जल्द बदलकर इलाके की बिजली व्यवस्था सामान्य कर दी जाएगी।

# ट्रैक्टर पर बैठकर बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचीं एसडीएम, समस्याएं सुनीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में जलभराव और दुश्वारियों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को उपजिलाधिकारी रितु रानी ने एक अलग ही अंदाज में दौरा किया। सामान्यत: अधिकारी जीप या सरकारी गाड़ियों से दौरा करते हैं, लेकिन एसडीएम रितु रानी ट्रैक्टर पर बैठकर सीधे जलमग्न गलियों और खेतों में पहुंचीं। ग्रामीणों ने उन्हें इस तरह अपने बीच पाकर खुशी जताई और उनके जमीनी रुख की सराहना की।

एसडीएम के साथ ब्लॉक विकास अधिकारी नहटौर, सीएचसी के चिकित्सक, कानूनगो, लेखपाल और संबंधित ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे। टीम ने अकबरपुर गारव, सिजोली, सिजोला, साहनपुर और नवादा गांवों का निरीक्षण किया। इन इलाकों में कई घरों और रास्तों में अभी भी घुटनों से लेकर कमर तक पानी भरा है, जिससे लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित है।

### स्वास्थ्य विभाग ने 212 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

दौरे के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव के कारण आवागमन बाधित है, पशुओं के चारे और पीने के साफ पानी की भारी कमी है। इस पर एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर स्तर पर उनकी मदद करेगा और समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को तत्काल निर्देश दिए जाएंगे।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर 212 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक दवाएं वितरित कीं। बरसाती बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को सावधानियां बरतने की भी सलाह दी गई।

एसडीएम रितु रानी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि प्रभावित परिवारों को समय पर राहत सामग्री, चिकित्सीय सुविधा और जरूरी मदद मिले। उन्होंने जल निक. ासी कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने महिला एसडीएम के इस जमीनी और संवेदनशील रवैये की खुलकर प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि इस दौरे से उनकी समस्याओं के स्थायी समाधान का रास्ता खुलेगा।

# धामपुर में इकडा नदी का उफान, हालात बदतर

## चेयरमैन व ईओ का दफ्तर डूबा, मोहल्लों में जलभराव, पीने के पानी तक के लाले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** इकड़ा नदी के उफान और लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने धामपुर नगर की तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। चार दिनों से जलभराव के संकट से जूझ रहे नगरवासी अभी राहत की उम्मीद भी नहीं कर पाए थे कि शुक्रवार को रक्षाबंधन से एक दिन पहले दोपहर करीब दो घंटे तक हुई तेज बारिश ने हालात को और भी भयावह बना दिया। बादलों ने जैसे पूरा बांध खोल दिया हो, आसमान से गिरती मूसलाधार बूंदों ने देखते ही देखते गलियों को नालों और सड़कों को दरिया में बदल दिया।









तेज पानी का बहाव नगर के बीचों-बीच से होकर चेयरमैन रवि चौधरी के कार्यालय और अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला के आवास तक पहुंच गया। दफ्तर और आवास परिसर में घुटनों से ऊपर तक पानी भर गया, जिससे प्रशासनिक कामकाज ठप पड़ गया। न केवल प्रशासनिक भवन, बल्कि नगर के कई पुराने और घनी आबादी वाले मोहल्लोंख्रदर्जियान, स्टेट बैंक कॉलोनी, पहाड़ी दरवाजा, पंजाबी कॉलोनी और स्टेशन रोड में पानी कमर तक पहुंच गया। लोग घरों में कैद होकर रह गए, तो कुछ ने जरूरी सामान सिर पर रखकर सुरक्षित जगहों की ओर रुख किया।

पहाड़ी दरवाजे पर पानी का स्तर इतना बढ़ गया कि एक ई-रिक्शा बीच पानी में फंस गया। आसपास मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। पानी की तेज धार और गहराई के कारण थोड़ी सी चूक भी बड़े हादसे में बदल सकती थी। जिन क्षेत्रों से पिछले तीन दिनों में पानी उतरना शुरू हुआ था, वहां भी शुक्रवार की बारिश ने हालात बिगाड़ दिए। जगह-जगह कीचड़, गंदगी और गोबर का अंबार लग गया है, जिससे बदबू फैलने लगी है और संक्रामक रोग फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

नगर के चार प्रमुख ट्यूबवेल जलभराव के कारण बंद हो गए हैं। इससे पीने के पानी की भारी किल्लत पैदा हो गई है। लोग पीने का साफ पानी खरीदने को मजबूर हैं, जबकि गरीब तबका घंटों टैंकर का इंतजार कर रहा है। नगर पालिका ने राहत के तौर पर मोहल्लों में पानी के टैंकर भेजना शुरू किया है, लेकिन यह जरूरत के मुकाबले बेहद कम है।

जलभराव के चलते लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुकी है। गरीब तबका, जिसमें रिक्शा चालक, ठेला लगाने वाले और मजदूर शामिल हैं, पानी से होकर ही रोजी-रोटी की तलाश में निकल रहे हैं। किसान, अपने और अपने मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था करने को मजबूर हैं। कई जगहों पर किसान सिर पर गठरी भर घास रखकर पानी में से गुजरते दिखे। कुछ इलाकों में तो मवेशी भी पानी में फंसे हुए मिले, जिन्हें निकालने में ग्रामीणों ने घंटों पसीना बहाया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर की जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह फेल साबित हुई है। कई इलाकों में नालियां या तो जाम हैं या उनका मुंह निचले स्थानों पर खुलता है, जहां से पानी वापस गलियों में लौट आता है। पिछले वर्षों में भी बरसात के मौसम में ऐसी स्थिति पैदा हुई थी, लेकिन इस बार हालात कहीं अधिक खराब हैं।

उप जिलाधिकारी रितु रानी ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और कहा कि प्रशासन लगातार राहत कार्य में जुटा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जरूरतमंदों तक हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी और जलभराव को निकालने के लिए पंप लगाए जा रहे हैं। इसके बावजूद नगरवासियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि जब तक जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं होगी, तब तक हर साल बरसात में यही हालात बनते रहेंगे। इस वक्त धामपुर के कई हिस्से ऐसे हैं, जहां बारिश थमने के बावजूद लोग जलभराव के बीच रह रहे हैं। गलियों में सन्नाटा, पानी में डूबी दुकानें, कीचड़ से भरे आंगन और छतों से बाहर झांकते लोग इस बात का सबूत हैं कि बरसात ने नगर को किस हद तक पंगु बना दिया है। बारिश के थमने का इंतजार सबको है, लेकिन जलस्तर कब घटेगा, इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# श्यामीवाला में मजदूर का कत्ल

## रात में घर के अंदर सोने के दौरान चाकू से काटा गला, परिजनों में मचा कोहराम

**डॉ. मुसीफुल हक**

**भागूवाला।** श्यामीवाला में बीती रात दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे ग्राम को गहरे सदमे में डाल दिया। घर में सो रहे मजदूर का गला काट कर बेरहमी से कत्ल कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम श्यामीवाला में बीती रात सनसनीखेज वारदात हुई। मजदूरी कर परिवार का पेट पालने वाले अशोक कुमार (26 वर्ष) पुत्र चंद्रपाल सिंह का अज्ञात कातिलों ने सोते समय गला रेतकर बेरहमी से कत्ल कर दिया। परिजनों के अनुसार अशोक रोजाना की तरह काम से लौटकर घर आया था। उसने भोजन किया और इसके बाद घर में ही सोने चला गया। रात लगभग 12 बजे अज्ञात हमलावर घर में घुसे और धारदार हथियार से उसके गले पर वार कर दिया। हलचल सुनकर परिजन उठे, तो उन्होंने एक शख्स को अंधेरे में भागते हुए देखा, लेकिन वह उसे पहचान नहीं पाए। अशोक की लाश



खून से लथपथ बिस्तर पर पड़ी हुई थी। जबकि हथियार भी मौके पर ही बरामद हुआ। मृतक तीन भाइयों में बीच का था। पिता चंद्रपाल सिंह का कहना है कि हमारा किसी से कोई झगड़ा नहीं था। उन्होंने कहा कि समझ नहीं आ रहा कि बेटे की जान किसने और क्यों ली। घटना की सूचना मिलते ही एसपी अभिषेक झा, एएसपी सिटी संजीव कुमार वाजपेई, क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह,



मंडावली थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह और चौकी इंचार्ज संजय यादव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने साक्ष्य एकत्र किए और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश और भय का माहौल है। पुलिस का कहना है कि कत्ल के पीछे की साजिश और कातिल की पहचान के लिए हर पहलू पर गंभीरता से जांच चल रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एसडीएम रितु रानी का सराहनीय प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** लगातार हो रही बारिश के चलते गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने पर कई ग्रामों में पानी घुस जाने पर एसडीएम धामपुर रितु रानी ने बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा किया। एसडीएम ट्रैक्टर-ट्राली में बैठकर प्रभावित ग्राम तक पहुंची और राहत सामग्री वितरण करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र में गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने पर पानी नदी के किनारे बसे फिरोजपुर, मंडौरी, टपरोला, मुस्सेपुर, जसमोरा, अकबरपुर, सिजौली, हरगनपुर, सहानपुर नवादा आदि ग्रामों में घुस गया। पानी घरों में घुसने पर ग्रामीणों ने जैसे-तैसे रात जाग कर बिताई। आज दोपहर को एसडीएम रितु रानी, बीडीओ प्रताप सिंह व चिकित्सा अधिकारी आशीष आर्य ने बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा किया।

बाढ़ग्रस्त ग्राम सिजौली, सहानपुर नवादा, हरगनपुर आदि में एसडीएम ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर पहुंची और ग्रामीणों से जानकारी ली। एसडीएम रितु रानी ने ग्रामीणों को अपने बच्चों को पानी की ओर नहीं जाने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा राहत सामग्री वितरण करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर कानूनगो ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, विपिन कुमार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

दूसरी तरफ गांगन नदी के पुल के पास तटबंध टूटने पर कराए जा रहे





### ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठकर किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

कार्य का एसडीएम ने स्थलीय निरीक्षण किया और सिंचाई विभाग के अभियंताओं को जल्द से जल्द तटबंध को सही करने के लिए निर्देश दिए।

उधर गांगन नदी का पानी नगर के मौहल्ला छापेग्रान में पहुंच गया था। साथ ही ट्रांसफार्मर तक पानी पहुंचने पर पिछले चार दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। जिसको लेकर मौहल्लेवासी परेशान है। गांगन नदी का पानी नेजो सराय व नौधा के कुछ हिस्सों में भी पहुंच गया है। फिलहाल गांगन नदी के जलस्तर में कुछ कमी देखने को मिली है।

वहीं गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने के दौरान पानी ग्रामों में घुसने पर किसानों के सामने चारे की समस्या पैदा हो गई है। जलभराव होने पर जंगल से चारा नहीं ला पा रहे हैं।

## छोईया नंगली का आरिश हथियार के साथ गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने ग्राम छोईया नंगली (हीमपुर दीपा) के आरिश पुत्र गफ्फार को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी तरफ न्यायालय के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस ने मौहल्ला मिर्दगान निवासी नौशाद पुत्र वहाब को गिरफ्तार किया है। रेहड़ पुलिस ने भी प्रेमनगर के सुरेश, टांडा के जोगेन्द्र, मालोनी के बलदेव, नारायणवाला के दान सिंह, महुआ खेड़ा के दीपक कुमार, भटपुरा के रिंकु, हर्रावाला के जयप्रकाश व निपेन्द्र, जाफराबाद के मोनू सिंह व गेंदा सिंह, अंगदपुर के कावेंद्र व मछमार के राजा को गिरफ्तार किया है।

## मुफ्ती यूनुस के इंतकाल पर याद की गई खिदमात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सर सैयद मैमोरियल जूनियर हाईस्कूल में मुफ्ती यूनुस के इंतकाल पर उनकी मगफिरत की दुआ करते हुए खिदमात को याद किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सर सैयद कौमी तालीमी समिति द्वारा संचालित सर सैयद मैमोरियल जूनियर हाईस्कूल में शहर के मशहूर विद्वान और समाजसेवी मुफ्ती यूनुस के इंतकाल पर सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मौहम्मद शाहिद ने की और संचालन खालिद नौमानी द्वारा किया गया। इसमें प्रबंधक समिति और शिक्षा समिति के सदस्यों के साथ-साथ गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मौहम्मद शाहिद, शुजाउद्दीन, मौहम्मद शरीफ, मौहम्मद शारिक, हाफिज अहमद, तरन्नुम सहित अन्य लोगों ने मुफ्ती यूनुस के इंतकाल पर रंजोगम का इजहार किया। उन्होंने मुफ्ती यूनुस के शैक्षिक, सामाजिक कार्यों और धार्मिक क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए इसे अमूल्य बताया। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने मुफ्ती यूनुस की आत्मा की शांति के लिए दुआ की और उनके परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। शोक सभा में नगर के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया, जिससे मुफ्ती यूनुस के प्रति उनके सम्मान और प्रभाव का पता चलता है।

## नूरपुर में अमरोहा का लुटेरा इरशाद उर्फ नन्हे गिरफ्तार

**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने अमरोहा के मौहल्ला बड़ा दरवार निवासी लुटेरे इरशाद उर्फ नन्हे पुत्र कलवा उर्फ कालू को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादिनी ने 20 मई को थाना नूरपुर में तहरीर दी थी कि वह अपने घर जा रही थी। मुरादाबाद मार्ग पर नूरपुर में मंदिर वाले चौराहे के समीप दो अज्ञात व्यक्ति उसे मिले। उन्होंने बातों में उलझा कर कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके कानों के कुंडल निकाल लिए। दोनों लुटेरे मौके से भाग गए। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के दौरान इरशाद का नाम प्रकाश में आया था। इरशाद ने बताया कि उसके साथ वारदात में अमरोहा का ही मुकीम भी शामिल था। पुलिस ने कुंडल भी बरामद कर लिए है।

## खेतों में पानी, सड़कों पर घूम रहे गुलदार

**नहटौर।** बारिश के दौरान जलभराव होने पर गुलदार सड़कों पर घूमते हुए नजर आ रहे हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्राम मुकर्रमपुर के बारात घर के पास सड़क पर और आम के बाग में गुलदार घूमते हुए दिखाई दिए हैं। ग्राम मंडोरी में गुलदार ने कुछ दिन पूर्व हमला करते हुए कनिका पुत्री रवि को मौत के घाट उतार दिया था। वन विभाग ने इस क्षेत्र में गुलदार को पकड़ने के लिए चार पिंजरे व ट्रैप कैमरे लगाए थे। ग्राम मंडोरी के आसपास जल भराव होने पर गुलदार वहां से हटकर सूखे इलाके में पहुंच गए हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण शांति कुमार, मोनू कुमार, अमन सैनी, धर्मेंद्र, ओमपाल, ऊदल, नवनीत, ताराचंद आदि ने वन विभाग की टीम से गुलदार को पकड़वाए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि पड़ोसी ग्राम में गुलदार एक बालिका को मौत के घाट उतार चुका है। अब गुलदार ग्राम मुकर्रमपुर के आसपास सूखे इलाके में पहुंच गए हैं। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह का कहना है कि ग्रामीण चौकसी बरते। उन्होंने कहा कि ग्राम में पहुंच कर जानकारी कराई जाएगी।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैने अपना नाम NASEEM AHMAD ANSARI से बदलकर NASEEM AHMAD कर लिया है। भविष्य में मुझे NASEEM AHMAD के नाम से जाना पहचाना जाए। **नसीम अहमद पुत्र अब्दुल शकूर निवासी काजी सराय स्ट्रीट, शेरकोट, बिजनौर**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैने अपना नाम MOHAMMAD SHAHVAJ से बदलकर MOHD SHAHBAZ कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHD SHAHBAZ के नाम से जाना पहचाना जाए। **मौ. शहबाज पुत्र मौहम्मद शमशाद निवासी मौहल्ला नौधा, नहटौर, बिजनौर**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैने अपना नाम SHABANA KHATOON से बदलकर SHABANA PARVEEN कर लिया है। भविष्य में मुझे SHABANA PARVEEN के नाम से जाना पहचाना जाए। **शबाना परवीन पत्नी मौहम्मद आदिल निवासी मौहल्ला तकिया गढ़ी पश्चिमी, नहटौर, बिजनौर।**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे दो बच्चे मोहम्मद अरबाब व मोहम्मद जैद सेंट मैरिस स्कूल में पढ़ते हैं। दोनों बच्चों के एडमिशन के टाइम पर मैंने जो जन्म प्रमाण पत्र स्कूल में जमा किये थे, उनमें उनकी माता का नाम निगहत नाज लिखा था जो कि अब दोनों बच्चों के जन्म प्रमाण पत्रों में सही कराकर निगहत जहां करा दिया है। **मोहम्मद असलम पुत्र मोहम्मद मकसूद पता छंगा वाला चौक, मोहल्ला कलालान, थाना नगीना, जिला बिजनौर, यूपी**

### INFORMATION

This is to inform that I Mohd Abdullah Khan has changed name of my son from Mohd Hashir to Mohd Hashir khan, resident of bhuddi, basi kiratpur, distt bijnor.

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र आरिफ गलत संगत में पड़ गया है। विवाहित होते हुए उसने निशा निवासी चांदपुर के प्रेम जाल में फंस कर उससे निकाह कर लिया है। उसकी दोनों पत्नियां मेरे घर में आये दिन झगड़ा व मेरे व मेरे अन्य बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार करती है। झूठे इलजाम लगाती थी। मैंने उक्त तीनों को बहुत समझाया, परन्तु अपनी आदत में सुधार नहीं लाए। तब मैंने इनसे तंग आकर इन्हे करीब 2 साल पहले घर से निकाल दिया था और इनसे अपने सामाजिक संबंध समाप्त कर लिए है। अपनी तमाम चल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आरिफ व उसकी दोनों पत्नियों से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई संबंध वास्ता नहीं रहा। **शमशाद अहमद पुत्र स्व. बुल्ला शाह निवासी मौहल्ला इस्लाम नगर, कस्बा व थाना किरतपुर, जनपद बिजनौर।**

**अदालत सिविल जज (जू.डि.)**
**मुकाम नजीबाबाद, जिला बिजनौर**
**मूलवाद संख्या**- 388/2024

मोबीन अहमद पुत्र स्व. हबीब अहमद मौहल्ला लाडपुरा, किरतपुर, हाल निवासी ए/19 जे.जे. कॉलोनी, हस्तसाल रोड, उत्तमनगर, नई दिल्ली **-वादी**

**बनाम**

1- मौ. सलमान पुत्र स्व. हबीब अहमद निवासी मौहल्ला लाडपुरा, किरतपुर, हाल निवासी C/196-197 थर्ड फ्लोर जे.जे. कॉलोनी हस्तसाल उत्तम नगर निकट शनि बाजार न्यू दिल्ली। 2- शहनाज पुत्री स्व. हबीब अहमद पत्नी शाकिर निवासी मौहल्ला लाडपुरा, कस्बा किरतपुर, जिला बिजनौर। 3- शमीमा पुत्री स्व. हबीब अहमद पत्नी फैजान अहमद निवासी मौहल्ला वाहिद नगर, नजीबाबाद, जिला बिजनौर। 4- समीना पुत्री स्व. हबीब अहमद, 5- श्रीमती जरीना पत्नी स्व. हबीब अहमद निवासीगण मौहल्ला लाडपुरा, किरतपुर, हाल निवासी C/196-197 थर्ड फ्लोर जे.जे. कॉलोनी हस्तसाल उत्तम नगर निकट शनि बाजार न्यू दिल्ली। **-प्रतिवादीगण**

हरगाह वादीगण ने आपके नाम एक नालिश बाबत तकसीम+ निषेधाज्ञा के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 17.08.2025 ई.बाबत 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया गया है और जो कुछ उमूर अहम मुतालिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिस के पास और सख्श हो जो सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे कि आपको लाजिम है उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर बताइये अपना जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते है।

आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक: 17.08.2025
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)**
**नजीबाबाद**

### अदालती सूचना

**आदेशानुसार श्री अंशुमन धुन्ना सिविल जज (सी.डि.), बिजनौर**
**मूलवाद संख्या:- 611/2022**
**नकुल रस्तौगी बनाम मौहम्मद उस्मान आदि**

नकुल रस्तौगी आयु 31 वर्ष पुत्र अनुज कुमार निवासी मौहल्ला रईसान, पोस्ट, कस्बा हल्दौर, परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर **-वादी**

**बनाम**

1. श्रीमती तमन्ना पुत्री मरहूम अहसान पत्नी मौ. शाहिद निवासी कस्बा व पोस्ट राजा का ताजपुर, परगना बूढ़पुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।

2. श्रीमती अनवरी पुत्री मरहूम अहसान पत्नी श्री अहसान रऊफ निवासी मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा, नेजो सराय, पोस्ट, कस्बा धामपुर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

3. श्रीमती रानी पुत्री मरहूम अहसान पत्नी डॉ. समीर निवासी मौहल्ला रमपुरा, नजीबाबाद, परगना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर **-प्रतिवादीगण**

हरगाह नकुल रस्तौगी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 13.08.2025 बवक्त दस बजे दिन के असालतन मार्फत अपने वकील जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हो हाजिर हो और जवाब देही करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाबदेही में इस्तेमाल करना चाहते हैं।

आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।

**नियत दिनांक:- 13-08-2025**
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.)**
**बिजनौर**

**न्यायालय उपजिलाधिकारी**
**नजीबाबाद, जिला बिजनौर**
वाद संख्या:-202313160502385

कमल पुत्र नन्हे निवासी ग्राम कादीपुरा परगना व तहसील नगीना **-वादी**

**बनाम**

1. अशोक कुमार पुत्र नन्हे निवासी ग्राम कादीपुरा, तहसील नगीना, जिला बिजनौर
2. अनिता पत्नी संजय कुमार निवासी आदर्शनगर गली नं. A/7 नजीबाबाद
3. नीतू राजपूत पत्नी संजीव कुमार निवासी ग्राम समसपुर सद्दो, तहसील नगीना, जिला बिजनौर
4. आदरीशा पत्नी मौ. शरीफ निवासी ग्राम सिकन्दरपुर बसी, परगना अकबराबाद, तहसील नजीबाबाद
5. ग्राम सभा खेड़ा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत खेड़ा, परगना अकबराबाद, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर **-प्रतिवादीगण**

चूंकि उपरिनामांकित वादी/वादीगण ने इस न्यायालय में आवेदन दिया गया है कि प्रा.पत्र रेस्टोरेशन अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 11.08.2025 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या समयक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा।

नियत दिनांक: 11.08.2025
**न्यायालय उपजिलाधिकारी**
**नजीबाबाद, बिजनौर**

**न्यायालय श्रीमान ग्राम न्यायालय**
**धामपुर, जिला-बिजनौर**
वाद सं. 951/2024
**सोनिया बनाम सौरभ**

सोनिया पत्नी सौरभ पुत्री मनोज कुमार हाल निवासी ग्राम फुलसंदा गंगदास, परगना व थाना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर (उ.प्र.) पिन कोड 246733

**बनाम**

सौरभ पुत्र उदयराज निवासी ग्राम अकवरपुर चौगांवा, पोस्ट, थाना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर (उ.प्र.) पिन कोड 246763

धारा-144 बीएनएस
थाना-नहटौर
नियत दिनांक:-25.08.2025

चूंकि उपरिनामांकित प्रतिवादी सौरभ के विरूद्ध से इस अदालत से सोनिया ने यह आवेदन किया है कि बीएनएस की धारा 144 के अनुसार प्रतिमाह रुपये 25000 भरण पोषण अदा करे।

अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आपसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित के लिए 2025 के मास अगस्त के दिवस 25 को 10:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन आपके विरूद्ध एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के दिवस 05 को निकाली गई है।

**न्यायाधिकारी**
**ग्राम न्यायालय धामपुर**
**जिला-बिजनौर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)

पत्र संख्या-131/न.पा.परि./नजी.-पुन: निविदा (जलकल)/2025-26 दिनांक- 07.08.2025

### -: अल्पकालीन पुन: ई-निविदा आमंत्रण सूचना:-

नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर) द्वारा निम्नलिखित नियम व शर्तो के अधीन नगर पालिका परिषद नजीबाबाद एवं अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से 15वां वित्त आयोग के निर्दिष्ट अनुदान (प्रथम व द्वितीय किस्त) के अन्तर्गत निकाय को अवमुक्त/ प्राप्त धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु डबल बिड पद्धति से ई-निविदाएं दिनांक 15.07.2025 से दिनांक 21.07.2025 तक जिसका रेफरेंस संख्या 124/NPPET/Najibabad/2025 है, उत्तर प्रदेश ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर प्रकाशित की गई थी, जिन्हें तकनीकि दस्तावेज अपूर्ण होने के कारण निरस्त कर दिया गया था, पुन: आमंत्रित की जाती है। जो विभागीय वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक- 09/08/2025 प्रात: 11:00 बजे से दिनांक 14/08/2025 की दोपहर 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक- 14/08/2025 को दोपहर 04:00 बजे से पालिका कार्यालय में ऑनलाइन खोली जायेगी। विस्तृत निविदा सूचना https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार की भूलवश टंकणीय/ लिपिकीय त्रुटि के संशोधन के लिये उपरोक्त वेबसाइट को निरन्तर देखते रहे। विस्तृत सूचना नगर पालिका कार्यालय के जलकल विभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 131/NPPET/Najibabad/2025 |
| Publish Date and time for E-Tender | 09-08-2025 11:00A.M |
| Start Date of downloading E-Tender | 09-08-2025 11:00A.M |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 14-08-2025 12:00P.M |
| Date and time of opening E-Tender | 14-08-2025 04:00P.M |
| Place of opening of E-Tender | Office NPP Najibabad Bijnor |
| E-Tender Security | 10% of estimate cost |
| E-Tender Document Processing | As per E-Tender list |
| Financial bid opening After Evaluation of Technical Bids | |

**नोट:-**

1- निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग ई-निविदा शुल्क की धनराशि आई.सी.आई.सी.आई. बैंक शाखा नजीबाबाद में नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के खुले खाता संख्या-157501000191 IFSC कोड ICIC0001575 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से ऑनलाईन जमाकर/ बैंक जमा स्लिप/ प्रमाण पत्र कॉपी स्कैन कर अपलोड करनी अनिवार्य होगी।

2- निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग ई-निविदा धरोहर राशि 10 प्रतिशत (EMD) एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद के पदनाम से बन्धक होगी अथवा आई.सी.आई.सी.आई. बैंक शाखा नजीबाबाद में नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के खुले खाता संख्या-157501000191 IFSC कोड ICIC0001575 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से ऑनलाईन जमाकर/ बैंक जमा स्लिप/ प्रमाण पत्र कॉपी स्कैन कर अपलोड करनी अनिवार्य होगी।

3- निविदादाता को ई-निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि 10 प्रतिशत (EMD) की बैंक द्वारा जारी जमा की स्लिप/प्रमाण पत्र मूल्य रूप में दिनांक-14.08.2025 अपरान्ह 01:00 बजे तक अन्य अनिवार्य प्रपत्रों सहित कार्यालय नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के जलकल विभाग में रखे टेण्डर बॉक्स में डालना अनिवार्य है। बिना धरोहर धनराशि/टेण्डर मूल्य धनराशि के किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**(मुक्ता सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद**
**(बिजनौर)**

**(इंजीनियर मुअज्जम)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद**
**(बिजनौर)**

# धामपुर-शेरकोट हाईवे पर हादसा टला

## 44 यात्रियों से भरी रोडवेज बस खाई में पलटी, सभी यात्री सुरक्षित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुक्रवार सुबह धामपुर-शेरकोट नेशनल हाईवे पर उस समय चीख-पुकार मच गई जब हरिद्वार जा रही यात्रियों से खचाखच भरी रोडवेज बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई। हादसे के वक्त बस में कुल 44 यात्री सवार थे। गनीमत रही कि सभी की जान बच गई, हालांकि चार यात्रियों को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

रुपड़िया डिपो से बस चालक रामनिवास बस लेकर हरिद्वार के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही बस राजपूताना रिजॉर्ट के मोड़ के पास पहुंची, सामने से एक तेज रफ्तार कंटेनर आ गया। आमने-सामने टक्कर से बचने के लिए चालक ने स्टीयरिंग कच्ची सड़क की ओर मोड़ दी। बारिश के कारण सड़क फिसलन भरी थी, ऐसे में बस का संतुलन बिगड़ गया और वह जोरदार आवाज के साथ गहरी खाई में पलट गई।

बस पलटते ही अंदर बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। कुछ यात्री सीटों से गिरकर एक-दूसरे के ऊपर आ गिरे, जबकि दो-तीन यात्री खिड़की के कांच टूटने से बाहर जा गिरे। हादसे के बाद सूचना पर पहुंचे पुलिस प्रशासन ने यात्रियों को बाहर निकाला। महिलाएं और बच्चे रोते-बिलखते हुए एक ओर खड़े हो गए। बस के अंदर फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने में पुलिस ने अहम भूमिका निभाई।

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हाईवे पर यातायात रोककर बचाव कार्य शुरू किया गया। क्रेन की मदद से बस को सीधा किया गया और सड़क से हटाया गया। स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट किया गया और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। चार घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार देकर वापस भेज दिया गया।

चालक रामनिवास ने बताया कि अगर उन्होंने समय रहते बस को कच्ची सड़क की ओर न मोड़ा होता तो कंटेनर से सीधी टक्कर में दर्जनों लोगों की जान जा सकती थी। सीओ अभय पांडे ने भी चालक की सतर्कता की सराहना करते हुए कहा कि हादसा भले ही हुआ हो, लेकिन चालक के निर्णय ने बड़ी जनहानि को टाल दिया। गांव के बुजुर्ग चश्मदीद रामकिशोर ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में कई सड़क हादसे देखे हैं, लेकिन इतनी भीड़ और इतने लोगों को खाई में गिरी बस से बचते पहली बार देखा। उन्होंने कहा कि बारिश में सड़क पर गाड़ी चलाते समय सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है।

## तालाब में नहाते समय डूबने से युवक की मौत

**नगीना।** नगीना थाना क्षेत्र के गांव नैनपुर सराय में बृहस्पतिवार को सहारनपुर निवासी सलमान (21 वर्ष) पुत्र पप्पू की तालाब में नहाते समय पानी में डूबने से मृत्यु हो गई। सलमान लगभग डेढ़ महीने पहले ही नगीना आया था और वर्तमान में नहटौर मार्ग पर स्थित गांव नैनपुर में लकड़ी की टाइल्स बनाने का काम करता था। वह अपने साथियों के साथ तालाब पर नहाने गया था, लेकिन तालाब में पानी ज्यादा होने के कारण वह डूब गया। उसके साथियों व आसपास मौजूद लोगों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन उसे बचाया नहीं सके। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही मौके पर तुरंत पहुंची स्थानीय पुलिस और एनडीआरएफ टीम ने काफी मशक्कत के बाद शव को ढूंढ निकाला। नगीना सीओ, एसडीएम व थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए और शव बरामद होने तक मौके पर मौजूद रहे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को 25 नवम्बर को दिल्ली कूच करेंगे शिक्षक एवं कर्मचारी: चंद्रहास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पुरानी पेंशन बहाली के आगामी आंदोलन की मजबूती को लेकर अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर की सिंचाई विभाग में इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता एवं विद्युत प्राविधिक परिषद कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष एवं अटेवा जिला प्रवक्ता लोकेंद्र चौधरी के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक सम्बोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी

### पांच सितम्बर को रखेंगे सामूहिक उपवास

चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व निरंतर संघर्षरत है। संघर्ष के क्रम में 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर सामूहिक उपवास शिक्षक एवं कर्मचारी रखेंगे। 1 अक्टूबर गांधी जयंती पर एक्स पर टिविटर अभियान चलाया जाएगा। 25 नवंबर को यूपीएस-एनपीएस एवं निजीकरण के विरोध में देश के शिक्षक एवं कर्मचारी दिल्ली कूच करेंगे। सभी कार्यक्रमों को सफल करने का आह्वान किया। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा की पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। आगामी आंदोलन में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। प्रशांत कुमार, अभिषेक सिंह, अमित त्यागी, दीपा, अनिल कुमार, विनय भारद्वाज सिंह, प्रमोद कुमार, मुकेश कुमार भंडारी, प्रमोद कुमार यादव, मीनाक्षी, सीमा आदि ने संबोधित किया।

## किवाड़ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को मिला एनक्यूएएस प्रमाण पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह के निर्देशन और सीएचसी के अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही के नेतृत्व में किवाड़ स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) का राष्ट्रीय स्तरीय प्रमाण पत्र मिला है।

डॉ. स्नेही ने बताया कि 9 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय स्तरीय टीम ने ऑनलाइन असेसमेंट किया, जिसमें 12 सर्विस पैकेजों के अंतर्गत मूल्यांकन हुआ। इसमें सीएचओ एएनएम और आशा संगिनी के इंटरव्यू भी शामिल थे।

केंद्र ने 76.92% अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया और 'कंडीशनल क्वालिफाई' किया गया। एनक्यूएएस का उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालना है। मूल्यांकन में साफ-सफाई मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं उपकरणों की स्थिति, उपचार प्रक्रिया रोगियों की संतुष्टि और मानक संचालन प्रक्रियाओं के पालन की जांच की जाती है।

इस उपलब्धि में सीएचओ मोहम्मद सादिक, एएनएम साबिया, बीपीएम शालिनी बिश्नोई, नोडल अधिकारी डॉ. हितेंद्र सहित नित्या राज, आरती रेणु, संगीता, पुष्पेंद्र, कार्तिक भूरियार, आरिफ, रश्मि सैनी, किरण, उमा, रीना, प्रियंका, प्रभा, आशा, ग्राम प्रधान शौकत अली और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों का योगदान रहा।

# कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान शुरू

### बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आगामी चुनावों को देखते हुए और संगठन में नई जान फूंकने के उद्देश्य से नगर कांग्रेस कमेटी ने नगीना में बैठकों का एक सघन दौर शुरू किया है। संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत नगर के विभिन्न हिस्सों में ताबड़तोड़ बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिसका मुख्य लक्ष्य बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को एक बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह के मंडी मौलगंज स्थित आवास पर आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता इरफान सिद्दीकी ने व संचालन रईस अहमद राज ने किया। इस मौके पर दर्जन भर नौजवानों ने कांग्रेस की सदस्यता ली।

इस बैठक के माध्यम से नगर कांग्रेस ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि अब वह केवल बड़े कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को एकजुट कर रही है। बैठक में कांग्रेस नेताओं ने स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी आर.के. सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर जनता की समस्याओं को समझना होगा और उनसे निजात दिलाने के लिए संघर्ष का रास्ता अपनाना होगा। जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने कहा कि शहर से लेकर गांव तक की जनता परेशान है। उन्होंने विशेष रूप से बारिश से होने वाली समस्याओं का जिक्र किया। नगर अध्यक्ष अब्दुल वाहिद अंसारी ने आरोप लगाया कि कई जगह सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं और दोबारा नहीं बनाई जा रही हैं। कई वार्डों को इसकी सख्त जरूरत है, वहाँ काम नहीं हो रहा है। जिला उपाध्यक्ष शेख मौ. अंजार ने बारिश के कारण सड़कों की दुर्दशा पर आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कई जगह सड़कों पर पानी आने से यातायात बाधित है। कांग्रेस जनता की आवाज बनकर उनकी परेशानियों का समाधान कराएगी। बैठक में हैनरीता राजीव सिंह, पूर्व आईएएस अधिकारी आरके सिंह, शेख मौ. अंजार, जावेद अंसारी, मास्टर अली हसन, गंगा राम, काजी अरशद मसूद, मौ. अकबर, सलीम अहमद एडवोकेट, जमील अहमद, मौ. इरफान, मिसबाहुल, वसीम सिद्दीकी, बदर आलम, कल्लू मियां, मास्टर अली हसन, मोहम्मद अरशद उर्फ फैसल, मोहम्मद आरिफ, फैसल फरीद, दिलशाद अहमद, शमीम अहमद, काजी शुजा और अन्य कई कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह अभियान कांग्रेस को बूथ स्तर पर मजबूत करने और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## पुलिसकर्मियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर मनाया पर्व




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर संभाग पश्चिम उत्तर प्रदेश अंचल नजीबाबाद महिला विभाग की ओर से थाना किरतपुर में एक स्नेहिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला विभाग की बहनों ने थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार व उनकी टीम के सभी पुलिस कर्मियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस भावनात्मक अवसर पर नजीबाबाद की एकल विद्यालय की आचार्याएं, कार्यकर्ता बहनें व भाईगण भी मौजूद रहे। बहनों ने पुलिस कर्मियों को मिठाई खिलाकर उनके कर्तव्यनिष्ठ सेवा भाव के लिए

### थाना प्रभारी ने महिला सशक्तिकरण की दी जानकारी

आभार जताया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने उपस्थित बहनों को सामाजिक जागरूकता, सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण से संबंधित पहलुओं की जानकारी दी और कहा कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था संभालने का ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का भी काम करती है। उन्होंने बहनों को समाजहित के कार्यों में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया और सुरक्षा व सहयोग का पूरा भरोसा दिलाया।

# रक्षाबंधन पर बढ़ाया भाई-बहन के रिश्ते का सम्मान

## सरस्वती विद्या मंदिर की बहनों ने थाना प्रभारी व स्टाफ को बांधी राखी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सरस्वती विद्या मंदिर की बहनों ने स्थानीय थाना स्योहारा पहुंचकर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार को राखी बांधी और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की।

इस अवसर पर थाना परिसर में भावनात्मक और सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला। बहनों ने थाना प्रभारी अमित कुमार को राखी बांधकर यह संदेश दिया कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था की रखवाली ही नहीं करती बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ आत्मीय रिश्ता भी निभाती है। राखी बंधवाते समय अमित कुमार ने बहनों को विश्वास दिलाया कि थाना स्योहारा के दरवाजे हमेशा नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और सहायता के लिए खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता ही अपराध पर नियंत्रण का सबसे बड़ा हथियार है और ऐसे पर्व इस रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं।

थाना प्रभारी ने बहनों को उपहार देकर आशीर्वाद दिया और उन्हें हर परिस्थिति में सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस कर्मी त्योहारों के दिन भी ड्यूटी पर रहते हैं ताकि नगरवासी अपने पर्व शांति और सुरक्षित माहौल में मना सकें। रक्षाबंधन कार्यक्रम के दौरान बहनों की आंखों में खुशी और गर्व की चमक थी। वहीं पुलिसकर्मियों के चेहरे पर भी अपनापन और भावुकता साफ झलक रही थी। यह अनोखा मिलन इस बात का प्रमाण है कि भाई-बहन का रिश्ता केवल खून के रिश्तों तक सीमित नहीं बल्कि संवेदना और जिम्मेदारी से भी जुड़ा होता है।

इस मौके पर राजेश कुमार दरोगा, सुजीत कुमार दरोगा, धर्मेंद्र दरोगा, अफसर खान दरोगा तथा अन्य स्टाफ को राखी बांधकर हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम मनाया। विद्यालय से बहन कशिश, प्रियंका, मानवी, परी, तरु, वंशिका, पलक, परी, अमृता, खुशी आदि बहनों तथा समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा, जिसमें पायल, प्रज्ञा, श्रीमती पूनम गोपाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार शर्मा, प्रबंधक मनोज कुमार भटनागर उपस्थित रहे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में राखी व तिरंगा बनाओ प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय हल्दौर में बालिकाओं ने मोती, नग, कागज धागे आदि से आकर्षक राखियां बनाई। विद्यालय में हर घर तिरंगा लगवाने की श्रृंखला में बालिकाओं ने तिरंगा रंगों से सुन्दर-सुन्दर झण्डे बनाये एवं सभी को घर-घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आयोजित राखी प्रतियोगिता में राधिका प्रथम, गीता व तान्या ने द्वितीय एवं दिव्या ने तृतीय

### घर-घर तिरंगा लगाने के लिए किया प्रेरित

स्थान प्राप्त किया। झण्डा मेंकिग में खुशी ने प्रथम, पायल ने द्वितीय एवं वन्दना, प्रतिज्ञा व मानवी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की वार्डन संजू रानी ने बालिकाओं व स्टाफ को रक्षाबंधन की शुभकामनायें दी। कार्यकम में कु. नविता, पूनम, अलका नीतू राणा, कल्पना, यशवीर सिंह, दीपक कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर

### पुलिस ने मुख्य बाजार में की पैदल गश्त



**नगीना।** कस्बे में पुलिस ने पैदल गश्त कर सुरक्षा का माहौल बनाया। पुलिस टीम ने मुख्य बाजार में गश्त की। इस दौरान सभी दुकानदारों और कस्बेवासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। गस्त में थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, उप निरीक्षक सर्वेज खान सहित थाने का पुलिस बल मौजूद रहा। थाना प्रभारी ने कस्बावासियों से कहा कि अगर कोई अराजकता फैलाता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगीना पुलिस हमेशा नागरिकों के साथ खड़ी रहेगी। इस पहल से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद है।

### बाढ़ प्रभावितों को खाद्य सामग्री वितरित



**चांदपुर।** तहसील प्रशासन द्वारा बाढ पीड़ितों के लिए उपलब्ध कराई गई निशुल्क खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान जलीलपुर गंगा खादर के बाढ़ संभावित और जलभराव वाले ग्रामों में पहुंचकर तहसील प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित, बाढ़ ग्रस्त लोगों का हाल चाल जाना और उन्हें राहत सामग्री की बांटी गई। इस अवसर पर भाजपा की निवर्तमान विधायक कमलेश सैनी, तहसीलदार चांदपुर आलोक कटिहार ने संयुक्त रूप से जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री किट का वितरण किया। ग्राम खानपुर खादर के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, राकेश सैनी, नवनीत राणा, मीनू राजपूत आदि उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच



**नहटौर।** गांव अकबरपुर सिजौली में एसडीएम रितु रानी, बीडीओ प्रताप सिंह के नेतृत्व में चिकित्सा अधिकारी आशीष आर्य की देखरेख में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक कैंप लगाया। कैंप में मरीजो को दवाइयां वितरित की। बताया जाता है कि गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने पर इन गांवों में जल भराव की स्थिति पैदा हो गई। बीमारियों को देखते हुए गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैंप लगाया है और ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई है। बीमारी से बचने के लिए जागरूक भी किया गया है। चिकित्सा अधिकारी आशीष आर्य ने बताया कि कैंप के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई है।

# नांगल ग्राम पंचायत में सफाई के नाम पर भ्रष्टाचार

## उच्चाधिकारियों को सूचना के बाद भी नहीं होती गांव में साफ-सफाई

## फोन किसे करें, ग्राम प्रधान का फोन आता है हमेशा स्विच ऑफ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले के विकास खंड नजीबाबाद के अंतर्गत ग्राम पंचायत नांगल सोती में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और संबंधित विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी धन का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हो रहा है। विकास के नाम पर केवल कागजों में कार्य दिखाए जा रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत निराशाजनक है। स्वच्छता पखवाड़ा और संचारी रोग नियंत्रण अभियान जैसे कार्यक्रम भी केवल औपचारिकता तक सीमित रह गए हैं, जिससे गांव की गलियों में गंदगी और घास-फूस की झाड़ियां बदस्तूर कायम हैं। नांगल सोती मोहल्ला जो. शियान के निवासियों का कहना है कि ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी योजनाओं के तहत आवंटित धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन और अन्य विकास योजनाओं के लिए मिलने वाले फंड का उपयोग पारदर्शी तरीके से नहीं हो रहा।

कई ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विकास कार्यों के नाम पर केवल कागजों में खानापूर्ति की जा रही है। सड़कें, नालियां, लाइटे और कूड़ा निस्तारण केंद्र जैसे कार्य या तो अधूरे हैं या फिर केवल कागजों पर पूरे दिखाए गए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा और संचारी रोग नियंत्रण अभियान का गांव में कोई खास असर नहीं दिख रहा। ग्रामीण सोनू जोशी, तरुण जोशी, संजय जोशी, वीरेंद्र जोशी, विजेंद्र जोशी, कुलदीप जोशी ने बताया कि गांव की गलियों में गंदगी का अंबार है। नालियों की सफाई नहीं हो रही और घास-फूस की झाड़ियां गलियों को जंगल में तब्दील कर रही हैं।

उधर इस मामले में जब नजीबा. बाद विकास खंड अधिकारी दीपक तेवतिया से बात की गई तो उन्होंने कहा गांवों में गंदगी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिस गांव में गंदगी या सफाई नहीं मिली तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांवों को साफ सुथरा बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है।

### दिखावे के लिए चलाए जाते हैं स्वच्छता अभियान

पखवाड़ा के नाम पर कुछ कर्मचारी आए, फोटो खींचकर चले गए, लेकिन सफाई का कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के अभियान केवल दिखावे के लिए चलाए जा रहे हैं और इसका लाभ ग्राम प्रधान और कुछ अधिकारियों की जेब तक ही पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विकास खंड नजीबाबाद के विभागीय अधिकारी और कर्मचारी इस भ्रष्टाचार में ग्राम प्रधान का साथ दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हमने कई बार मौखिक रूप से व फोन के माध्यम से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती।अधिकारी और कर्मचारी ग्राम प्रधान के पक्ष में खड़े रहते हैं। ऐसा लगता है कि सबकी मिलीभगत से चल रहा है।

# ब्रांडेड कम्पनी के नाम से बनाया जा रहा था नकली देसी घी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- एसओजी पुलिस के प्रयासों से मिली सफलता
- भारी मात्रा में नकली देसी घी बरामद
- गिरोह के पांच लोग गिरफ्तार

**सम्भल।** अपराध रोकने और अपराधियों पर लगाम कसने को चल रहे अभियान में धनारी पुलिस को कड़ी सफलता हाथ लगी। थाना पुलिस व एसओजी और सर्विलांस की टीम ने संयुक्त रूप से नकली घी बनाकर जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने ब्रांडेड कम्पनी के रैपर समेत काफी समान बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी)अनुकृति शर्मा के निर्देश पर एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम सामूहिक चेकिंग कर रही थी। इस दौरान टीम को बड़ी सफलता हाथ लग गई। पुलिस ने चैकिंग के दौरान पुलिस नेआशु जैन पुत्र सुदेश जैन सुदेश जैन पुत्र धर्मदास जैन निवासीगण मौ. सैक्टर 02 माधवपुरम थाना ब्रह्मपुरी जनपद मेरठ हाल पता हाउस नं0-32 डिफेन्स क्लौनी गंगा नगर थाना गंगानगर जनपद मेरठ,आविद पुत्र सईद नि0 मं0नं0-59 कुम्हार मोहल्ला थाना सदर बाजार जनपद मेरठ प्रवीण जैन पुत्र राजेन्द्र जैन, अरूण कुमार पुत्र सेवाराम निवासीगण नगर गुराना रोड गली नं. 8 कस्बा व थाना बड़ौत जनपद बागपतको गिरफ्तार किया। पकड़े गए गिरोह के पास से भारी मात्रा में नकली देशी घी, इसे बनाने के उपकरण, विभिन्न ब्रांड के रैपर और पैकिंग सामग्री बरामद किए गए। जबकि टीम ने 923 लीटर नकली देशी भी बरामद किया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बताया कि यह गिरोह लंबे समय से नकली देशी घी बनाकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा था। पुलिस की टीमें इस गिरोह पर लगातार नजर रख रही थीं और आज इस कार्रवाई में इन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि आगे भी अपराध और मिलावटखोरी के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा। इस कामयाबी के लिए धनारी थाना प्रभारी संजय सिंह व पुलिस फोर्स और संयुक्त टीम की सराहना की जा रही है।



सम्भल- नकली देसी बनाकर बेचने के गिरोह की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक केके विश्नोई।

## घी ही नहीं, नमक और नकली कॉफी बेचने का था धंधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नकली देशी घी बनाकर जन स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर मोटी रकम कमा रहे गिरोह के सदस्य पकड़े गए नकली देशी घी ही नहीं बल्कि नमक और कॉफी भी नकबली बेचकर लोगों को बीमारियां परोस रहे थे। पकड़े गए गिरोह के लोगों से पूछताछ में इसका पता चलने पर पुलिस भी दंग रह गई।

- पुलिस पूछताछ में खुलासा होने पर रह गई दंग

एसओजी व सर्विलांस टीम और धनारी थाना पुलिस के संयुक्त प्रयासों से नकली देशी घी बनाने का गिरोह का काम नकली देशी घी बनाने का हीर नहीं था, बल्कि गिरोह के लोग मयूक नमक को टाटा नमक के पैकेट में भरकर बाजार में बेचने का धंधा करते थे। तीन सालों से वह मयूक नमक को टाटा नमक के रैपर में भरकर बेचने का धंधा किया। इतना ही नही गिरोह के लोग एक्सपायर कॉपी को नेस्कैफे की कॉफी के खाली रैपर में भरते थे और उसे असली नेस्कैफे के नाम पर बेचते आ रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़ा गया गिरोह का प्रवीन जैन के घर पर डालडा व रिफाईन्ड का मिश्रण कर, घी की खुशबू के लिए एसेंस डालकर नकली घी बनाकर बाजार में अमूल व मधूसुदन और मदरडेरी ब्रान्ड की नकली पैंकिंग बाजार में बेचते थे। इसके अलावा तीन वर्षो से मयूर नमक को टाटा नमक के पैकेट में भरकर विक्रय किया जाता था।

## कार व टेंपू में भरकर ले जाया जाता था माल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पाठकपुर से सुल्तानगढ रोड खजरा मोड कच्चा रास्ता के पास थाना धनारी से गिरोह के पांचो को गिरफ्तार किया। एसपी के के विशनोई ने बताया कि टीम ने 41 पेटी अमूल देशी घी व 20 टीन मधूसूदन घी के व 466 रेपर भिन्न भिन्न मार्का के जिनमें घी भरा जाता है। 05 अदद मोबाईल भिन्न भिन्न कम्पनी एक अदद कार स्वीफ्ट डिजायरएक अदद छोटा हाथी टैम्पो, 3379,. नकली देशी घी बनाने के उपकरण गैस चूल्हा 02, सिलेन्डर गैस 01, बेट मशीन 01, पैकिंग मशीन 02 व एक सिलवर भिगोना करीब 40 लीटर, एक सिलाई मशीन कटा बोरी सिलने वाली, लोहे की प्रेस 01, देशी घी की खुशबू के लिए एसेंस 1 बोतल, मार्का मदर डेयरी छापने की डाई 02, कैंची 02, टेप कटर 01 व 04 छोटी बडी टेप, प्लास 01, फेविकोल का डिब्बा 200 अमूल, मधुसूदन व अन्य मार्का के गत्ते व रेपर व नकली घी बनाने के अन्य उपकरण बरामद हुए।

# सपा सांसद को मिली हाईकोर्ट से राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क को बड़ी राहत मिल गई है। उच्च न्यायालय ने हिंसा मामले में दाखिल चार्जशीट पर जारी किए गए सम्मन पर रोक लगा दी है।

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद का दूसरी बार सर्वे कराने के दौरान भड़की हिंसा में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क को भी नामजद किया था। जबकि सपा सांसद हिंसा वाले दिन शहर से बाहर थे। एसआईटी ने उनसे कई घंटे पूछताछ भी की थी। उनकी गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने पहले स्टे दे दिया था। हिंसा की जांच कर रही एसआईटी ने सपा सांसद समेत शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली और कई अन्य के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। चन्दौसी अदालत से सपा सांसद के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। अदालत ने उन्हे समन जारी किया था। जिसके खिलाफ सांसद की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। उच्च न्यायालय ने उन्हे बड़ी राहत देते हुए कार्यवाही को स्टे कर दिया है।

# उर्वरक पर प्रशासन की नजर हुई सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- तीन और लाइसेंस निरस्त

**सम्भल।** यूरिया उर्वरक की बिक्री निर्धारित मूल्य से अधिक और काला बाज़ारी पर प्रशासन की नजर ओर टेंढ़ी हो गयी है। प्रशासन की उर्वरक पर कड़ी नजर के चलते जिले में तीन ओर लाइसेंस निरस्त किए गए।

शासन के दिशा निर्देशों के क्रम में जिलों में टॉप 20 यूरिया बायर की प्रत्येक माह की सूची उपलब्ध कराई जाती है। जिसमें एक कृषक द्वारा एक माह में 40 बैग यूरिया या उससे अधिक यूरिया लेने पर उस ख्रषक का नाम टॉप 20 यूरिया बायर की लिस्ट में शामिल हो जाता है। जनपद सम्भल में जुलाई माह में टॉप 20 यूरिया बायर की सूची में 3 कृषक कुमार पाल इन्होंने के के जी एस एग्रीजंक्शन केंद्र से 45 बैग उर्वरक लिया। इसी तरह अखलेश कुमारी ने किसान सेवा केंद्र से 45 बैग यूरिया और मिंजर हुसैन ने अशर्फी खाद स्टोर से 41 बैग यूरिया क्रय किया। उक्त फर्मों के उर्वरक प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिए गए ।

# स्वच्छता में सम्भल के मान वृद्धि पर ईओ को किया सम्मानित

- हिजामं ने स्वच्छता में चौथा स्थान मिलने पर जताया हर्ष

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश में स्वच्छता के क्षेत्र में सम्भल नगर पालिका परिषद द्वारा चौथा स्थान प्राप्त करने पर गर्व और गौरव की अनुभूति करते हुए नगर पालिका परिषद कार्यालय में जाकर हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने अधिशासी अधिकारी का अभिनंदन एवं सम्मान देकर स्वच्छता की उच्च रैंक प्राप्त करने का श्रेय दिया। इस अवसर पर हिंदू जागृति मंच के कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी को शॉल ओढ़ाकर, पगड़ी पहनाकर, पुष्प गुच्छ और मिष्ठान भेंट करके गर्व और गौरव की अनुभूति की। नगर हिंदू सभा के अध्यक्ष कमलकांत तिवारी ने कहा कि संभल नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी के रूप में डा. मणि भूषण तिवारी की सेवा, निष्ठा, तत्परता, त्वरित समस्या निदान एवं समर्पण भाव से की गई सेवा का प्रतिफल है कि उत्तर प्रदेश और संपूर्ण देश में नगर पालिका परिषद को विशेष सम्मान दिया गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में चौथा स्थान तथा संपूर्ण



सम्भल- स्वच्छता में चौथे स्थान मिलने पर ईओ सम्मानित करते हिजामं सदस्य।

देश में 72 वें स्थान प्राप्त करने पर नगर पालिका परिषद के संपूर्ण स्टाफ के साथ-साथ अधिशासी अधिकारी को श्रेय दिया। आर्य समाज के प्रधान सुशील गुप्ता भगत जी ने कहा की अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी की कार्यशैली संस्कार सेवा समर्पण सहयोग के बूते प्रदेश और देश में आदर्श नगर पालिका का दर्जा दिलाकर जो गरिमा पूर्ण स्थान प्राप्त किया है वह सदैव प्रसंसनीय रहेगा अभूतपूर्व रहेगा। हिंदू जागृति मंच के सत्यवीर सिंह पाल, उमेश सैनी, पंकज सांख्यधर, बिशनलाल, महावीर सिंह सभासद, राजेंद्र सिंह सभासद, विनोद कुमार अग्रवाल, सुभाष चंद्र शर्मा आदि ने अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी को शॉल ओढ़ाकर तिरंगा पगड़ी धारण करके पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया। स दौरान डा. मणि भूषण तिवारी ने कहा कि प्रदेश भर में चतुर्थ स्थान प्राप्त करना और राष्ट्रीय स्तर पर 72 वां स्थान प्राप्त करना उत्साह जनक तो है लेकिन संतोषजनक नहीं है। उन्होंने विशेष अभियान और जन आंदोलन चलाकर हर क्षेत्र में नगर पालिका को प्रदेश और देश में प्रथम स्थान दिलाने की आवश्यकता बताई

## चेकिंग की आड़ में शोषण हुआ आम

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**बबराला।** चैकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं का शोषण बिजली विभाग के अधिकारियों के लिए जैसे परम्परागत अधिकार बन गया है। प्राइवेट कर्मचारियों को आगे कर चेंकिग कराकर मोटा फीलगुड करना आम बन गया है। जबकि विरोध करना उपभोक्ता को मुकदमा झेलना पड़ता है। ऐसा ही हुआ नगर के दीपा सराय स्थित पजाया मोहल्ले में। एक मकान पर बिजली विभाग के जेई ने कर्मचारी संग छापामारी की गयी। आरोप है कि जेई द्वारा अभद्रता की गई। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में जेई सारी हदे पार कर पहले हाथ पकड़कर झंझोड़ता है। फिर वीडियो बना रहे व्यक्ति के हाथ मार देता है। जिससे मोबाइल अपनी जगह से इधर उधर वीडियो बनने के बीच हिल जाता है। इस बाबत जानकारी एसडीओ से की गई तो उन्होंने बताया कि चोरी पकड़ी गई थी। कोई हाथ नहीं मारा गया कहीं हाथ मारते हुए नहीं है और न अभद्रता किसी के साथ हुई है। बिजली चोरी करने वालों के विरुद्व मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

# बेरोज़गार दिव्यांग महिला व पुरुषों को भी मिलेगा रोज़गार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** दिव्यांगों को भी रोजगार मिल सकेगा। दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने रोजगार पाने के इच्छुक दिव्यांग महिला और पुरूषों से अपने बायोडेटा मांगे हैं।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पांडे ने बताया कि जिला उद्योग केंद्र, कौशल विकास मिशन, सेवा योजन विभाग व दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त प्रयास से जनपद के दिव्यांग भाई बहनों को प्रशिक्षण व रोजगार दिलाने का कार्य किया जाएगा। किसी दिव्यांग जन को किसी प्रशिक्षण की आवश्यकता है तो उसे जनपद के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षण दिलाया जाएगा और फिर जिला उद्योग केंद्र व सेवा योजन विभागों से समन्वय कर रोजगार भी दिलाया जाएगा' 'कौशल विकास मिशन योजना के तहत सभी प्रशिक्षण कोर्स मे 5 प्रतिशत सीटें दिव्यांगजन के लिए आरक्षित होती है, दिव्यांग महिला और पुरूष इन केंद्रों पर प्रशिक्षण ले सकते है, दिव्यांजन अधिकारी ने बताया कि जिस किसी दिव्यांग को रोजगार की आवश्यकता है, तो कार्यालय में अपना रिज्यूम भिरकर जमा कर सकते हैं। दिव्यांग जनों द्वारा भेजे गए रिज्यूम का विश्लेषण किया जाएगा, उनकी योग्यता के आधार पर जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से विभिन्न उद्यमियों से वार्ता की जाएगी, अगर किसी कंपनी में किसी विशेष स्किल वाले दिव्यांग की आवश्यकता है, तो उस कंपनी को सेवा योजन अधिकारी के माध्यम से रोजगार मेले में बुलाकर उसी योग्यता व स्किल वाले दिव्यांग भाई बहन समायोजित किए जाएंगे, अगर कोई दिव्यांग भाई बहन उस स्किल से रहित है, तो कौशल विकास मिशन के माध्यम से दिव्यांग जन को प्रशिक्षित किया जाएगा और फिर पुनः रोजगार मेला लगाकर दिव्यांग जन को रोजगार दिलाया जाएगा, अगर किसी कंपनी में अकुशल दिव्यांग को रोजगार दिया जा सकता है तो उनमें भी ऐसे दिव्यांग जनों को रोजगार दिलाया जाएगा।

## एक नज़र इधर भी

### पावर ग्रिड कार्य से चार घंटे रहेगा शटडाउन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** अधिशासी अभीयन्ता, विद्युत वितरण खण्ड बबराला ने बताया कि पावरग्रिड के कार्य 765 के.वी. लाइन के लिए कंडक्टर स्ट्रिंगिंग कार्य हेतु 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र बबराला के 11 के.वी. कैल कृषि पोषक से पोषित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति का शटडाउन रहेगा। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बबराला अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि पावरग्रिड लाइन पर कराये जा रहे 765 के.वी. लाइन के लिए कंडक्टर स्ट्रिंगिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में 33ध11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र बबराला के 11 /के. वी. के कृषि पोषक की विद्युत आपूर्ति 11अगस्त व 13 अगस्त को पूर्वाह्न 08 बजे दोपहर 12 बजे तक कुल 04 घन्टे की अवधि के लिए बाधित रहेगी।



### विद्याकुंज स्कूल में हुई राखी प्रतियोगिता

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित कि गई। प्रबंधक प्रबंधक अतुल गोयल ,कपिल गोयल,कार्तिक गोयल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। जबकि कपिल गोयल ने विद्यालय के बच्चों का हुनर देखते हुए उनका मनोबल भी बढ़ाया ।

इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षिकाओं ने बच्चों की प्रतियोगिता आयोजित करवाई तदोपरांत सभी बच्चों ने अपने हुनर को राखी बना कर दिखाया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक से अनंत दो से अदिति तीन से सार्थ, चार से अंजली, पांच से आदित्य, छ से पियूष, सात से निखिल, आठ से रोली प्रथम स्थान पर रहीं। कक्षा एक से हसन दो से उदय, तीन से वंश, चार से अभिनय श्रृषभ, पांच से कुमुदिनी, छ से प्रिंस, सात से से, दुष्यंत दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा एक आरव दो से अरांशु, तीन से अनुराज, चार से कुशाग्र, छ से अभिषेक, सात से समर अली तृतीय स्थान पर विजय रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उनका मनोबल भी बढ़ाया। इस अवसर पर शिक्षक सोनल शर्मा, श्वेता वार्ष्णेय, विनीता अग्रवाल, रुचि वार्ष्णेय, खदीजा, नाज ,रीता, रितु, मीनल, प्रतिभा, नव्या, अंशु मीनाक्षी यादव, वर्तिका, मीनाक्षी, राधिका, विशाल, कनक मोहित,अमित उपस्थित रहे।

### राखी प्रतियोगिता में खुशबू ने पाया प्रथम स्थान

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** ब्राह्मण महिला सभा की ओर से रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में सनातन पब्लिक स्कूल में कक्षा छह ,सात और आठ की छात्राओं द्वारा राखी बनाने की प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी। जिसमें सभी छात्राओं ने अनिवार्य रूप से भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान कक्षा छह की छात्र खुशबू कक्षा सात की छात्रा आदिया तथा कक्षा आठ की छात्र खुशी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कक्षा छह की छात्रा अंशिका कक्षा सात की छात्रा हर्षिता तथा कक्षा आठ की छात्र आराध्या ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान कक्षा छह की छात्रा मानवी कक्षा सात की छात्रा सुमेधा तथा कक्षा आठ की परी ने प्राप्त किया। इसके अलावा कविता ,ईश्वी ,कनिष्का ,आध्या ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। श्वेता तिवारी ने कहा कि वे संस्कृति को नहीं भूल चाहिए और इसे आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए इस प्रकार की छोटी छोटी प्रतियोगिताओं से बच्चों में त्योहारों के प्रति उत्साह दोगुना बढ़ जाता है। सीमा शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने से बच्चों में रचनात्मकता का विकास होता है सरोज हटवाल द्वारा सभी को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में शालिनी गुप्ता, शशांक त्यागी ,शेफाली रस्तोगी ,ममता रस्तोगी ,हिमांशु गुप्ता मौजूद रहे इस अवसर पर सनातन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजीव चावा का विशेष सहयोग रहा

### ट्रांसफार्मर में लगी आग से मची अफरा-तफरी

**बबराला( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर गुन्नौर की तहसील के सामने रखे ट्रांसफार्मर में अचानक आग गयी। जिससे अफरा तफरी मच गयी। तार में स्पार्किंग होने से आग लग गयी। फिर तार टूट गया। गनीमत रही कि तार की जद में कोई नहीं आया। इससे बड़ा हादसा टल गया। तहसील पर काफी भीड़ रहती है।

### हाईवे पर लूटपाट करने वाले गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार, एक घायल

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार रात मुठभेड़ के दौरान लूटपाट करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान विपिन यादव (आगरा निवासी) और विवेक शर्मा (मध्य प्रदेश निवासी) के रूप में हुई है। विपिन को मुठभेड़ के दौरान गोली लगी है। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 तमंचे, 6 कारतूस और एक कार बरामद की है। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि दोनों बदमाश दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न इलाकों में लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते थे। विपिन पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# बारिश से लगातार बढ़ रहा गंगा का जलस्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

- स्नानार्थियों को सावधानी से स्नान करने की चेतावनी, प्रशासन की पैनी नज़र

**बबराला।** बारिश के चलते राजघाट गंगा घाट के बबराला गंगा घाट पर गंगा का जल स्तर बढ़ रहा है। जिसके चलते गंगा घाट पर स्नानार्थियों से सावधानी से स्नान करने की प्रशासन व समिति ने चेतावनी दी है।

राजघाट गंगा घाट के बबराला गंगा घाट पर गंगा का जल स्तर बढ़ गया। लोगों को जल का स्तर बढ़ा होने के कारण लोगों को ज्यादा गहरे तक में जाने से गोताखोर मना कर रहे थे।

राजघाट गंगा के गोले पर पानी के वहाव तेज चल रहा है। गंगा में जल बढ़ने से गंगा किनारे के बसे गांव के ग्रामीणों को बाढ़ की चिंता सताने लगती है।शुक्रवार को नरौरा बैराज पर शाम 4 बजे 221804 क्यूसेक पानी डाउन पर चल रहा है।जबकि गुरुवार को 172128 क्यूसेक पानी डाउन में था।इसमें वृद्धि हो रही है। गुन्नौर उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा ने बताया कि जल पर पूरी तरह से निगरानी रखी जा रही है।बाढ़ चौकियां स्थापित हैं।क्षेत्र में जल के बढ़ते-घटते जल स्तर पर प्रशासन की पैनी नजर है।

## रेलवे क्रासिंग पर सड़क के गड्ढों से लग रहा है लम्बा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** रेलवे क्रासिंग पर सड़क के गढडे जाम का कारण बन गए हैं। जिसमें उमस भरी गर्मी में यात्रियों को काफी परेशानी होती है। आज भी जाम के कारण वाहनों की अदोनों ओर लम्बी कतारें लग गईं पुलिस ने पहुंचकर जाम खुलवाया।

कस्बे के सम्भल मार्ग पर रेलवे क्रासिंग पर बनी सड़क में दोनों ओर गहरे गडढे हो गए है। गडढे में वाहन फंसने से दोनों ओर लम्बा जाम लग गया। जाम लगने से यात्रियों विशेषकर महिलाओं और बच्चों को उमस भरी गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।सूचना पाकर चौकी के उपनिरीक्षक धीरेन्द्र सिंह व हेड कांस्टेबिल सोबरन सिंह ने पहुंचकर जाम खुलवाया। लम्बा जाम होने के कारण पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# भाविप की राखी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत विकास परिषद सम्भल कल्कि शाखा द्वारा रक्षा बंधन पर्व पर राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित राखी मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार की पारंपरिक व आधुनिक राखियाँ बनाईं। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष प्राची गुप्ता अपनी पूरी टीम के साथ विद्यालय पहुँचीं और प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने बच्चों की कला व सृजनशीलता की सराहना की और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ न केवल बच्चों की प्रतिभा को मंच देती हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति और पर्वों के महत्व को भी नई पीढ़ी तक पहुँचाने का कार्य करती हैं। विद्यालय के प्रधाानाचार्य द्वारा



सम्भल- राखी प्रतियोगिता की प्रतिभागी को सम्मानित करती भाविप अध्यक्ष।

भारत विकास परिषद की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई और संस्था के सामाजिक योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में परिषद के अन्य पदाधिकारीगण, शिक्षकगण एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। विजयी बच्चों में अनन्या तोमर प्रथम नैना दितीय स्थान पर वह अवनी तृतीय स्थान पर रही। सरस्वती विद्या मंदिर के प्रिंसिपल सर को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया व विजई बच्चों को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्राची गुप्ता प्रांतीय उपाध्यक्ष शशि भूषण शास्त्री राकेश अग्रवाल कृष्ण शास्त्री सचिव मुदिता गुप्ता कोषाध्यक्ष शीतल गुप्ता की उपस्थिति रही

# संस्कृत के संरक्षण और संवधन की आवश्यकता

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में संस्कृत दिवस समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। जिसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा समूह में मधुराष्टकं का सुमधुर प्रस्तुतीकरण किया गया। कक्षा पाँचवीं की छात्रा रसिका ने अपनी भावपूर्ण वाणी से नृसिंह स्तुति प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जबकि कक्षा नौ के छात्र कमल और उत्कर्ष ने संस्कृत भाषा के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं वैश्विक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिससे छात्रें में संस्कृत के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने कहा कि संस्कृत के



बबराला-डीएवी में संस्कृत दिवस पर सम्बोधित करते।

संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि, 'संस्कृत' केवल एक दिवस मनाने की भाषा नहीं, बल्कि जीवन को उत्तम मार्ग और सच्चरित्रता प्रदान करने वाली भाषा है। संस्कृत को न केवल विद्यालय में, बल्कि दैनिक जीवन में भी अपनाना चाहिए। 'कार्यक्रम में उत्साह' अनुशासन और सांस्कृतिक गरिमा का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# गुन्नौर के अधिवक्ताओं ने एसीजेएम कोर्ट स्थापना की मांग

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

- पूर्व मंत्री ने की संस्तुति सीएम को सौंपा पत्र

**बबराला।** पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र देकर गुन्नौर तहसील मुख्यालय पर अपर मुख्य दंडाधिकारी के न्यायालय की स्थापना कराने हेतु वित्त विभाग उ.प्र. से स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है।

पर्व मंत्री व पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने सीएम योगी को दिये पत्र में कहा कि बार एसोसिएशन गुन्नौर के संलग्न प्रार्थना पत्र का अवलोकन करें। जिसमें जनपद सम्भल की तहसील गुन्नौर के मुख्यालय पर एसी.जे.एम. कोर्ट स्थापित कराने का अनुरोध किया है। उक्त प्रकरण मेरे संज्ञान में है। गुन्नौर तहसील की जनता को एसीद्गजेद्गएमद्ग कोर्ट कफी दूरी होने के कारण कफी दिक्कतें होती है। अधिवक्ताओं द्वारा काफी समय से मांग की जा रही है। एसी.जे. एम. के लिए कोर्ट रूम बार वेलफ्पेयर एसोसिएशन गुन्नौर द्वारा तैयार कराकर न्याय विभाग को सुपुर्द कर दिया है। एवं पत्रांक 10382/16-बी एडमिन (1;3) के द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने न्यायालय के बनाने के लिए संस्तुति प्रदान कर दी हैं। अब प्रमुख सचिव विधि उ.प्र. ने 06जनवरी 2025 को वित्त विभाग उ.प्र. से स्वीकृति लेने हेतु प्रेषित की है । बार वेलफेयर एसोसिएशन महासचिव हरिओम यादव ने बताया कि गुन्नौर के पूर्व विधायक अजीत कुमार राजू की पहल को प्रदेश के मुख्यमंत्री अवश्य संज्ञान में लेकर अधिवक्ताओ को एसी जेएम कोर्ट का तोहफा देंगे।

**नाम परिवर्तन**

मैने अपना नाम NAZARUL HASAN से बदलकर NAJARUL HASAN S/O RAMJANI ग्राम मिर्जापुर ककरौआ, पोस्ट देहपा सैद नगर जनपद मुरादाबाद जो कि गलत है। मुझे NAJARUL HASAN S/O RAMJANI पता मिर्जापुर ककरौआ तहसील/जिला सम्भल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना/पहचाना जाये। मरी पत्नी का नाम MAHAPARA है। उसे भी इसी नाम से जाना जाए।

# पानी में नहाने के लिए उतरा युवक, डूबा

## ● परिजनों ने काफी किया तलाश, नहीं मिल पाई लाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** तेज रफ्तार से खेतों की ओर चल रहा पानी युवक की मौत का कारण बन गया। नहाने के लिए पानी में उतरा युवक वापस नहीं आया कुछ लोगों ने कुछ दूरी पर एक बार हाथ उठे जाने की बात बताई लेकिन शाम तक की तलाश के बाद भी युवक का कोई पता नहीं लग पाया। घटना चौदरी अकबरपुर गांव की है गांव के नन्हे का पुत्र फरियाद मल्लीवाला मार्ग पर चल रहे पानी में नहाने के लिए गया था उसके साथ अन्य भी और कई लोग थे बताया गया कि वह ट्यूब पर बैठकर पानी का आनंद ले रहा था लेकिन तभी उसके हाथ से ट्यूब फिसल गई और वह गहरे पानी में समा गया लोगों ने कुछ दूरी पर उसे एक बार देखा लेकिन उसके बाद पता नहीं चला घटना की जानकारी फरियाद के परिजनों को मिली तो गांव एवं परिवार के काफी लोग मौके पर पहुंच गए गांव के तेराको ने उसे घंटो तक पानी मे तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। सूचना मिलने पर एसडीएम और तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण डूबे हुए युवक की तलाश कर रहे थे बतादे की रामगंगा नदी में पानी भरने के कारण यह पानी आसपास के खेतों से होकर गुजरने लगता है और पानी का तेज बहाव हर साल किसी न किसी को अपने साथ बहा कर ले जाता है अचानक गांव में हुई इस घटना से गम का माहौल है।

## काम का दबाव झेल रहे लेखपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** लेखपाल काम का दबाव अधिक होने के कारण परेशान हैं। विभाग में लेखपालों की संख्या कम है और एक लेखपाल पर तीन सर्किल का चार्ज है। गुरुवार को पुलिस लाइन बहजोई में सीएम योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। चन्दौसी तहसील में तैनात लेखपाल रजनीश को भी उक्त कार्यक्रम में तैनात किया गया। कार्यक्रम के दौरान रजनीश के दिल में दर्द उठा। उनके साथ ड्यूटी पर लेखपाल गोपाल ने बताया कि दर्द की वजह से वह बैठ गये, रात्रि में ड्यूटी के लेखपाल घर आ गये जहां उनकी हालत बिगड़ गई तो साथी लेखपाल संजीव ने उन्हें सुभाष रोड स्थित डा. श्याम वार्ष्णेय को दिखाया जहां मुरादाबाद ले जाने की सलाह दी। पत्नी शशि राणा ने बताया कि दो बच्चों में बेटा आरुष एवं एक बेटी है। अचानक मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# बच्चों को अपनी मां के नाम से पेड़ लगाने के लिए किया गया प्रेरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत नारी एवं बाल उत्थान समिति द्वारा पारकर इंटर कॉलेज में वृक्षारोपण किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी सिटी मुरादाबाद रणविजय सिंह द्वारा पौधारोपण करके शुभारंभ किया गया मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा सभी बच्चों से अपनी मां के नाम से एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यार्थियों को पौधों के महत्व के बारे में बताया समिति के अध्यक्ष मुकुल अग्रवाल ने बताया कि यह पौधा रोपण उन्होंने अपनी माता स्वर्गीय उषा अग्रवाल जी के जन्मदिन के पूर्व दिन पर मां के नाम से पधारोपण किया तथा उन्होंने संदेश दिया की हर बच्चे को अपने मां के नाम से पौधा लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल भी करनी चाहिए पीपल बरगद अंबला हरिशंकारी तथा सुंदर-सुंदर फूलों के पौधे लगाए गए समिति स्वास्थ्य प्रकृति नारी शक्ति को लेकर लगातार कार्य कर रही है समिति के अध्यक्ष ने बताया कि आज जो पौधे लगे हैं उनकी देखभाल करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा जो बच्चे सुचारू रूप से पौधे की देखभाल करेंगे तथा उसमें लगातार पानी देंगे उनका मुख्य अतिथि द्वारा भी पुरस्कृत किया जाएगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी सिटी रणविजय सिंह,मुकुल अग्रवाल, डॉ प्रदीप शर्मा,डॉक्टर विशेष गुप्ता,डॉ अनंत शर्मा, डॉ अतुल गुप्ता, विपिन गुप्ता, राम सिंह बिष्ट, अनामिका त्रिपाठी, बीपी सिंह, नीतू सक्सेना,अनुराग जैन, शिवांगी जैन, शुभंकर सिंह, डॉ महाजबी परवीन पारकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य तथा विद्यार्थी गण तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## एके इंटर कॉलेज में राखी प्रतियोगिता मनाई गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शुक्रवार नगर पंचायत पाकबड़ा स्थित ए,के इंटर कॉलेज में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विद्यालय के सभी बच्चों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस इंटर कॉलेज में सभी त्योहारों पर इस तरह के आयोजन किए जाते रहते हैं कॉलेज में सभी विद्यार्थियों ने रंगोलिया बनाकर एवं रखिए बांधकर एक दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया स्कूल के प्रबंधक राजबाला सिंह द्वारा सभी विद्यार्थियों को एक साथ रखकर एक दूसरे की कलाइयों मे राखिया बंध बाई गई स्कूल का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहे।

# मेवा नवादा रेलवे स्टेशन की बदहाल स्थिति, यात्रियों के लिए बना खतरा

## मंडलीय रेलवे कार्यालय से सिर्फ 35 किमी दूर यात्रियों की जान खतरे में, सांप-बिच्छू और मलेरिया का डर

**■ मेवा नवादा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर घास, रास्ता पानी में, प्रशासन सो रहा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडलीय रेलवे प्रबंधक कार्यालय से मात्र 35 किलोमीटर दूर स्थित मेवा नवादा रेलवे स्टेशन की स्थिति बेहद दयनीय है। स्टेशन का नजारा देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो यात्री किसी घने जंगल में आ गए हों। प्लेटफार्म पर दो से तीन फीट ऊंची घास उग आई है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डी आर यू सी के सदस्य डॉ० पवन कुमार जैन ने मेवा नवादा स्टेशन के प्लेटफार्म पर उतरने का प्रयास किया लेकिन इतनी अधिक घास और गंदगी के कारण उतारने का साहस नहीं कर पाए। रेलवे स्टेशन तक पहुंचने का मार्ग भी किसी दुश्वार सफर से कम नहीं। सड़क पर दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ है, जो न केवल यात्रियों के लिए बल्कि आसपास के निवासियों के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। इस पानी और ऊंची घास में कीड़े-मकोड़े, सांप-बिच्छू का डर हमेशा बना रहता है। स्टेशन परिसर में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थिति इतनी खराब है कि रात्रि में प्लेटफार्म पर लाइट तक उपलब्ध नहीं रहती, जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं और भी बढ़ जाती हैं। स्थानीय लोगों और यात्रियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद रेलवे प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। क्षेत्रवासी मांग कर रहे हैं कि प्लेटफार्म की सफाई, मार्ग की





मरम्मत और प्रकाश व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा बहाल हो सके।

# डीएम ने कलक्ट्रेट स्थित मुशायरा ग्राउंड में किया रुद्राक्ष का पौधारोपण



**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित मुशायरा ग्राउंड में रुद्राक्ष का पौधरोपण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि सावन के माह में रुद्राक्ष के पौधे को लगाने का अभियान शुरु किया है, रुद्राक्ष का पौधा औषधीय दृष्टि से काफी गुणकारी एवं लाभकारी है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी नगर सुश्री ज्योति सिंह, डा0 विशेष गुप्ता, डा0 प्रदीप गुप्ता आदि उपस्थित रहें।

# टिमिट में भारतीय अर्थव्यवस्था में स्टार्टअप की भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में, एंटरप्रिन्योर डेवलेपमेंट सेल (ईडीसी) द्वारा श्भारतीय अर्थव्यवस्था में स्टार्टअप की भूमिकाश विषय पर एक हाइब्रिड मोड सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और युवा उद्यमियों को स्टार्टअप इकोसिस्टम, इनोवेशन और उद्यमिता की बारीकियों से अवगत कराना था, जिससे वे देश की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक योगदान दे सकें। इस कार्यक्रम में मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. राखी त्यागी (सहायक प्रोफेसर, जीएनआईओटी, इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज) और श्री अपार शर्मा (सहायक प्रोफेसर एवं एनसीसी कोऑर्डिनेटर, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी) ने अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने स्टार्टअप्स के महत्व, निवेश एवं फंडिंग के अवसर, सरकारी नीतियों और डिजिटल प्लेटफॉर्म की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। समापन संबोधन में प्रो. विपिन जैन, डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, ने कहा कि आज के समय में स्टार्टअप्स केवल व्यवसाय शुरू करने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक




महत्वपूर्ण कदम हैं। हमें चाहिए कि हम अपने विद्यार्थियों में नवाचार, जोखिम लेने की क्षमता और समस्या समाधान कौशल का विकास करें। इस तरह के आयोजन युवाओं को नई सोच और अवसर प्रदान करते हैं, जो देश की आर्थिक प्रगति को नई दिशा देंगे।

## आगामी धार्मिक शोभायात्राओं को लेकर कोतवाली में हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शुक्रवार को कोतवाली में आगामी धार्मिक शोभायात्राओं के आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन और आयोजनकर्ताओं की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में शोभायात्राओं में शामिल होने वाली झांकियों, डीजे एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सीओ अनुज चौधरी ने सभी आयोजनकर्ताओं से अपील की कि वे सभी धार्मिक कार्यक्रमों को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि नियमों का पालन करते हुए सभी को सहयोगात्मक माहौल बनाना चाहिए। बैठक में प्रभारी निरीक्षक मोहित बालियान तथा गिरीश रतन, देवेंद्र मोनू, तुषार क्रिस्टल, विवेक चौधरी, मयंक वार्ष्णेय, आकाश आहुजा, मनीष नारायण, वैभव वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# तकनीकी युग में ज्ञान के संग-संग व्यावहारिक दक्षता भी जरूरीः प्रो. द्विवेदी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी में जूलिया प्रोग्रा. मिंग द्वारा आंकड़ा विज्ञान, एंड्रॉइड ऐप विकास (कोटलिन), सीसीएनए नेटवर्किंग, पीएचपी द्वारा वेब विकास, ओरेकल में एसक्यूएल, क्वेरी लेखन, जावा प्रोग्रामिंग, पाइथन प्रोग्रामिंग, आईओटी, ग्राफिक्स डिजाइन और मशीन लर्निंग मॉडलिंग सरीखे तकनीकी रूप से समसामयिक विषयों पर प्रोफेशनल शॉर्ट टर्म वैल्यू ऐडेड कोर्सेस का प्रशिक्षण दिया गया। प्रोफेशनल शॉर्ट टर्म वैल्यू ऐडेड कोर्सेस में थ्योरी और प्रैक्टिकल में अधिकतम 75 छात्रों को प्रति कोर्स 80 घंटे का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें जिसमें 40 घंटे सैद्धांतिक और 40 घंटे व्यावहा. रिक शिक्षण शामिल रहा। साथ ही स्टुडेंट्स ने डेटा विश्लेषण, मोबाइल ऐप्स, वेब अनुप्रयोग, नेटवर्किंग, डेटाबेस प्रबंधन, कोडिंग, सेंसर-आधारित स्मार्ट डिवाइस, और मशीन लर्निंग के व्यावहारिक पहलुओं पर कार्य किया। स्टुडेंट्स ने परियोजनाओं, प्रेजेंटेशन और केस स्टडीज के माध्यम से अपने नवाच. ार और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का उद्देश्य स्टुडेंट्स को न केवल अकादमिक ज्ञान, बल्कि समसामयिक तकनीकी दक्षताओं में कुशलता प्रदान करना था। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के बहु-विषयक, कौशल-प्रधान और रोजगारोन्मुख शिक्षा के उद्देश्य के अनुरूप रहा। सभी पाठ्यक्रम ऑफलाइन माध्यम से संचालित किए गए। इंटर्नशिप के पात्र स्टुडेंट्स को प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण का लाभ भी मिला।

# डीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की हुई समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

बिलारी में गन्ना संस्थान की प्रगति काफी खराब होने तथा मुख्य बिल्डिंग को छोड़कर अन्य कार्य कराए जाने पर जिलाधिकारी ने काफी नारा. जगी व्यक्त करते हुए पहले मुख्य भवन को बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को प्रगति विवरण का चार्ट रिपोर्ट उपलब्ध कराने के साथ ही प्रतिदिन करायी गयी प्रगति के फोटो उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा कार्य पूर्ण होने की तिथि के उपरान्त ही कार्य पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण द्वारा नमामि गंगे 25 एमएलडी सैटअप तथा रुस्तमनगर सहसपुर में निर्माणाधीन परियोजना में कार्य प्रगति धीमी होने पर जिलाधिकारी ने तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए।

उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा मुरादाबाद में गन्ना किसान संस्थान एवं छात्रावास, यूपी सिडको द्वारा सीड स्टोर एण्ड टैक्नोलाजी डेमीनेशन सेन्टर, जटपुरा में इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजूकेशन, सीएनडीएस द्वारा बिलारी में प्रशासनिक भवन, ठाकुरद्वारा में श्री हनुमान समाधि, प्रेम सन्यास आश्रम नियास का पर्यटन, ग्राम खदाना में शौचालय ब्लाक की स्थापना तथा अतिरिक्त कक्षाएं मल्टीपरपज हाल की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाकर समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अर्थ संख्याधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित सीएनडीएस, यूपीपीसीएल, आरईएस, उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन, उत्तर प्रदेश जल निगम, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद, यूपी सिडको, उत्तरप्रदेश राजकीय निर्माण निगम, सेतु निगम, पैकफेड, लघु उद्योग आदि कार्यदायीं संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहें।

# सफाईकर्मियों व मातृशक्ति ने किया सम्मान समारोह आयोजित

**चन्दौसी।** शुक्रवार को नगरपा. लिका परिषद चन्दौसी में समस्त सफाई कर्मचारीगण एवं मातृशक्ति द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस यूनियन के जिघ्लाध्यक्ष नंदू कुमार वाल्मीकि, शिवनंदन वाल्मीकि, आनन्द वाल्मीकि एवं श्रेष्ठ गौतम का पगड़ी एवं गेंदे की मालाओं से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कर्मचारीगणों ने गर्व से कहा कि जब से नंदू वाल्मीकि ने जिघ्लाध्यक्ष का पदभार संभाला है, तब से नगरपालिका परिषद द्वारा कर्मचारियों की हर मांग को गंभीरता से स्वीकार किया गया है। वर्षों से रुके वेतन की प्राप्ति में नंदू वाल्मीकि के नेतृत्व और संघर्ष ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही कई कर्मचारियों का वेतन लंबे समय से लंबित था, जिसका समाधान एक दिन पूर्व नंदू वाल्मीकि के अथक प्रयासों से हो पाया। इस सुखद समाच. ार से कर्मचारियों में नई ऊर्जा, खुशी और आभार का संचार है। सम्मान समारोह में नंदू वाल्मीकि ने कहा कि वह हर समय अपने समाज व कर्मचारियों के साथ सुख दुःख में खड़े रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि यह पुनीत कार्य समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी के बिना सहयोग के असंभव था। साथ ही नंदू वाल्मीकि ने नगरपा. लिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शि. वनंदन वाल्मीकि, शैलू वाल्मीकि, नीरज वाल्मीकि, ऋतिक वाल्मीकि, राजू वाल्मीकि, आशीष वाल्मीकि, बाबू वाल्मीकि, छोटू वाल्मीकि, शांतनु वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, सुदीप, लल्ला वाल्मीकि, बाबू, सर्वेश देवी, विजय देवी, रीता देवी, सरोज देवी, मुन्नी, अनीता, कुसुम, उर्मिला देवी, दीपू रानी, इंदिरा, द्रोपदी रानी, कंचन आदि शामिल रहे।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मुरादाबाद वाद सं0 318/2024 वर्ष 2025 धनराशि 154000+अन्य का बाकीदार श्री इदरीश पुत्र सूखा निवासी लालपुर हमीर तहसील बिलारी, मुरादाबाद की चल सम्पत्ति कुर्क किये जाने के पश्चात चल सम्पत्ति-सुपर स्पलेण्डर मोटर साईकिल नम्बर-यूपी 21 बी.एफ. 0491 (1) फ्रीज (1) लकड़ी की अलमारी (2) लोहे की अलमारी (1) डबलबैड (1) उपरोक्त सामान नीलामी हेतु दिनांक 19.08.2025 समय 11.00 बजे दिन तहसील प्रांगण तहसील बिलारी में की जायेगी। आम जनता को सूचना दी जाती है कि नीलामी में समय से प्रतिभाग कर अधिक से अधिक बोली लगाकर नीलामी का लाभ उठाये।

**उपजिलाधिकारी**
**बिलारी।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र नवनीत सिंह, पुत्रवधू श्रीमती मुनीता व पौत्र पंकज कुमार को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **राजवीर सिंह पुत्र धलेन्द्र सिंह उर्फ घलेंद्र सिंह निवासी लालपुर तीतरी, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**हेतु संर्दिशत करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय श्रीमान अपर जनपद सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-14 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**सिविल रिवीजन सं०:** 79 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 18.08.2025
**अजय मल्होत्रा बनाम मैसर्स आर०बी० ओवरसीज आदि।**

अजय मल्होत्रा पुत्र स्वर्गीय श्री राज कुमार मल्होत्रा निवासी 41 आर्य नगर स्टेशन रोड मुरादाबाद वर्तमान निवासी ए-5 सेक्टर 11 नया मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

1. मैसर्स आर0 बी0 ओवरसीज, 57, हरथला इंडस्ट्रियल एरिया ग्राम मऊ, कांठ रोड, मुरादाबाद द्वारा अपने कथित पार्टनर रजनीश भाटिया, 2. श्रीमती अंजू ढल पत्नी राजीव ढल निवासनी शांति नगर, पुलिस लाइन मन्दिर के सामने, सिविल लाइंस, मुरादाबाद, 3. श्रीमती अर्चना भाटिया पत्नी श्री रजनीश भाटिया निवासी डी-74, दीनदयाल नगर, मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवे. दन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 08 के दिवस 18 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 08 के दिवस 07 को निकाली गयी है।

**अलहमद**
**अपर जनपद सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-14, मुरादाबाद।**

**हेतु संर्दिशत करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय श्रीमान अपर जनपद सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-14 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**सिविल रिवीजन सं०:** 80 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 18.08.2025
**अजय मल्होत्रा बनाम मैसर्स आर०बी० ओवरसीज आदि।**

अजय मल्होत्रा पुत्र स्वर्गीय श्री राज कुमार मल्होत्रा निवासी 41 आर्य नगर स्टेशन रोड मुरादाबाद वर्तमान निवासी ए-5 सेक्टर 11 नया मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

1. मैसर्स आर0 बी0 ओवरसीज, 57, हरथला इंडस्ट्रियल एरिया ग्राम मऊ, कांठ रोड, मुरादाबाद द्वारा अपने कथित पार्टनर रजनीश भाटिया, 2. श्रीमती अंजू ढल पत्नी राजीव ढल निवासनी शांति नगर, पुलिस लाइन मन्दिर के सामने, सिविल लाइंस, मुरादाबाद, 3. श्रीमती अर्चना भाटिया पत्नी श्री रजनीश भाटिया निवासी डी-74, दीनदयाल नगर, मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवे. दन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 08 के दिवस 18 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 08 के दिवस 07 को निकाली गयी है।

**अलहमद**
**अपर जनपद सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-14, मुरादाबाद।**

**हेतु संर्दिशत करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय श्रीमान अपर जनपद सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-14 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**सिविल रिवीजन सं०:** 78 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 18.08.2025
**अजय मल्होत्रा बनाम मैसर्स आर०बी० ओवरसीज आदि।**

अजय मल्होत्रा पुत्र स्वर्गीय श्री राज कुमार मल्होत्रा निवासी 41 आर्य नगर स्टेशन रोड मुरादाबाद वर्तमान निवासी ए-5 सेक्टर 11 नया मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

1. मैसर्स आर0 बी0 ओवरसीज, 57, हरथला इंडस्ट्रियल एरिया ग्राम मऊ, कांठ रोड, मुरादाबाद द्वारा अपने कथित पार्टनर रजनीश भाटिया, 2. श्रीमती अंजू ढल पत्नी राजीव ढल निवासनी शांति नगर, पुलिस लाइन मन्दिर के सामने, सिविल लाइंस, मुरादाबाद, 3. श्रीमती अर्चना भाटिया पत्नी श्री रजनीश भाटिया निवासी डी-74, दीनदयाल नगर, मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवे. दन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 08 के दिवस 18 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 08 के दिवस 07 को निकाली गयी है।

**अलहमद**
**अपर जनपद सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-14, मुरादाबाद।**

## गाली-गलौज व मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** नगर में रात को टहलने निकले एक युवक पर कुछ युवकों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर मौके पर लोग इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। नगर के मोहल्ल फतेहउल्ला गंज, वार्ड 1 निवासी अमन पुत्र स्व सुरेश कुमार,3अगस्त को रात्रि घर से टहलने निकले थे। तभी रास्ते में जयवीर पुत्र नन्हे सिंह, अनिकेत पुत्र नामालूम, राहुल पुत्र नामालूम, निवास. ीगण ग्राम रूपपुर टडोला, तथा दो अज्ञात युवक वहां आ पहुंचे और अमन से गाली-गलौच करने लगे। गाली गलौज का विरोध करने पर आरोपी आग बबूला हो गए और लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से अमन पर हमला कर दिया। वही कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मुर्गी फार्म पर तमंचा चेक करते समय चली गोली, युवक की मौके पर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** गुरुवार रात कोतवाली क्षेत्र के गांव आलमगीरपुर में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब मुर्गी फार्म पर तमंचा चेक करते समय अचानक गोली चलने से 25 वर्षीय युवक प्रदीप कुमार की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव आलमगीरपुर निवासी ठकरी सिंह का सबसे छोटा पुत्र प्रदीप कुमार मुर्गी पालन का व्यवसाय करता था। साथ ही वह ब्याज पर पैसे देने का काम भी करता था। गुरुवार देर शाम गांव के ही कुछ युवक उसे अपने साथ ले गए। बताया जा रहा है कि प्रदीप अपने निजी मुर्गी फार्म पर दोस्तों के साथ बैठा था, जहां तमंचा चेक करते समय अचानक गोली चल गई। गोली लगने से प्रदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन मौके की ओर दौड़े और आनन-फानन में प्रदीप को लेकर उत्तराखंड के काशीपुर स्थित अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव को गांव वापस ले आए। सूचना मिलते ही कोतवाल जसपाल सिंह ग्वाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रदीप कुछ



युवकों के साथ गांव में ही किसी स्थान पर बैठा था, जहां तमंचा चेक करते समय फायर बैक मारने से गोली चल गई और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## मौलागढ़ पुलिया के पास नाले में शव मिलने से हड़कंप

**चन्दौसी।** बहजोई रोड स्थित मौलागढ़ की पुलिया के पास नाले में शव मिलने से अचानक सनसनी फैल गयी। यहां बताते चलें कि मौलागढ़ की पुलिया पर नाले से तेज दुर्गन्ध आ रही थी। सफाईकर्मियों को नाले की सफाई करते समय एक शव दिखाई दिया। सूचना पर सीओ अनुज चौधरी व इंस्पेक्टर मोहित बालियान पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया जो कि गला हुआ था। प्रतीत हो रहा था कि लगभग 15 दिनों से अधिक समय नाले में पड़ा हो। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, हालांकि शव को देखकर लग रहा था कि मृतक की आयु लगभग 40 वर्ष होगी। मृत व्यक्ति भी नशे के कारण नाले में गिर गया होगा और निकल नहीं पाया हो। लोग अपने-अपने तरह से कयास लगाने में लगे रहे।

# आम दल निषाद पार्टी ने विधायक को ज्ञापन देकर निकाला पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आमदल निषाद पार्टी ने आज क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन दिया और समस्याओं के निदान की मांग उठाई इसके बाद उन्होंने सड़क पर पैदल मार्च भी निकाला।

ज्ञापन में कहा गया कि निषाद केवट कश्यप धीमर आदि मछुआ जातियों को पिछडी जाति सूची से निकलकर अनुसूचित जनजातियों में शामिल किया गया है लेकिन इसके बावजूद भी इन जातियों को पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। जो की अधिसूचना का उल्लंघन है उन्होंने इन जातियों को ओवैसी से नाम खारिज कराए जाने की मांग उठाई और कहा कि इस मामले को लेकर विधानसभा में



आवाज उठाते हुए उनकी समस्या का समाधान किया जाए। इसके अलावा उन्होंने उत्तर प्रदेश में उत्तराखंड राज्य की तर्ज पर बिल पारित कर माली पासी नाम की अलग से कोई जाति न होकर जातियों का एक समूह है जिसकी पर्यायवाची जाती कहार कश्यप केवट निषाद प्रजापति राजभर आदि है इन्हें परिभाषित किया जाए इस मौके पर राजीव कश्यप अजय कश्यप महिपाल कश्यप मुकेश कश्यप सौरभ कश्यप एवं जिला अध्यक्ष मनोज कुमार निषाद आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# नगर में चारों ओर छाया रक्षाबंधन का उल्लास

## शिशु मंदिर की बहनों ने अधिकारियों को बांधी राखी, सड़कों पर भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** चारों ओर रक्षाबंधन का हर्षोल्लास है। शुक्रवार की सवेरे 6:00 से यूपी रोडवेज में बहनों के साथ सहयात्री की निशुल्क यात्रा आरंभ हो गई है जिसको लेकर बहनों में खुशी है पहली बार सहयात्री को साथ ले जाने के निर्णय पर सभी सरकार की और अधिक सराहना कर रहे हैं। रक्षाबंधन को लेकर सड़कों पर वाहनों की भीड़ अधिक बढ़ गई है, यातायात सुचारू रखने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ रही है। बसें भी भरकर चल रही हैं बहनें राखियां और मिठाई लेकर अपने गंतव्य की ओर पहुंच रही हैं बाजार में मिठाई की दुकानें सजी हुई हैं। इधर शिशु मंदिर की बहनें अपने आचार्यों के साथ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को राखी बांधकर रक्षा का वचन ले रही हैं। इससे अधिकारी भी खुश दिखाई दिए और छात्राओं का इसके लिए आभार जताया।

श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरपुरक. ाशी के प्रधानाचार्य भानु प्रताप गंग. वार, खेल शिक्षक ऋषिपाल सिंह यादव के साथ तान्या, हिमांशी सैनी, महक रानी, दृष्टिपाल, सानवी, रिंकी, गरिमा पाल, रेनू यादव संध्या सिंह आदि ने एसडीएम विनय कुमार सिंह, सीओ अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा को राखी बांधी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र बिलारी की बीके अनीता, रीना दीदी ने डॉ देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बिलारी के अलावा पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, एसडीएम विनय कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा के अलावा व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन को शिव परमात्मा की राखी बांधी जो माउंट आबू मुख्यालय से आई हुई है माउंट आबू मुख्यालय आश्रम में निर्मित हैं उन्होंने बताया कि यह शिव बाबा का आशीर्वाद है यह तिलक आत्मिक स्मृति का है इसके साथ उन्होंने शिव संदेश पत्रिका, ओम शांति ज्ञान अमृत पत्रिका आदि भेंट की उनके साथ सहयोगी के रूप में देवेंद्र गांधी भी थे।

# जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में क्वांटम टेक्नोलॉजी पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के एस.एम. इंटर कॉलेज में शुक्रवार को जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी-2025 का आयोजन 'क्वांटम युग का आरंभ: संभावनाएं एवं चुनौतियां' विषय पर किया गया जिसमें 15 विद्यालयों के चयनित छात्र-छात्राओं ने अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और प्रस्तुति कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं ने क्वांटम टेक्नोलॉजी की संभावनाएं जैसे क्वांटम कंप्यूटिंग, डेटा सुरक्षा, चिकित्सा क्षेत्र में अनुप्रयोग और भविष्य की वैज्ञानिक संरचना पर विचार प्रस्तुत किए। साथ ही, इस युग की चुनौतियों जैसे तकनीकी साक्षरता, संसाधनों की आवश्यकता और नैतिकता के प्रश्नों पर भी गहन दृष्टिकोण साझा किया। निर्णायक मंडल में रूपेश कुमार (प्रवक्ता, एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी), कनिका कौर (अध्यापिका, राजकीय इंटर कॉलेज, लहरावन) तथा कुंवर पाल (प्रवक्ता, चंदौसी इंटर कॉलेज, चंदौसी) रहे। प्रथम स्थान पर हिफ्जा परवीन (ब्रजरतन सुंदर आर्य कन्या इण्टर कॉलेज सम्भल) व द्वितीय स्थान पर नेहा (बी.एम.जी इण्टर कॉलेज चंदौसी) रहीं।

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों और सहयोगी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर नोडल प्रभारी संजीव कुमार सक्सैना (प्रधानाचार्य, जी.आई.सी. बेरनी), सह नोडल प्रभारी नाजिया नोमान




(प्रवक्ता, पं0 दीनदयाल उ0रा0 मा0इ0का0 नादरौली सम्भल), आयोजन प्रभारी मोहम्मद इमरान (अध्यापक, एस.एम. इंटर कॉलेज, चंदौसी), योगेश बाबू, मनोज कुमार, नेमचंद, लोकेश यादव, नेहा श्रीवास्तव, जटाशंकर, आकाश शर्मा, गणेश सिंह, मोहम्मद सलीम, अभिषेक गौतम, खमण सिंह, विनीता रानी सुंदर पाल सुनील कुमार, सत्यपाल, अनूप सिंह, दीपशिखा, अनु कौशल, जगदीश सिंह, अभिषेक कृष्ण अवतार आदि विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# तीन दिन पहले बहा युवक, डूडा नदी में मिला शव

## एसडीआरएफ टीम पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने ढूंढ निकाला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** तीन दिन पूर्व तेज बहाव के पानी में बहा युवक शुक्रवार सुबह मृत अवस्था में मिला। युवक का शव डूडा नदी में घटनास्थल से लगभग तीन किलोमीटर दूर तैरता मिला। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की, जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। बंदेवाली मंडैया गांव निवासी 28 वर्षीय सौरभ उर्फ विक्की बुधवार शाम करीब सात बजे अपने पिता राजवीर सिंह के साथ सुरजन नगर से घर लौट रहा था। पिता बाइक से और विक्की साइकिल से साथ चल रहे थे।

डूडा नदी में आए उफान के कारण कनकपुर-बंदेवाली मंडैया रोड पर पानी का तेज बहाव था। राजवीर सिंह किसी तरह सड़क पार कर गए, लेकिन विक्की पानी के तेज बहाव में बह गया। शुरुआत में परि. जनों और ग्रामीणों को लगा कि विक्की तैरकर निकल जाएगा, लेकिन कुछ ही पलों में वह आंखों से ओझल हो गया। पिता और राहगीरों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और स्थानीय गोताखोरों की मदद से रात्रि में ही तलाश शुरू कर दी गई, परंतु सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह नायब तहसीलदार आदित्य मौर्य ने मौके का निरीक्षण किया और एसडीआरएफ टीम बुलाने का आश्वासन दिया। शाम तक टीम नहीं पहुंची तो एसडीएम प्रीति सिंह और सीओ रुद्र कुमार भी मौके पर पहुंचे और शुक्रवार सुबह एसडीआरएफ की टीम से तलाश कराए जाने की बात कही। हालांकि शुक्रवार सुबह ही ग्रामीणों को शव घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर डूडा नदी में तैरता दिखाई दिया। परिजनों ने शव की पहचान सौरभ के रूप में की। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने परिजनों को ढांढस बंधाया और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। जिसमें परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 'स्वतंत्रता संग्राम से अमृत काल तक': एसएम कॉलेज में राष्ट्रीय ध्वज की यात्रा पर हुई चर्चा

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत एस.एम. डिग्री कॉलेज चंदौसी में शुक्रवार को रासेयो के तत्वाधान में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की अमृत यात्रा के विषय में विद्यार्थियों को विस्तार से बताते हुए राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्र के प्रति स्वयं को समर्पित करने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य (डॉ.) हेमंत कुमार ने कहा कि वैदिक काल से ही व्यक्ति और राष्ट्र में द्वंद होने की स्थिति में राष्ट्र को सर्वोपरि माना गया है; प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह देश के प्रति के प्रति आस्था हर स्थिति में बनाए रखे। प्रोफेसर (डॉ.) ए.पी. सिंह ने राष्ट्रीय प्रतीकों के विषय में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस ध्वज को परतंत्रता के युग में लेकर घूमना अपराध था, आज हम स्वतंत्र वातावरण में अपने



राष्ट्र के शहीदों की वजह से लेकर घूम पा रहे हैं। अतः हमारा कर्तव्य है कि हम राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपनी आस्था और समर्पण बनाए रखते हुए देश के प्रति नतमस्तक रहे। डॉ विशेष कुमार पाण्डेय ने चार्ट और फ्लेक्सी के माध्यम से भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की अमृत यात्रा के प्रत्येक चरण के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर प्रो. डा. जितेन्द्र, डॉ. नीरज मलिक, अजीत सिंह, प्रोफेसर (डॉ. ) आर.ए.एस. यादव, डॉ अजय प्रकाश, शिवम सिंह, डॉ सचिन सिंह, लोकेश कुमार, पंकज अग्रवाल, सुभाष कुमार, वीर सिंह, दीपमाला, अंकित शर्मा, आकाश, निर्दोष यादव, मुनेश कुमार सहित महाविद्यालय परिवार की सभी सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# उप गन्ना आयुक्त ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद हरपाल सिंह एवं महाप्रबंधक गन्ना टी.एस. यादव ने शुक्रवार को त्रिवेणी चीनी मिल, रानीनांगल से जुड़े बाढ़ प्रभावित ग्रामों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और राहत कार्यों की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान करनपुर, तिगरी, हाजीनांगला, मुस्तफाबाद, रेहटामाफी, सैजनी, मूलावान, धींगरपुर, गुतावली, मलकपुर सेमली, बालापुर, अलियाबाद, रानीनांगल ईशापुर, मोहद्दीनपुर व भूड़ आदि गांवों का दौरा किया गया। किसानों ने बताया कि बाढ़ के कारण गन्ने की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कई खेतों में पानी भर गया है और फसलें गिर गई हैं। उप गन्ना आयुक्त ने किसानों को सलाह दी कि जिन खेतों में जलभराव है, वहां तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। साथ ही जहां फसलें गिरी या झुकी हुई हैं, उनकी शीघ्र बंधाई की जाए ताकि नुकसान को कम किया जा सके। निरीक्षण के बाद उप गन्ना आयुक्त ने चीनी मिल परिसर में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत जागरूकता रैली भी निकाली और लोगों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस दौरान महाप्र. बंधक गन्ना टी.एस. यादव ने किसानों से कहा कि वे इस प्राकृतिक आपदा की घड़ी में धैर्य बनाए रखें। चीनी मिल प्रशासन किसानों को हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन देने के लिए तत्पर है। उन्होंने किसानों से अपील की कि आगामी शरदकालीन गन्ना बुवाई में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों का चयन करें और अधिक रकबे में खेती करें, ताकि भविष्य में बेहतर उत्पादन सुनिश्चित किया जा सके।

## प्रेमजाल में फंसा कर नाबालिग से दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाने के आरोप में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी को प्रेमजाल में फंसा कर बहला-फुसलाकर दुष्कर्म कर गर्भपात करा दिया और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में पीड़िता की मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने डिप्टी एसपी रुद्र कुमार सिंह को तहरीर देकर के बताया कि उत्तराखंड के काशीपुर निवासी सुहैल पुत्र बाबू ने उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को प्रेमजाल में फंसाकर पहले उससे बातचीत शुरू की, फिर चोरी-छिपे मिलने-जुलने लगा। आरोप है कि युवक ने किशोरी को होटल में ले जाकर नशीला पदार्थ पिलाया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। और गर्भपात करा दिया। इस दौरान आरा. ेपी ने वीडियो भी बना लिया और उसे ब्लैकमेल करता रहा। आरोपी ने धमकी दी कि यदि उसने विरोध किया या शादी की बात की, तो वह उसके अश्लील वीडियो वायरल कर देगा। वादी महिला का यह भी आरोप है कि जब पीड़िता ने युवक की मां को फोन कर पूरी घटना बताई, तो आरोपी की मां, बहन और परिजनों ने उसे गालियां दीं और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी। नाबालिग लड़की मानसिक और शारीरिक रूप से बुरी तरह टूट चुकी है तथा घर में चुपचाप रहने लगी थी। कई बार पूछने पर उसने रोते हुए पूरी आपबीती अपनी मां को बताई। प्रकरण को लेकर पीड़िता की मां ने डिप्टी एसपी को नामजद तहरीर सौंपकर आरा. ेपी युवक और उसके परिजनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चुनाव आयोग की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया का विरोध

**ठाकुरद्वारा।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन नयाब तहसीलदार को सौंपा है। जिसमें चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का विरोध किया गया है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि इस प्रक्रिया के माध्यम से गरीब और मेहनतकश खासकर अल्पसंख्यको मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बिना सूचना के हटाए जा रहे हैं। पार्टी नेताओं ने इसे संविधान के विरुद्ध और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करार दिया है। पार्टी ने मांग की है कि इस विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए और इस प्रकार की संदिग्ध नागरिक जांच कार्रवाई को पूरी तरह समाप्त किया जाए, जिससे देश की एकता और लोकतंत्र की गरिमा बनी रहे। इस दौरान दयाराम, साहनी शाकिर, मोहम्मद शहीद, धर्मपाल सिंह, निर्मल सिंह, हरसरूप सिंह, मोहम्मद यासीन, जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

## बलात्कार करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बिलारी।** नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर ले जाकर बलात्कार करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली के एक गांव निवासी एक महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 14 मई को उसकी नाबालिग बेटी को कोतवाली क्षेत्र के गांव नूरुद्दीनपुर गंज निवासी बिट्टू पुत्र चरण सिंह उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। उसने अपने चाचा मनवीर के सहयोग से उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कोतवाली पुलिस ने 8 अगस्त की दोपहर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं।

## तिरंगा यात्रा और स्वतंत्रता सप्ताह को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक



**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की बैठक बीएस इंटर कॉलेज, रामूवाला गणेश में स्थित बीएस गार्डन में आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गई। क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की बैठक बीएस इंटर कालेज रामूवाला गणेश में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह शामिल हुए। उन्होंने आगामी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान व तिरंगा यात्रा समेत विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपीं। जिसमे 10 अगस्त से 15 अगस्त तक पार्टी द्वारा विभिन्न राष्ट्रभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 12 अगस्त से 14 अगस्त तक क्षेत्र में स्थित स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले सेनानियों का सम्मान भी किया जाएगा।वही पार्टी के हर कार्यकर्ता को अपने घर पर तिरंगा लगाकर उसकी सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा करनी होगी। 13 अगस्त को नगर में भाजपा नगर मंडल की ओर से शाम 4 बजे भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। वहीं, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा। उधर आगामी ग्राम पंचायत चुनावों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया और चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि ठाकुर अजय प्रताप सिंह को राखी बांधकर रक्षाबंधन भी मनाया, जिससे कार्यक्रम भावनात्मक रूप से भी यादगार बन गया। बैठक में नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार चौहान, दिनेश कुमार प्रजापति, पवन पुष्पद, भाजपा विधानसभा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, जितेंद्र सिंह चौहान, संजय संजीव चौहान, सुधीर नायक, उदयवीर सिंह, प्रदीप कुमार पाल, धर्मेंद्र सिंह, डॉक्टर आफताब हाशमी, भूपेंद्र सिंह चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपेश रानी चौहान, जयवीर सिंह चौहान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला हर्ष नगर में भाजपा सभासद राकेश यादव के कार्यालय पर मंडल बिलारी की हर घर तिरंगा अभियान को लेकर मंडल कार्य योजना की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा वार्ता की गई। कार्यक्रम में कमल प्रजा. पति जिला महामंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कहा कि स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष पार्टी के कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ तिरंगा यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित करते हुए देश की एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प लेते हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व सेवा का शौर्य एवं पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से ऑपरेशन सिंदूर पूर्णता सफल रहा। यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नया समृद्धशाली शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत है। सभी को इस पर गर्व है। पूरे देश भर में हर्षोल्लास के साथ हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति के कार्यक्रम ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद मनाया गया। संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर चर्चा करते हुए यह कहा भारत के विजयोत्सव और गौरवगान का सत्र है कि यह विजयोत्सव आतंक हेड क्वार्टर को मिट्टी में मिलाने का है। यह विजयोत्सव सिंदूर की सौगंध को पूरा करने का है यह विजयोत्सव



भारत की सेवा के शौर्य और सामर्थ्य का है। संसद के इस सत्र में पहलगाम घटना के उपरांत ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं के द्वारा दिए गए भाषण अत्यधिक जानकारी युक्त हैं प्रेरक हैं कार्यकर्ता इसे पढ़े एवं व्यापकता के साथ प्रचार प्रसार करते हुए इसकी चर्चा करें हम सबको स्मरण है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने मन की बात में कहा है कि हर घर तिरंगा अभियान के लिए सबका जोश हाई रहता है गरीब हो अमीर हो छोटा घर हो बड़ा घर हो हर कोई तिरंगा लहराकर गर्व का अनुभव करता है जब कॉलोनी और सोसाइटी के हर घर तिरंगा लहराता है तो देखते-देखते दूसरे घरों पर तिरंगा दिखने लगता है यानी हर घर तिरंगा अभियान तिरंगे की शान में एक यूनिक फेस्टिवल बन चुका है तिरंगे को लेकर यह उल्लास यह उमंग हमें एक दूसरे से जोड़ती है हम सबको आगामी कार्यक्रमों को बूथ स्तर से लेकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है तिरंगा यात्रा को सफल बनाना है विभाजन की विवश का स्मृति दिवस स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों स्वतंत्रता आंदोलन में जुड़ी महत्व स्थान पर स्वच्छता अभियान युद्ध ब्यूरो शहीदों देश की सेवा में प्राण निछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के घरों का दौरा कर उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा, साथ ही सोशल मीडिया पर हर-हर-घर तिरंगा का व्यापक प्रयोग कर तिरंगे के साथ अपनी फोटो सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा करनी है। हम सभी कार्यकर्ता इस अभियान से जुड़कर इस अभियान का हिस्सा बने। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, मंडल महामंत्री अमित चौधरी, कार्यक्रम के संयोजक मनोज ठाकुर, रचित माथुर, उदयराज सिंह,प्रशांत चौधरी,राकेश यादव, हरवीर सिंह, राजीव शर्मा, नवनीत यादव, वीरपाल कोहली, नवनीत यादव, प्रेमपाल पासी, अजय ठाकुर, टिंकू मौर्य, विनीत यादव, किशनलाल प्रजापति, संदीप अग्रवाल, राजीव शर्मा, गिरीश बाबू आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**कुंदरकी।** शनिवार को मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना में कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय प्रकाश शर्मा के द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति छात्र-छात्राओं एवं अभिभावक को जागरूक किया गया साथ ही साथ सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

## संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पौत्र मौ0 कय्यूम पुत्र स्व0 आले नबी से उसके गलत संगत में पड़ जाने व दुर्व्यवहार के कारण अपने व अपने परिवार के अन्य सदस्यों सहित सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उक्त मौ0 कय्यूम के किसी भी कार्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की नही होगी। अपने कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा। **इबने अली पुत्र बन्ने अली निवासी मोहल्ला नई बस्ती, वार्ड नं०16 ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।**

# भारत अब विंडीज-द. अफ्रीका से खेलेगा टेस्ट

**● दोनों देशों से चार मैच, सभी जीते, तो डब्ल्यूटीसी पाइंट्स टेबल के टॉप-2 में आने का मिलेगा मौका**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रा खेलकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) पाइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर जगह बना ली। टीम के 28 पाइंट्स हैं। भारत को अब इसी साल होमग्राउंड पर वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से टेस्ट सीरीज खेलनी हैं।

दोनों को जीतकर टीम टॉप-2 टीमों में जगह बना सकती है। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका टॉप-2 टीमें डब्ल्यूटीसीका नया साइकल भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज से ही शुरू हुआ। इस दौरान वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने बांग्लादेश से घरेलू मैदान पर सीरीज खेलीं। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका की टीमें अब तक कोई सीरीज नहीं खेल सकीं। पाइंट्स लेकर ऑस्ट्रेलिया नंबर-1 पर है। वहीं 1 जीत और 1 ड्रा से 67: पाइंट्स लेकर श्रीलंका दूसरे नंबर पर है। भारत तीसरे, इंग्लैंड चौथे, बांग्लादेश पांचवें और वेस्टइंडीज छठे नंबर पर हैं। बाकी 3 टीमों का खाता नहीं खुला। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत और इंग्लैंड दोनों ने 2-2 टेस्ट जीते। वहीं दोनों के बीच 1 मुकाबला ड्रा रहा। एक जीत से 12 पाइंट्स और 1 ड्रा से 4 पाइंट्स मिलते हैं। इसलिए दोनों टीमों को पाइंट्स तो 28-28 ही मिले, लेकिन इंग्लैंड पर आईसीसी ने पेनल्टी भी लगा दी। तीसरे टेस्ट में स्लो ओवर रेट के कारण इंग्लैंड पर 2 पाइंट्स की पेनल्टी लगे, जिस कारण उनके 26 पाइंट्स हो गए और टीम चौथे नंबर पर खिसक गई। डब्ल्यूटीसीके एक साइकल में टीमें 6 टेस्ट सीरीज खेलती हैं, 3 अपने होमग्राउंड पर और 3 विदेशी टीमों के होमग्राउंड पर। भारत ने इंग्लैंड में सीरीज खेल ली। अब टीम इसी साल अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। अगले ही महीने फिर टीम साउथ अफ्रीका से भी घर में ही 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। होमग्राउंड पर चारों टेस्ट जीतकर टीम इंडिया के 76 पाइंट्स हो जाएंगे। जिनसे 70प्रतिशत पाइंट्स के साथ भारत पाइंट्स टेबल में नंबर-2 पर पहुंच जाएगा। फिलहाल श्रीलंका के करीब 67 प्रतिशत पाइंट्स हैं। इस दौरान भारत का एक भी मैच ड्रा रहा तो टीम तीसरे नंबर पर ही रहेगी। इससे खराब नतीजे होने पर टीम नंबर-3 से नीचे भी जा सकती है। फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनाए रखनी हैं तो भारत को होमग्राउंड पर सभी मैच जीतने ही होंगे। अगले साल न्यूजीलैंड और श्रीलंका से सीरीज 2026 में टीम इंडिया को न्यूजीलैंड और श्रीलंका जाकर 2-2 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। इनके नतीजों से तय होगा कि टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए आखिरी सीरीज में कितनी जीत की जरूरत पड़ेगी।

भारत की आखिरी सीरीज फरवरी 2027 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होमग्राउंड पर ही होगी। कंगारू टीम पिछले 2 दौरों पर भारत को 1-1 टेस्ट हरा चुका है। इसलिए ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पहले ही टीम इंडिया को फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेनी होगी। पिछला फाइनल नहीं खेल सका था भारत डब्ल्यूटीसीकी शुरुआत आईसीसी ने 2019 में की। इसके तहत 9 टीमें 2 साल तक आपस में 6 टेस्ट सीरीज खेलती हैं। 3 अपने होमग्राउंड पर और 3 विदेशी टीम के होमग्राउंड पर।

# पाक बल्लेबाज हैदर अली पर इंग्लैंड में दर्ज हुआ आपराधिक मामला

**जांच के नतीजे आने तक पीसीबी ने हैदर अली को अस्थायी रूप से निलंबित किया**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** पाक बल्लेबाज हैदर अली पर ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने आपराधिक जांच शुरू कर दी है और जांच के नतीजे आने तक पीसीबी ने उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। हालांकि अपराध की प्रकृति के बारे में कोई विवरण जारी नहीं किया गया है।

ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक हैदर को फिलहाल हिरासत में नहीं लिया गया है लेकिन जीएमपी उनसे पूछताछ कर रही है। पीसीबी ने एक बयान जारी कर कहा है कि उन्हें जांच के बारे में 'जानकारी' दी गई है, और यह घटना पाकिस्तान शाहीन के हालिया यूनाइटेड किंगडम दौरे के दौरान हुई थी, जो सोमवार को समाप्त हुआ था। पीसीबी ने पुष्टि की है कि वह हैदर को इस पूरी प्रक्रिया के दौरान उसके अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी सहायता प्रदान कर रहा है। पीसीबी के बयान में कहा गया है। पीसीबी को ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस द्वारा क्रिकेटर हैदर अली से जुड़ी एक आपराधिक जांच के बारे में अवगत कराया गया है। यह जांच पाकिस्तान शाहीन के हालिया इंग्लैंड दौरे के दौरान हुई एक घटना से संबंधित है। पीसीबी, यूके की कानूनी प्रक्रियाओं का पूरा सम्मान करता है और जांच को अपनी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चलने देने के महत्व को समझता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 4 भारतीयों ने रचा इतिहास, एशियन सर्फिंग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**चेन्नई, वार्ता।** चार भारतीय सर्फरों ने प्रतिष्ठित महाबलीपुरम में चल रही एएसएफ एशियन सर्फिंग चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। पांचवें दिन एशिया की शीर्ष सर्फिंग प्रतिभाओं ने तमिलनाडु के धूप से सराबोर तटों पर लहरों का सामना करते हुए जोरदार एक्शन और नाटकीय प्रदर्शन किया। ओपन पुरुष राउंड 3 ओपन महिला क्वार्टर फाइनल, अंडर-18 बॉयज राउंड 3 (मुख्य राउंड) और अंडर-18 गर्ल्स राउंड 2 (रेपचेज) जैसे प्रमुख हीट के साथ, यह दिन उच्च दांव, साहसिक चालों और शानदार प्रदर्शन से भरा रहा। चार भारतीय सर्फरों ने प्रमुख वर्गों में क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रच दिया, जो इस आयोजन के इतिहास में टीम इंडिया का सबसे सफल प्रदर्शन था।

### शीर्ष स्थान को मोहन बगान की टक्कर डायमंड हार्बर से

**कोलकाता, वार्ता।** 134वें इंडियन ऑयल डूरंडकप के 17वें मैच दिवस का शनिवार का डबल हेडर नॉकआउट दौड़ पर बड़ा असर डाल सकता है, क्योंकि मैदान पर उतरने वाली चारों टीमें अपने-अपने ग्रुप पर नियंत्रण पाने और अगले दौर में जगह बनाने की कोशिश करेंगी। कोलकाता में, ग्रुप बी के शीर्ष स्थान के लिए रोमांचक मुकाबले में मौजूदा ग्रुप लीडर डायमंड हार्बर एफसी का सामना चैंपियन मोहन बगान सुपर जायंट से होगा। यह मैच शाम 7:00 बजे विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। इससे पहले शाम 4:00 बजे, कोलकाता से 250 किमी उत्तर-पूर्व कोकराझार में होगा।

# शुभमन गिल ने बल्लेबाजी से आलोचकों को बखूबी जवाब दिया: पार्थिव



**● इंग्लैंड सीरीज के दौरान भारत की बल्लेबाजी प्रदर्शन में रवीन्द्र जडेजा की महत्वपूर्ण भूमिका रही**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को करारा जवाब दिया है।

'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ पार्थिव पटेल ने 2025 के इंग्लैंड दौरे के दौरान शुभमन गिल द्वारा आलोचकों को दिए गए जवाब पर विचार किया। उन्होंने कहा कि चार शतक, 75-40 की औसत और 750 से ज्यादा रन - सभी अलग-अलग परिस्थितियों में बनाए गए। पहले, जब वह बल्लेबाजी करने उतरे, तो सवाल थे: क्या वह सेना देशों में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? क्या वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? लेकिन देखिए उन्होंने क्या जवाब दिए। हेडिंग्ले में पहली पारी में 147 रन। दूसरी पारी में लोगों ने कहा कि उन्होंने उस बड़े स्कोर के बाद अपना विकेट गंवा दिया। फिर एजबेस्टन में पहली पारी में 269 रन बनाए। फिर से, चर्चा थी कि यह कम साबित हो सकता है, लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 161 रन बनाए। तीसरे टेस्ट में, वह दोनों पारियों में जल्दी आउट हो गए, और उनके फॉर्म को लेकर फिर से सवाल उठने लगे, जबकि उन्होंने पिछले मैच में 430 रन बना लिए थे। और फिर मैनचेस्टर में वह शतक आया, एक ऐसे मैच में जिसे भारत को ड्रॉ कराना था। जब भी यह एक चुनौती रही है, जब भी सवाल पूछे गए हैं, गिल ने अपनी बल्लेबाजी से उनका बखूबी जवाब दिया है। इंग्लैंड श्रृंखला के दौरान भारत के बल्लेबाजी प्रदर्शन में जडेजा की महत्वपूर्ण भूमिका पर पार्थिव ने कहा कि जडेजा द्वारा बनाए गए 516 रनों का महत्व भी बढ़ जाता।

### मेघालय भारत का पहला स्लैलम कोर्स स्थापित करेगा

**शिलांग, वार्ता।** जल क्रीड़ा और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देते हुए, मेघालय जल्द ही री-भोई जिले में उमथम नदी पर भारत का पहला स्लैलम कोर्स स्थापित करेगा, मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने यह जानकारी दी है। कैबिनेट ने देश के एकमात्र समर्पित स्लैलम कोर्स को विकसित करने के लिए मेघालय इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (एमआईडीएफसी) से उमथम नदी के किनारे 14-6 एकड़ भूमि के प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी दे दी। स्लैलम एक रोमांचक जल क्रीड़ा है जिसमें कयाकर समय के विरुद्ध दौड़ लगाते हैं, एक चुनौतीपूर्ण वाइटवाटर कोर्स में प्रवेश करते हैं जिसमें कई द्वार होते हैं जिनसे उन्हें गुजरना होता है।

# आर अश्विन व चेन्नई सुपर किंग्स के अलग होने की संभावना



**● अश्विन और सीएसके के बीच दूरियां बढ़ रही है इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई**

**चेन्नई, वार्ता।** क्या आर अश्विन और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच दूरियां बढ़ रही हैं? हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स खेमे में चल रही ताजा गतिविधियों से ऐसा लग रहा है कि अश्विन-जो लाल गेंद के क्रिकेट में भारत के सबसे महान मैच विजेताओं में से एक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी से अलग हो सकते हैं। इस अपरिहार्य अलगाव का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि इस अनुभवी ऑफ स्पिनर ने अपना मन बना लिया है और फ्रेंचाइजी को इस बारे में बता दिया है। उन्हें सीएसके की भविष्य की योजनाओं के बारे में कोई संकेत मिले हैं या नहीं, यह तो पता नहीं है, लेकिन जैसा कि क्रिकबज ने कल बताया था, पिछले कुछ दिनों से चेन्नई में मौजूदा और पूर्व कप्तान एमएस धोनी और रुतुरान गायकवाड़ सहित सीएसके के शीर्ष अधिकारी और खिलाड़ी बैठक कर रहे हैं। संभावना है कि फ्रेंचाइजी ने आगामी सीजन की योजनाओं पर चर्चा की होगी। यह एक अपरिहार्य कदम प्रतीत होता है, क्योंकि यह अनुभवी स्पिनर सीएसके अकादमी में संचालन निदेशक के रूप में अपनी भूमिका छोड़ सकता है। यह वह पद है जो वह पिछले एक साल से संभाल रहे हैं। अगर वह किसी अन्य फ्रेंचाइजी से जुड़ते हैं, तो सीएसके की भूमिका में बने रहना हितों के टकराव की स्थिति पैदा कर सकता है, जिससे बचने के लिए वह उत्सुक हैं।

# तिलक ने हैम्पशायर की जीत में निभाई अहम भूमिका



**● तिलक वर्मा ने हैम्पशायर के लिए 54 रनों की शानदार पारी खेली**

**साउथम्प्टन, वार्ता।** भारत के टी 20 स्पेशलिस्ट तिलक वर्मा ने गुरुवार को साउथंप्टन में खेले गए वनडे कप के ग्रुप-ए मुकाबले में अपनी टीम हैम्पशायर के लिए एसेक्स के खिलाफ 54 रन की पारी खेली। तिलक ने जो वीदरली के साथ 98 रन की अहम साझेदारी भी निभाई, वीदरली ने इस मैच में नाबाद शतक जड़ा। एसेक्स के खिलाफ इस जीत के बाद अंक तालिका में हैम्पशायर टॉप पर पहुंच गई है, जबकि दो मैचों में दो हार के साथ एसेक्स फिलहाल आठवें स्थान पर है। इससे पहले हैम्पशायर के कप्तान निक गबिन्स ने टॉस जीतकर एसेक्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। एसेक्स ने चार्ली एलिसन, टॉम वेस्ले और रॉबिन दास के अर्द्धशतकों की बदौलत स्कोर बोर्ड पर 285 रन बना दिए थे।

एलिसन ने 80, वेस्ले ने 61 जबकि दास ने 50 रन बनाए थे। हैम्पशायर की ओर से काइल एबॉट, एडी जैक, डॉमिनिक केली और एंड्र्यू नील को दो-दो सफलता हाथ लगी थी। 286 रनों का पीछा करते हुए हैम्पशायर को कप्तान गबिन्स और अली ओर ने अच्छा आग़ाज़ दिलाया था। पहले विकेट के लिए दोनों ने 58 रन की साझेदारी निभाई, अली के रूप में हैम्पशायर को पहला झटका लगा। अली के आउट होने के बाद नंबर-3 पर तिलक बल्लेबाज़ी करने आए, उन्होंने आते ही कुछ अच्छे शॉट्स लगाए लेकिन 80 रन के योग पर हैम्पशायर को गबिन्स के तौर पर दूसरा झटका लग गया था। तिलक ने यहां से सूझ-बूझ की पारी खेलते हुए वीदरली के साथ अच्छी साझेदारी निभाई। तिलक ने अपना अर्द्धशतक पूरा कर लिया था और अच्छी लय में नजर आ रहे थे लेकिन 54 रन के निजी योग पर वह वेस्ले की गेंद पर बोल्ड हो गए। तिलक ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के भी लगाए। तिलक और वीदरली के बीच हुई 98 रनों की साझेदारी ने एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म सेट कर दिया था। तिलक के आउट होने के बाद वीदरली ने जिम्मेदारी उठाई और अंत तक नाबाद शतकीय पारी खेलते हुए हैम्पशायर को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। हैम्पशायर ने ये मुकाबला 22 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से अपने नाम किया। तिलक के लिए वनडे कप में शानदार वापसी रही, क्योंकि पिछले मुक़ाबले में वह ग्लेमोर्गन के खिलाफ बिना खाता खोले ही आउट हो गए थे। हालांकि इससे पहले लाल गेंद से उन्होंने हैम्पशायर के लिए चार मैचों में दो शतक और एक अर्द्धशतक भी जड़ा था। तिलक इसी महीने दलीप ट्रॉफी में खेलते नज़र आएंगे- जहां उनके कंधों पर साउथ जोन की कमान भी होगी।

# बेंगलुरु महिला वनडे कप के मैचों में देरी

**● महिला वनडे विश्व कप 2025 के मैचों का भविष्य अधर में लटक गया है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** जून में आईपीएल विजय परेड में हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत के बाद बढ़ी सुरक्षा चिंताओं के बीच, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) राज्य सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहा है, जिससे बेंगलुरु में महिला एकदिवसीय विश्व कप 2025 के मैचों का भविष्य अधर में लटक गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टूर्नामेंट के कार्यक्रम में संभावित व्यवधानों को लेकर सतर्क हैं। 30 सितंबर को भारत और श्रीलंका के बीच होने वाला पहला मैच और 30 अक्टूबर को होने वाला दूसरा सेमीफाइनल सहित तीन अन्य मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। 2 नवंबर को होने वाला फाइनल भी इसी स्टेडियम में खेला जाएगा, बशर्ते पाकिस्तान क्वालीफाई न करे। जून की त्रासदी के बाद, राज्य सरकार ने बड़े सार्वजनिक समारोहों की जांच कड़ी कर दी है। केएससीए को विश्व कप मैचों के आयोजन के लिए अभी तक औपचारिक मंजूरी नहीं मिली है, और मामला अभी भी न्यायिक समीक्षा के अधीन है। एहतियात के तौर पर, महाराजा कप टी20 टूर्नामेंट को बेंगलुरु से मैसूर स्थानांतरित कर दिया गया है। केएससीए के एक अधिकारी ने कहा कि हमने राज्य सरकार को पत्र लिखा है और जवाब का इंतजार कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि उन्होंने अनुमति देने से इनकार कर दिया है। हम चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। अगर मंजूरी नहीं मिलती है, तो मैचों को गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम या कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम सहित अन्य स्वीकृत स्थानों पर स्थानांतरित किया जा सकता है।

### सैमसन ने आईपीएल 2026 से पहले खुद को आरआर से रिलीज करने को कहा

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन ने फ्रेंचाइजी को कहा है कि उन्हें रिलीज कर दिया जाए। ईएसपीएनक्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक़ सैमसन ने आरआर मैनेजमेंट को आईपीएल 2025 खत्म होते ही खुद को रिलीज करने की गुजारिश की थी। सैमसन पहली बार इस फ्रेंचाइजी के साथ 2013 में जुड़े थे और फिर 2021 में उन्हें टीम का कप्तान भी बनाया गया था। इस फ्रेंचाइजी की 2025 सीजन की समीक्षा बैठक जून में हुई थी, हालांकि अब तक आरआर ने सैमसन को कोई निश्चित जवाब नहीं दिया है। माना जा रहा है कि आरआर उन्हें टीम में बने रहने के लिए मनाने का विकल्प भी तलाश रही है। रॉयल्स के मुख्य मालिक मनोज बडाले ने इस बारे में पूछे जाने पर कोई टिप्पणी नहीं की।

### बॉक्सिग नेशनल्स की शुरुआत जोरदार मुकाबलों के साथ

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** चौथे सब-जूनियर बालक और बालिका का राष्ट्रीय बॉक्सिग चैंपियनशिप का पहला दिन 7 अगस्त को ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया विश्वविद्यालय में एक रोमांचक सत्र के साथ शुरू हुआ। 80 से ज़्यादा मुकाबलों में भारत की सबसे युवा बॉक्सिग प्रतिभाएं ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ रिंग में उतरीं। सब-जूनियर नेशनल्स भारत के जमीनी स्तर के बॉक्सिग इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में खड़ा है, जो युवा एथलीटों को अपनी क्षमता का परीक्षण करने और रैंक में ऊपर उठने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। बीएफआई जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को निखारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी आयु वर्गों में अवसर, प्रदर्शन और संरचित प्रतियोगिता उपलब्ध हो।

### इंडियन ओपन विश्व एथलेटिक्स भारतीय एथलीटों के लिए शानदार अवसर: मार्टिन

**भुवनेश्वर।** भारत 10 अगस्त को भुवनेश्वर में पहले इंडियन ओपन वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, वहीं रिलायंस फाउंडेशन द्वारा समर्थित एथलीटों का एक मजबूत समूह दुनिया भर की शीर्ष प्रतिभाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देगा। ब्रॉन्ज लेवल की यह प्रतियोगिता भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो एथलीटों को घरेलू मैदान पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करती है।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

दिनांक 03.08.2025 को समाचार पत्र में प्रकाशित हुई निविदा सूचना संख्या V-20-CTG.Stall-MB-Div-2025C दिनांक 01.08.2025 विषयः "मुरादाबाद मंडल के A1, A एवं B श्रेणी स्टेशनों के खानपान इकाई (GMUs) के अनुबंध का आवंटन", के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निविदा सूचना में केवल **HRI लोकेशन 2&3-B** (Near WB SPN end) की निविदा बंद होने की तिथि 25.08.2025 के स्थान पर अब 29.08.2025 होगी। अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2422/25

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना- SNT-LC-249-ROB-MB-2025-26 दि० 07.08.2025

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि०/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं। **सं०: 1 निविदा संख्या और कार्य का विवरण:** SNT-LC-249-ROB-MB-2025-26 शिफ्टिंग ऑफ L-xing no. 249 इन in सी/डब्लू कंस्ट्रक्शन ऑफ अप्रोच ऑफ आरओबी इन लियू ऑफ L-xing नंबर, 249/C एट Km:1124/13-16 ओन लखनऊ-मुरादाबाद सेक्शन नियर संडीला टाउन। **लगभग। लागत रुपये।** : 1212278.98 **अग्रिम धन रुपये।**: 24300.00 **निविदा फॉर्म की लागत रु। NIL निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय।**: 08/09/2025 15:00 hrs.

नोटः – निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। 2439/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**(शुद्धि पत्र)**

**विषयः** मुरादाबाद मंडल के संकेत एवम् दूरसंचार के टेंडर की निविदा के सम्बन्ध में।
**संदर्भः**– (1) इस कार्यालय का टेंडर नोटिस संख्या **SNT-ARC-CEL, DDN-SRE-RDPMS-TELE-RAILNET dated: 10.07.2025**
उक्त सन्दर्भ में मुरादाबाद मंडल की एस0 एंड टी0 शाखा के निम्न कार्य के लिए निविदा खोलने की तिथि में बदलाव किया गया है

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | निविदा खोलने के लिए पुरानी तिथि और समय | निविदा खोलने के लिए नयी तिथि और समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | **SNT-ARC-CEL-Cards-MB-2024** रिपेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर 3 इयर्स ऑफ वेरियस टाइप ऑफ सीइएल मेक एसएसडीएसी/एचएएसएसडीएसी/एमएसडीएसी/कार्डों ओवर मुरादाबाद डिवीज़न | 11.08.2025 15:00 hrs | 25.08.2025 15:00 hrs. |
| 2 | **RT-SNT-TELE-RAILNET-22-23** मुरादाबाद मंडल के प्रमुख स्टेशन, डिपो, स्टोर पर रेलनेट कनेक्टिविटी। | 11.08.2025 15:00 hrs | 25.08.2025 15:00 hrs. |

निविदा की अन्य नियम व शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नोटः– निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। Tender Notice- SNT-ARC-CEL, DDN-SRE-RDPMS-TELE-RAILNET Date: 06.08.2025 2423/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 104-DRM-MB-25-26 DATE 08.08.2025 | 105-DRM-MB-25-26 DATE 08.08.2025 | 118-DRM-MB-25-26 DATE 08.08.2025 | 124-DRM-MB-25-26 DATE 08.08.2025 | 137-DRM-MB-25-26 DATE 08.08.2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Zone Work General annual repair work at staff quarters from km 1186 to 1235 including wood and road work for 2025-2026 in the section of SSE/W/RAC under ADEN/SPN | Zone Work General annual repair work at service building from km 1186 to 1235 including wood and road work for 2025-2026 in the section of SSE/W/RAC under ADEN/SPN | At welding of rail in situ with single shot crucible fitted as per RDSO specification in connection with track renewal works in the section of Sr. DEN/III/MB | Provision of Divyang friendly toilets at road side stations (D & E Category Stations) & at goodshed under jurisdiction of Sr. DEN-III/MB. | Zone No-3 from km 1327 to 1381 (DAN to MPH Stations) for General work in Service Buildings for 2025-2026 under ADEN/BE. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 01.09.2025 at 16:00 Hrs | 01.09.2025 at 16:00 Hrs | 01.09.2025 at 16:00 Hrs | 01.09.2025 at 16:00 Hrs | 01.09.2025 at 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | 89,99,622.93 | 69,94,052.79 | 88,07,606.17 | 1,28,24,099.80 | 78,64,078.42 |
| धरोहर राशि | 1,80,000.00 | 1,39,900.00 | 1,76,200.00 | 2,14,100.00 | 1,57,300.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 18.08.2025 | 18.08.2025 | 18.08.2025 | 18.08.2025 | 18.08.2025 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months | 12 Months | 12 Months | 08 Months | 12 Months |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 08.08.2025 2435/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ.रे., चिकित्सालय, चिकित्सा विभाग, मुरादाबाद मंडल**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

भारत के राष्ट्रपति के ओर से एंव उनके लिये मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये मुहरबंद खुले आवेदन आमंत्रित हैं–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | एन.आई.टी. सं. | No. NR-MB-OMED(INSP)/1/2025 dated 07.08.2025 |
| 2 | कार्य का नाम | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मुरादाबाद इच्छा की अभिव्यक्ति के आधार पर विभिन्न इमेजिंग तथा स्पेशल जांचो के लिये मुरादाबाद मंडल (Health unit area Haridwar, Laksar, Nazibabad, Hapur, Chandausi, Bareilly, Shahajahanpur, Rosa & Balamau) के अधिकार क्षेत्र में स्थित प्राइवेट डायग्नोस्टिक इमेजिंग सेंटर/इंस्टीट्यूशनस् को दो वर्ष की अवधि के लिए सी.जी.एच.एस. दरों पर (जो दरें संबंधित क्षेत्र पर लागू हो) इंपैनलमेंट करने के लिये आवेदन आमंत्रित करते हैं। |
| 3 | अनुमानित लागत | इस स्तर पर आवश्यकता नहीं |
| 4 | इंपैनलमेंट अवधि | दो वर्ष |
| 5 | आवेदन प्रस्तुत करने एवं खुलने की अंतिम तिथि | दि. 09.08.2025 को 11:00 बजे से 08.09.2025 को 15 बजे तक एवं खुलने की अंतिम तिथि व समय दि. 08.09.2025 को 15:30 बजे। अवकाश की स्थिति मे अगले कार्य दिवस मे निर्धारित समय पर। |
| 6 | कार्यालय का पता एवं तिथि जहां प्रपत्र उपलब्ध करने के होंगे | कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ.रे. मंडल रेलवे चिकित्सालय मुरादाबाद में दि. 09.08.2025 से 08.09.2025 समय 15:00 बजे तक |
| 7 | वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उ.रे. की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर देखी जा सकती है। |
| 8 | आवदेन प्रपत्र का मूल्य नकद/डाक द्वारा | कुछ नहीं। |

कृते मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ.रे., मुरादाबाद

2432/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**■ बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार दम्पति गंभीर रूप से घायल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के जलालपुर मार्ग मौसमपुर के निकट दो बाइको की आपस में हुई जबरदस्त भिड़ंत एक युवक की मौत, दो गम्भीररूप से घायल। 17 वर्षीय इमरान पुत्र इशाक निवासी गजीपुर थाना कुंदरकी बाइक से जा रहा था तथा सामने से आ रही नन्हे पुत्र अंसार,उमिया तमीर पत्नी अंसार निवासी बड़ागांव कोतवाली शाहबाद बाइक से आ रहे थे जहां कुंदरकी थाना क्षेत्र के जलालपुर मार्ग मौसमपुर के निकट दोनों बाइको की आपस में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें 17 वर्षीय इमरान की मौके पर ही मौत हो गई तथा दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें घायलों को उपचार हेतु कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। 17 वर्षीय इमरान की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया जबकि बताया जा रहा है इमरान न्यू सैनिक इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र था।

# प्रशासन ने मोटर बोट की मदद से निकाल कर गर्भवती महिलाओं को कराया भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** रामगंगा के पानी से चारों ओर घिरे दरियापुर गांव में उस समय समस्या पैदा हो गई जब कई गर्भवती महिलाओं को प्रसब पीड़ा का भय सताने लगा।

सूचना मिलने पर प्रशासन हरकत में आया और मोटर बोट मंगाकर स्वास्थ्य विभाग की मदद से महिलाओं को अस्पताल में लाकर भर्ती कराया है। बताया गया की रामगंगा नदी में पानी आने के कारण दरियापुर गांव का चारों ओर से संपर्क टूट गया है गांव जाने के लिए प्रशासन ने जनपद बिजनौर के गांव स्योहारा रैनी का रास्ता चुना एसडीएम और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और सरकारी मोटर बोट मंगाई गई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम को गांव भेजा गया जहां से तीन गर्भवती महिलाओं दुलारी प्रेमवती पिंकी को निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि एक चौथी महिला ने वहीं पर बच्चे को जन्म दे दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई की ग्रामीणों ने सराहना की है।

## रक्षाबंधन की खरीदारी से गुलजार हुआ बाजार

**चन्दौसी।** रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व शहर के बाजारों में जमकर रौनक रही। बहनों द्वारा भाई की कलाई पर प्यार की डोर बाँधने वाले इस पर्व को लेकर बाजारों में राखियों, मिठाइयों और उपहारों की खूब खरीदारी की गई। खासकर बहजोई रोड, फुब्बारा चौक, घंटाघर, मुंसिफ रोड, गौशाला रोड, सीतारोड आदि स्थानों पर सुबह से ही चहल-पहल रही। बहनों ने अपने भाइयों के लिए रंग-बिरंगी, डिजाइनर और पारंपरिक राखियों की खरीदारी की।

बाजार में बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों से लेकर ब्रेसलेट स्टाइल राखियों तक की भरमार देखने को मिल रही है। कई दुकानदारों ने 'भाई-बहन' थीम पर विशेष स्टॉल लगाए हैं, जहाँ महिलाओं की भीड़ लगातार बनी हुई है। मिठाई की दुकानों पर भी खास तैयारियाँ की गई हैं। काजू कतली, लड्डू, बर्फी, रसगुल्ला और स्पेशल रक्षाबंधन पैकिंग में मिठाइयाँ खूब बिक रही हैं।

## एक नजर

### हार्वर्ड कान्वेंट में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**कांठ।** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी कांठ में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए अपनी कला का प्रदर्शन कर सुंदर एवं आकर्षक राखियां बनाई । विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने बच्चो को रक्षा बंधन का महत्व बताते हुए सभी को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### पूर्व विधायक ने खादर क्षेत्र के गांव में पहुंचकर जाना लोगों का हाल



**कांठ।** बारिश के उपरांत खादर क्षेत्र में आई बाढ़ से घिरे लोगों का हाल जानने के लिए पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू मिश्रीपुर गांव में हो. शियार सिंह सैनी के घर पहुंचे और उनके क्षतिग्रस्त मकान को देखा। उन्होंने ग्राम प्रधान राकेश से होशियार के परिवार को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने और नायब तहसीलदार से हर संभव मदद दिलाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक का कहना था कि क्षेत्र में आने का मतलब एक तो लोगों के हाल जानना है और दूसरी और इस बाढ़ के कारण किसानों की फसलों में हुए नुकसान का आकलन करना भी है।

वह हीरापुर गांव में धर्मवीर सिंह यादव के घर पहुंचे और उनसे भी बात की। इस अवसर पर चौधरी हुकम सिंह विक्रांत सिंह सत्यवान राजपूत अंकुश चौहान सूरज सिंह सुनील कुमार सर्वेश सिंह राकेश कुमार चंचल पाल रामकुमार सिंह करन सिंह आदि मौजूद रहे।

### पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी को लेना चाहिए रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प: भुवनेश कुमारी



**कांठ।** प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ में इको क्लब योजना के अंतर्गत पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर बच्चों के द्वारा पर्यावरण को संरक्षित रखने का इस साल भी संकल्प लिया गया। प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी ने बच्चों के द्वारा राखी मेकिंग प्रतियोगिता के तहत विशाल राखी का निर्माण कराया। इस विशाल राखी को पेड़ों पर बच्चों द्वारा रक्षा सूत्र बधवाकर पर्यावरण के प्रति अपने अगाध प्रेम को दर्शाया उन्होंने बताया की इको क्लब योजना के अंतर्गत बच्चों ने क्राफ्ट कार्य के अंतर्गत विशाल राखी बनाकर पेड़ों के तनों पर बांधकर पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प लिया है। इसके साथ ही इको क्लब के बच्चों ने पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण का जागरूकता संदेश प्रेषित किया। इससे बच्चों के अंदर प्रकृति संरक्षण की भावना जागृत होने के साथ-साथ कलात्मक प्रतिभा का विकास हो सकेगा। डायट प्रवक्ता शशि बाला ने बच्चों के सुंदर कार्य की सराहना करते हुए बच्चों का मनोबल बढ़ाया। विद्यालय की सुन्दर व्यवस्था के लिए प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी की प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अदीबा, अलिफजा, नमरा, अलफैज, शहजाद, सिद्रा, याहयाबीन, राधिका, राजकुमार, अलशिफा, परिनीता, वंश आदि इको क्लब के सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा।

### अलबरू हायर सेकेंडरी स्कूल में रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार पर बच्चों ने सुंदर-सुंदर राखियां बनाई



**कुंदरकी।** शनिवार को रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार के एक दिन पूर्व अलबरू हायर सेकेंडरी स्कूल में उपप्रधानाचार्य श्रीमती रति शर्मा के दिशा निर्देशन में सभी शिक्षिकाओं ने कक्षा पांच से कक्षा दस के छात्र छात्राओं से सुंदर सुंदर राखियां तैयार की तथा उन्हीं राखियां को अपने शिक्षक शिक्षिकाओं की कलाई पर बांधा। बच्चों की इतनी अतिशोभनीय प्रतिभा को देखकर विद्यालय प्रबंधक तस्लीम अहमद ने सभी बच्चों की तारीफ की । प्रधानाचार्य अकरम ने सभी की सराहना की और उन्हें बताया कि रक्षाबंधन भाई बहन के बीच प्यार का प्रतीक है। सभी स्टाफ ने इसमें अपना योगदान किया।

### प्राथमिक विद्यालय में भाई-बहन के प्रेम का पावन पर्व रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया

**कुंदरकी।** शनिवार को प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर हमीर ब्लॉक कुंदरकी में भाई बहन के प्रेम का पावन पर्व रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की छात्राओं ने अपने हाथ से राखी बनाई और अपने विद्यालय के भाइयों को राखी बांधी छात्र भाई भी कुछ काम नहीं थे उन्होंने भी बहनों को उपहार देकर उनका मान बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चे अति प्रसन्न थे। इस सुंदर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग प्रधानाध्यापिका अर्चना सिंह ने सभी का भार व्यक्त किया।

# अध्यापिका और बच्चों ने विद्यालय में लगे पेड़ों को बांधा रक्षा सूत्र, नई पहल की शुरुआत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** प्राथमिक विद्यालय चेत. रामपुर के शिक्षकों और बच्चो द्वारा एक नई पहल की शुरुआत की गई जिसमे विद्यालय के बच्चो के द्वारा रक्षा सूत्र बनाकर विद्यालय में लगे पेड़ पौधों को बांध कर पेड़ पौधों की रक्षा का संकल्प लिया । यह पहल न केवल पेड़ो की रक्षा करने की प्रेरणा देती है बल्कि यह भी दर्शाती है कि हम प्रकृति से कितने जुड़े हुए हैं। पर्यावरण प्रेमी शिक्षक व प्रधान अध्यापक वीरेंद्र चौधरी ने पेड़ो को राखी बांधने के बारे में बताया कि इससे बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की भावना बढ़ेगी यह प्रकृति के प्रति हमारी श्रद्धा और प्रेम को दर्शाता हैं और पर्यावरण के प्रति सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने का कार्य करता है।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलेट के अध्यक्ष व प्राथमिक विद्यालय चेत. रामपुर के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाये और उनकी देखभाल करे , प्रदूषण को रोकने के लिए प्रयास करे , जागरूकता फैलाए और लोगो को पर्यावरण संरक्षण में योगदान करने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने के लिए उनकी पहल को नमन किया। इस अवसर पर शिक्षिका, सुर्यलता, पारुल, अनिता बचन का विशेष सहयोग रहा।

# गांव की राजनीति बनी विकास में रोड़ा

## लापरवाही के चलते अर्थी कीचड़ से लेकर गुजरे लोग



**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**कांठ।** ग्राम पंचायत नजराना में गांव की राजनीति विकास कार्यों में रोड़ा बनी हुई है सड़क निर्माण न होने के कारण लोगों को पानी और कीचड़ से गुजरने को मजबूर होना पड़ा है आज शव यात्रा को भी इन्हीं सब दिक्कतो का सामना करना पड़ा है गांव के लोगों ने इस तरह की राजनीति पर सवाल खड़े किए हैं।

मामला ग्राम पंचायत नजराना का है गांव की इमरती पत्नी स्वर्गीय बाबूराम 90 वर्ष की मृत्यु हो गई थी, ग्रामीण मृतक का अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट के लिए निकले। लेकिन सड़क निर्माण न होने के कारण रास्ते मे बरसात का पानी भर गया और कीचड़ फैल गई। जिसमें सभी को गंदे पानी से होकर निकलना पड़ा, मृतक के परिवार वालों का कहना था कि गांव की राजनीति और ग्राम प्रधान की जानबूझकर बरती गई लापरवाही के कारण उनके घर के सामने सड़क निर्माण नहीं किया गया जबकि बाकी दूसरी जगह पर निर्माण किया गया है। उन्होंने इस तरह के जनप्रतिनिधि होने पर सवाल खड़े किए आसपास की महिला शीला देवी, उर्मिला देवी, परम सिंह, अमरजीत, सोनिका, विनय कुमार, नरदेव सिंह, विवेक कुमार,ममता देवी, प्रवेश देवी आदि ने भी इस तरह की राजनीति पर सबाल खड़े किए हैं।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर भाजपा की पार्टी कार्यालय पर बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी की कांठ कार्यालय भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी के प्रतिष्ठान में बैठक आयोजित की गई। जिसमें पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू ने कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्र की आन बान और शान है ऑपरेशन संदूर से पूरे संसार ने हमारी क्षमताओं को जान लिया है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश विकास कर रहा है इसलिए 13 अगस्त को नगर में तिरंगा यात्रा निकाली जानी है और शहीद स्मारकों की साफ सफाई करते हुए शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने हैं 14 और 15 अगस्त को सभी कार्यकर्ता हर घर पर तिरंगा झंडा लगाना सुनिश्चित करेंगे एवं 15 तारीख की शाम को सभी झंडे को उतारेंगे।

इस मौके पर शिवकुमार गुप्ता अंकुश चौहान सूरज सिंह गुर्जर राजपाल प्रजापति सत्यवान राजपूत विक्रांत सिंह पुष्पेंद्र कुमार प्रमोद चौहान नेपाल सिंह देवेंद्र सिंह चंचल पाल आदि लोग मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रभक्ति तथा विकसित भारत के अद्वितीय संकल्पों की सिद्धि का प्रतीक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** आज हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त कुंदरकी विधानसभा के मूंढापांडे एवं दलपतपुर मंडल की कार्य योजना बैठक ब्लॉक सभागार मूंढापांडे में आयोजित की गयी। बैठक में अभियान की रूपरेखा, प्रचार-प्रसार, तिरंगा वितरण, तिरंगा यात्रा सहित सभी महत्वपूर्ण बिंद. ुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी को मिलकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है। साथ ही बताया कि 12 अगस्त तक मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम में युवा मोर्चा व महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए और साथ में अधिक से अधिक जनमानस को साथ लेना है। यात्रा में हमारे सुरक्षाबलों एवं बलिदानियों के साथ-साथ रक्षा उपकरणों की प्रशंसा करते हुए प्ले कार्ड ले जाना है। मंडल में युद्ध वीरों, शहीदों देश की सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मीयो के घरों का दौरा कर उन्हें सम्मानित करना है। उन्होंने आगे कहा कि 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम जुड़े स्मारक स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थान के आसपास स्वच्छता अभियान चलाना है। स्वच्छता अभियान के उपरांत सभी स्थानों पर पुष्पांजलि अर्पित करनी है। 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया जाना है द्य हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रभक्ति तथा विकसित भारत के अद्वितीय संकल्पों की सिद्धि का प्रतीक है। बैठक के उपरांत तिरंगा यात्रा निकाली गई, जोकि ब्लॉक सभागार से शुरू होकर दलपतपुर, वीरपुर थान होते हुए वापस ब्लॉक सभागार पर आकर समाप्त हुई।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजपाल आर्य , मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, मंडल अध्यक्ष नीरज चंद्रा, अशोक प्रजापति, देवीलाल प्रजापति, वीरपाल प्रजापति, परशुराम सैनी, खेमपाल सिंह, रजनीश चौहान, सतीश प्रजापति खुर्शीद, रोहित सिंह, जय सिंह आदि पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम में हरित क्रांति के जनक प्रो. एमएस स्वामीनाथन के जन्मदिवस पर हुआ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा प्रो. एम.एस. स्वामीनाथन के जन्मदिवस पर ''हरित क्रांति और उसकी विरासत'' विषय पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता का उद्घाटन स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी. के. सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि प्रो. स्वामीनाथन के योगदान ने अनगिनत किसानों को गरीबी से उबारने और लाखों लोगों को भुखमरी से बचाने में मदद की। वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देश दीपक ने बताया कि उन्होंने विभिन्न फसलों की नई किस्मों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन्होंने भारत में कृषि उत्पादन को पूरी तरह बदल दिया। कार्यक्रम में डॉ. अशोक कुमार ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को बताया कि प्रो. स्वामीनाथन ने 1960 के दशक के आरंभ में बोरलॉग के साथ मिलकर भारत के पर्यावरण के अनुकूल गेहूँ के बीजों की किस्में विकसित कीं। डॉ. पूजा नारंग ने कार्यक्रम का संच. ालन किया। प्रतियोगिता में 40 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें बी.एससी- जेडबीसी की छात्रा अनम फातिमा और मुसर्रत फातिमा प्रथम, निदा परवीन और दानिया खान द्वितीय एवं अफीफा खान तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वनस्पति विज्ञान विभाग के फैकल्टी मैम्बर्स कु. मीनू, डॉ. शिव प्रताप सिंह, डॉ. समीर चंद्र, डॉ. उदित यादव, डॉ. वंदना आनंद एवं जंतु विज्ञान विभाग के डॉ. विवेक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अंत में डॉ. पूजा नारंग ने सभी उपस्थितों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महर्षि दयानन्द इंटर कॉलेज के तीन छात्रों का मंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन



**कांठ।** सात अगस्त को जी जी हिन्दू इण्टर कॉलेज मुरादाबाद में जनपदीय स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा के खेल शिक्षक पदम सिंह के दिशा निर्देशन में विद्यालय के छात्रों ने प्रतिभाग करते हुए अंडर 14 वर्ग के एकल मुकाबले में दिव्यांशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा सीनियर वर्ग के डबल्स मुकाबले में शौर्य बिश्नोई व असमित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जनपद स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर चयनकर्ताओं द्वारा विद्यालय के तीनों छात्रों का चयन 18 अगस्त को रामपुर में होने वाली मंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए किया गया है इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने खेल शिक्षक पदम सिंह व तीनों छात्रों को शुभकामनाएं दी।



# टैरिफ की गूंज

ट्रम्प के टैरिफ को लेकर दुनियाभर में हाहाकार मचा हुआ है। दुश्मन का दुश्मन दोस्त की तर्ज पर कुछ देश साथ आते भी दिखाई दे रहे हैं। इसी के चलते चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की। चीन के विदेश मंत्रालय ने इसे टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया। चीन का कहना है कि वह सीधे तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ है और अमेरिका को तकनीकी और व्यापारिक युद्धों का राजनीतिकरण बंद करना चाहिए। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रम्प टैरिफ को लेकर जरा भी पीछे हटते दिखाई नहीं दे रहे हैं, बल्कि अगर यह कहें कि वह हर दिन और आक्रामक मुद्रा में आ रहे हैं तो गलत नहीं होगा।

गुरुवार को जहां उन्होंने भारत पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया था, 25 प्रतिशत का टैरिफ वह 30 जुलाई को ही लगा चुके थे और 6 अगस्त को उन्होंने 25 प्रतिशत का इजाफा इसलिए किया, क्योंकि भारत ने रूस से ट्रम्प की आज्ञानुसार तेल खरीदना बंद नहीं किया और 7 अगस्त को ट्रम्प ने एक तरह से भारत को यह कहकर धमकी दी कि वह टैरिफ को लेकर भारत के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा। ट्रम्प ने साफ कहा है कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता कोई बात. चीत शुरू नहीं होगी। ट्रेड को लेकर भारत-अमेरिका के बीच पांच राउंड की बात अभी तक हो चुकी है और बताया जा रहा है कि छठे राउंड की चर्चा 25 अगस्त को होनी थी। इसके लिए अमेरिका के अधिकारियों का एक दल भारत आना था। अब उसका यह दौरा संशय में पड़ गया है। हालांकि अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि भारत हमारा रणनीतिक साझेदार है। विभाग के प्रवक्ता टामी पिगाट का कहना है कि भले ही टैरिफ विवाद से दोनों देशों में तनाव बना हुआ है। लेकिन बातचीत जारी रहेगी। अमेरिका भारत के साथ स्पष्ट और खुली बातचीत कर रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ट्रम्प ने व्यापार असंतुलन और रूसी तेल की खरीद को लेकर अपनी चिंताएं बहुत स्पष्ट तरीके से जाहिर कर दी है और साथ ही सीधी कार्रवाई भी की है। उनका इशारा भारत की ही तरफ था।

मतलब साफ है कि अमेरिका एक तरफ धमकी देता दिखाई दे रहा है और बातचीत बंद करने को कह रहा है तो वहीं दूसरी तरफ वह बातचीत जारी रखने की बात भी कह रहा है। इससे साफ है कि अमेरिका खुद असमंजस की स्थिति में है। वहीं दूसरी तरफ ट्रम्प के इस रवैये ने ब्रिक्स के देशों को काफी निकट ला दिया है। जहां चीन भारत के पक्ष में खड़ा दिखाई दे रहा है। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी की बात हुई। टेलीफोन पर हुई बातचीत में पीएम मोदी ने श्री पुतिन को इस वर्ष के अंत में 23वें भारत-रूस वार्ता शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का निमंत्रण भी दिया, जिसको उन्होंने स्वीकार कर लिया। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिलवा ने भी पीएम मोदी से फोन पर बात. चीत की है और मौजूदा हालात में ट्रम्प के टैरिफ को लेकर जो चुनौतियां पेश आ रही हैं, उनसे निपटने पर चर्चा की। जाहिर है जो भी कुछ हो रहा है, उसको जरा भी ठीक नहीं कहा जा सकता, जिस तरह का रवैया ट्रम्प का अब तक रहा है, वह छोटे देशों के पूरी तरह विपरीत जाता है।

## किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नहीं लगाया



मैंने कभी भी किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और ना भविष्य में पुस्तक पर प्रतिबंध लगाने जैसा काम करेंगे, जम्मू- कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ही प्रशंसित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लेखकों की 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध लगाया है, प्रतिबंध उप राज्यपाल सिन्हा ने अपने एकमात्र आधिकारिक नियंत्रण वाले विभाग गृह विभाग का इस्तेमाल करके लगाया है,उप राज्यपाल प्रशासन ने कश्मीर पर लिखी 25 किताबों को यह कहते हुए जब्त कर लिया कि वे ज्म्मू-कश्मीर के बारे में झूठे आख्यान और अलगाववाद का प्रचार करती हैं।

-उमर अब्दुल्ला

मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर

# प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी हैं आदिवासी



विश्व आदिवासी दिवस, 9 अगस्त, केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह सभ्यता की जड़ों और संवेदनशीलता के स्रोत को स्मरण करने का दिन है। यह दिन न केवल आदिवा. सियों के अस्तित्व, अधिकारों यानी जल, जंगल, जमीन और उनके जीवन की रक्षा का उद्घोष है, बल्कि यह नए भारत के पुनर्निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करने का भी अवसर है। आदिवासी समाज कोई पिछड़ा समूह नहीं, बल्कि वह सांस्कृतिक ऊर्जा का अक्षय स्रोत है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर पर्यावरण रक्षा तक, सामाजिक समरसता से लेकर आध्यात्मिक परंपराओं तक, हर दिशा में क्रांतिकारी भूमिका निभाई है।

आदिवासी प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी है। जो प्रकृति से जुड़ा है, वही मनुष्यत्व का संरक्षक है-यह वाक्य आदिवासी समाज पर अक्षरश: लागू होता है। आदिवासी शब्द मात्र एक सामाजिक पहचान नहीं, बल्कि एक दर्शन है, सहजता, सामूहिकता, संतुलन और सह-अस्तित्व का दर्शन। करीब 90 प्रतिशत खनिज सम्पदा, वनौषधियां और जैव विविधता इन्हीं के क्षेत्रों में विद्यमान है। उनका जीवन सभ्यता के केंद्र से नहीं, बल्कि संवेदना के मूल से संचालित होता है। वे भले ही वनवासी कहलाए गए, परंतु उनका जीवन दर्शन हमें शहरीकरण के आडंबर से बाहर निकालकर स्वाभाविक जीवन की राह दिखाता है। नए भारत में विकास का पर्याय यदि केवल बहुराष्ट्रीय निवेश, चकाचौंध और स्मार्ट सिटी बन गया है, तो आदिवासी समाज उसके विस्थापित मूल्य हैं। जल-जंगल-जमीन के नाम पर किए गए सौदे, खनिज लूट, धार्मिक कन्वर्जन, सांस्कृतिक विघटन और जबरन भूमि अधिग्रहण की घटनाएं केवल उनकी आर्थिक दशा ही नहीं बिगाड़ती, बल्कि उनकी पहचान, संस्कृति, भाषा और परंपरा को भी निगलती जा रही हैं। आज आदिवासी समाज ऋण, अशिक्षा, पलायन, अस्वास्थ्यकर जीवन, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से ग्रस्त है। तथाकथित विकास ने उन्हें पराया बना दिया है। वे भारत में रहकर भी अपने ही देश में अदृश्य नागरिक बन गए हैं, जिनके पास न राशन कार्ड है, न पहचान पत्र, न ही राजनीतिक प्रतिनिधित्व की शक्ति।

इस दिशा में गुजरात के प्रसिद्ध जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका जीवन आदिवासी क्षेत्रों के लिए संघर्ष, सेवा और सद्भाव की त्रई बन गया है। वे वर्षों से आदिवासी समाज के उत्थान हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, रोजगार और संस्कृति संवर्धन के अभियान चला रहे हैं। उनका सुखी परिवार अभियान केवल परिवार को नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समाज को जागृत करने का एक जनांदोलन बन चुका है। वे आदिवासियों में आत्मबल, आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता की भावना जगा रहे हैं। बालिका शिक्षा केंद्र, नैतिक शिक्षा अभियान, युवाओं के लिए स्वावलंबन कार्यशालाएं, महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, आदिवासी ग्रामोद्योग, आदिवासी संस्कृति उन्नयन और स्व-सहायता समूहों का गठन-ये सभी उनके प्रयासों का हिस्सा हैं। वे जनजातीय समाज में अहिंसा, नैतिकता और भारतीय संस्कृति के बीज बो रहे हैं, ताकि वे अपने मूल से कटे नहीं, बल्कि गौरव से जुड़े रहें।

आज आदिवासी समाज को जितना खतरा बाह्य आर्थिक और राजनीतिक शोषण से है, उससे कहीं अधिक सांस्कृतिक अस्मिता के विघटन से है। धर्मान्तरण की गतिविधियां न केवल धार्मिक परिवर्तनों का परिणाम देती हैं, बल्कि उससे जुड़ी मानसिक गुलामी और राष्ट्र-विरोधी मानसिकता भी पनपती है। गणि राजेन्द्र विजयजी इस खतरे को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने धर्मान्तरण के विरुद्ध शांति, संवाद और आध्यात्मिक पुनर्जागरण का मार्ग अपनाया है। उन्होंने जैन धर्म के मूल्यों के साथ-साथ सभी धर्मों के सकारात्मक मूल्यों को आदिवासी जनजीवन से जोड़ा है ताकि वे किसी भी प्रकार की सांस्कृतिक हिंसा से बचें। गणिजी का स्पष्ट मत है कि हर आदिवासी को अपनी जड़ों में झांकना होगा। उसे यह पहचानना होगा कि वह केवल वनवासी नहीं, अपितु संस्कृति का संवाहक है। वे आदिवासियों को आत्म निरीक्षण की प्रेरणा देते हैं कि जो अपने मूल से कट जाता है, वह किसी भी विकास का अधिकारी नहीं बन सकता। उनकी प्रेरणा से कई आदिवासी युवाओं ने शिक्षा ग्रहण की, रोजगार स्थापित किए, कुटीर उद्योगों की ओर बढ़े और सबसे महत्वपूर्ण, अपने आत्मगौरव को पुन: प्राप्त किया।

आज जब दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन, ड्रोन टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार की ओर अग्रसर हो रही है, तब आदिवासी समाज को भी इस बदलाव की मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है। तकनीक उनके जीवन में केवल बदलाव का कारक नहीं, बल्कि संरक्षण और सशक्तिकरण का माध्यम बन सकती है। एआई आधारित भाषाई अनुवाद तकनीकों से उनकी बोली और लोककथाओं को डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा सकता है, जिससे उनकी सांस्कृतिक विरासत विश्व तक पहुंचे। ड्रोन एवं जीआईएस तकनीक से आदिवासी क्षेत्रों के भू-अधिकार सुरक्षित किए जा सकते हैं। मोबाइल हेल्थ यूनिट्स, टेलीमेडिसिन और डिजिटल शिक्षा से वे दुर्गम क्षेत्रों में भी उन्नत जीवन स्तर पा सकते हैं। नवाचार तभी सार्थक होगा जब वह जंगलों में बसे एक युवा को भी ग्लोबल लर्निंग का अवसर प्रदान करे, न कि उसे अपनी जड़ों से काटे।

आज की वैश्विक दुनिया लोकल टू ग्लोबल की सोच को प्रोत्साहित कर रही है और आदिवासी समाज इसमें एक अनमोल भागीदार बन सकता है। उनका पारंपरिक ज्ञान, जैविक खेती, वन औषधियों की समझ, हस्तशिल्प और पर्यावरण संतुलन की परंपराएं विश्व समुदाय के लिए एक वैकल्पिक जीवनदर्शन बन सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि आदिवासी युवा आधुनिक शिक्षा को अपनाएं, लेकिन अपनी संस्कृति और जीवनमूल्यों से जुड़े रहें। उन्हें अपने उद्यमिता कौशल को पहचानने और विकसित करने की आवश्यकता है, जैसे वनोपज आधारित उद्योग, इको-टूरिज्म, वन-हस्तशिल्प, संगीत-नृत्य उत्सव आदि के माध्यम से वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं। डिजिटल मार्केट प्लेस के जरिए उनके उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहुंचाया जा सकता है। आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा तभी पूर्ण होगी जब आदिवासी समाज भी अपने भीतर से आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़े।

भारत की स्वतंत्रता केवल मैदानों और दरबारों में नहीं, बल्कि जंगलों और पहाड़ियों में भी लड़ी गई थी, जहां आदिवासी वीरों ने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी थी। बिरसा मुंडा जैसे अद्भुत योद्धा और आध्यात्मिक नेता ने न केवल अंग्रेजों के भूमि अधिग्रहण और धर्मान्तरण के विरुद्ध जनजागरण किया, बल्कि एक सशस्त्र संघर्ष को भी नेतृत्व प्रदान किया। झारखंड में चला उनका उलगुलान आंदोलन (महाविप्लव) आदिवासी अस्मिता और स्वाभिमान की एक ऐतिहासिक घोषणा थी।

इसी तरह सिद्धू-कान्हू, रानी दुर्गावती, तेलंगाना के कोमराम भीम, भील आंदोलन के गोविंद गुरु, तेनालीराम बावरी, और नारायण सिंह जैसे अनेक आदिवासी सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर यह सिद्ध किया कि भारत की आजादी की चिंगारी सबसे पहले आदिवासी अंचलों में धधकी थी। बिरसा मुंडा और आदिवासी वीरों का आजादी में अविस्मरणीय योगदान रहा, लेकिन दुर्भाग्यवश, इतिहास की मुख्यधारा में इनके योगदान को उतनी जगह नहीं मिली, जितनी मिलनी चाहिए थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इन जादुई झरनों को देखकर मिलता है सुकून

**वेनेजुएला दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप पर एक देश है। जहां पर एंजेल फॉल्स बहता है। वेनेजुएला का यह एंजेल फॉल्स दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है। जोकि वेनेजुएला के केनैमा नेशनल पार्क में स्थित है। इस झरने की धारा इतनी ऊंचाई से गिरती है कि पानी नीचे तक पहुंचते-पहुंचते बारीक-बारीक बूंदों में बदल जाता है।**

दुनियाभर में प्राकृतिक सुंदरता का एक अनोखा अनुभव झरनों में देखने को मिलता है। ऊंचाई से गिरने हुए पानी का नजारा काफी मनमोहक होता है। ऊंचाई से गिरने हुए पानी का नजारा देखना लोगों के मन को सुकून पहुंचाने के साथ रोमांच का अनुभव कराता है। बता दें कि दुनिया में कई ऐसे झरने हैं, जिनकी ऊंचाई और सुंदरता उनको खास बनाती है। इन झरनों की ऊंचाई सुनकर कोई भी चौंक जाएगा, वहीं इनकी सुंद. रता भी उतनी ही सुकूनदायक है। पहाड़ों, गहरी घाटियों और हरियाली बीच बहते हुए यह झरने प्राकृतिक कला का अनूठा और अद्वितीय उदाहरण है। अगर आप भी प्रकृति प्रेमी है और घूमने के भी शौकीन हैं, तो आपको दुनिया के सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों का दीदार करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दुनिया के कुछ सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**एंजेल फॉल्स , वेनेजुएला**

वेनेजुएला दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप पर एक देश है। जहां पर एंजेल फॉल्स बहता है। वेनेजुएला का यह एंजेल फॉल्स दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है। जोकि वेनेजुएला के केनैमा नेशनल पार्क में स्थित है। इस झरने की धारा इतनी ऊंचाई से गिरती है कि पानी नीचे तक पहुंचते-पहुंचते बारीक-बारीक बूंदों में बदल जाता है।

**टुगेला फॉल्स, दक्षिण अफ्रीका**

दक्षिण अफ्रीका में मौजूद टुगेला फॉल्स की ऊंचाई 3,110 फीट है। बारिश के मौसम में यहां का नजारा देखने लायक है। यह रॉयल नेटल नेशनल पार्क के ड्रेकेन्सबर्ग माउंटेन्स पर स्थित है।

**थ्री सिस्टर्स फॉल्स, पेरू**

पेरू एक बेहद खूबसूरत जगह है, जहां पर आपको थ्री सिस्टर्स फॉल्स नाम का शानदार जलप्रपात देखने को मिलेगा। यह अमेजन जंगल के बीच स्थित है और तीन स्तरों में बहता है। इसी वजह से इसका नाम श्थ्री सिस्टर्सश पड़ा। ट्रैकिंग और रोमांच पसंद करने वालों के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।

**ओलूपेना फॉल्स, हवाई**

संयुक्त राज्य अमेरिका के हवाई में करीब 900 मीटर की ऊंचाई पर ओलूपेना फॉल्स है। ओलूपेना फॉल्स सीधे समंदर से लगती चट्टानों से गिरता है और सिर्फ बोट या हेलिकॉप्टर से ही देखा जा सकता है।

**युंबिला फॉल्स, पेरू**

बता दें कि युबिला फॉल्स सबसे ऊंचे झरनों में शामिल है, यह पेरू में है। हाल ही में खोज में यह झरना पाया गया है। जोकि पेरू के घने जंगलों में छिपा है और अब धीरे-धीरे फेमस हो रहा है। यहां पर आपको चारों ओर मनमोहक नजारा देखने को मिलेगा।

**...साभार प्रभा**


# मलेरिया रोकथाम के दो नए प्रयास

मलेरिया रोकथाम के दो नए उपाय सामने आए हैं। एक उपाय में इंसानी खून को मच्छरों के लिए जहरीला बनाने का प्रयास किया गया है ताकि काटते ही मच्छर मर जाएं। दूसरे उपाय में कोशिश यह है कि मच्छरों को मलेरिया परजीवी के लिए अनुपयुक्त बना दिया जाए। पहले उपाय में आइवरमेक्टिन नामक एक दवा का उपयोग शामिल है। यह दवा न केवल कृमियों को मारती है बल्कि जूं जैसे कीटों का भी खात्मा करती है। इसके अलावा जब कोई व्यक्ति इसे गोली के रूप में लेता है, तो उसका खून पीने वाले कीट भी मर जाते हैं। विचार यह आया कि यदि मच्छर ऐसे व्यक्ति को काटें जिसने हाल ही में आइवरमेक्टिन ली हो, तो क्या वे भी मर जाएंगे और अगर एक साथ पूरा समुदाय यह दवा ले ले, तो क्या मच्छरों की संख्या घट सकती है? प्रयोगशाला परीक्षण के नतीजे काफी उत्साहजनक रहे। एक दिन पहले आइवरमेक्टिन लेने वाले लोगों के खून पर पले 73 प्रतिशत मच्छर दो दिन में मर गए, जबकि नियंत्रण समूह में केवल 31 प्रतिशत। लेकिन असली चुनौती वास्तविक दुनिया में इसके असर को साबित करना था।

अक्टूबर 2023 में दक्षिण केन्या के क्वाले काउंटी में एक बड़ा परीक्षण बरसात के मौसम की शुरुआत में हुआ, जब मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है। अध्ययन में 84 बस्तियों को शामिल किया गया था। आधी बस्तियों के लोगों को तीन महीने तक, हर महीने आइवरमेक्टिन दी गई और बाकी आधों को परजीवी नाशी दवा अल्बेंडेजोल दी गई, जो मच्छरों पर कोई असर नहीं करती। अगले छह महीनों में आइवरमेक्टिनसमूह में बच्चों में मलेरिया के नए मामलों में 26 प्रतिशत की कमी आई। हालांकि कई वैज्ञानिक इस नतीजे से सहमत नहीं है। एक तो, 26 प्रतिशत की कमी व्यापक इस्तेमाल के लिए पर्याप्त नहीं है। दूसरा, यह दवा गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को नहीं दी जा सकती। इसके अलावा बुर्किना फासो के दो परीक्षणों और गिनी-बिसाऊ (2024) के एक परीक्षण में कोई खास फायदा नहीं दिखा था।

हालांकि, केन्या परीक्षण थोड़ा अलग था-दवा बरसात की शुरुआत में ही दे दी गई थी, जब मच्छर तेजी से बढ़ते हैं, और कई बार दी गई। एक अतिरिक्त फायदा यह हुआ कि खुजली और जुओं का भी सफाया हो गया। फिर भी इसकी कई चुनौतियां हैं। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए यह दवा सुरक्षित नहीं है। हर खुराक के बाद दवा खून में कुछ ही दिनों तक प्रभावी रहती है। लंबे समय तक असर करने वाले संस्करणों पर फिलहाल शोध चल रहा है। मलेरिया के मामलों में महज 26 प्रतिशत कमी लागत और मेहनत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO का नियम है कि जब तक कम से कम दो बड़े और उच्च-गुणवत्ता वाले परीक्षणों में मजबूत सुरक्षा न दिखे, किसी तरीके को बड़े पैमाने पर अपनाने की सिफारिश नहीं की जा सकती। शोधकर्ता भी उपरोक्त शंकाओं को दूर करने की दिशा में और शोध कार्य करने की योजना बना रहे हैं। दूसरा तरीका मच्छरों को ही मलेरिया के खिलाफ हथियार बनाने का है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक नए अध्ययन में मच्छरों के जीन में बदलाव करके उन्हें मलेरिया परजीवी प्लाज्मोडियम का वाहक बनने से रोकने का प्रयास किया गया है। आगे, जीन ड्राइव नामक तकनीक से इस गुण को तेजी से मच्छरों की आबादी में फैलाया जा सकता है। आम तौर पर मच्छर अपने जीन का आधा हिस्सा ही अगली पीढ़ी को देते हैं, लेकिन जीन ड्राइव एक खास आनुवंशिक तकनीक है, जो इस नियम को बदल देती है। यह चुने हुए जीन को लगभग सभी संतानों में पहुंचाती है, जिससे वह तेजी से पूरी आबादी में फैल जाता है। यह तरीका कारगर तो है, लेकिन विवादास्पद भी है, क्योंकि इससे किसी प्रजाति में स्थाई और बड़े पैमाने पर बदलाव हो सकते हैं, जिनके पर्यावरण पर अनजाने असर पड़ सकते हैं। इसलिए नए शोध में वैज्ञानिकों ने कृत्रिम जीन बनाने की बजाय, मच्छरों में पहले से प्राकृतिक रूप से मौजूद एक उत्परिवर्तन का सहारा लिया।

इस उत्परिवर्तन के चलते कुछ एनॉफिलीज गैंबिया मच्छरों में एक प्रोटीन का थोड़ा बदला हुआ रूप पाया जाता है। यह बदला हुआ प्रोटीन मलेरिया परजीवी को मच्छर के शरीर में अपना जीवन-चक्र पूरा करने में मुश्किल पैदा करता है। पहले, FREP1 नामक परजीवी-रोधी जीन को एनॉफिलीज स्टीफेन्सी मच्छरों में डाला गया। परिवर्तित मच्छरों ने सामान्य मच्छरों के साथ भोजन और संभोग-साथी पाने के लिए बराबरी से प्रतिस्पर्धा की। यानी यह बदलाव मच्छरों को कमजोर तो नहीं बनाता। जब इन मच्छरों ने सबसे घातक मलेरिया परजीवी प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम युक्त वाला मानव रक्त पीया, तो उनके शरीर और लार ग्रंथियों में सामान्य मच्छरों की तुलना में बहुत कम परजीवी पाए गए। दूसरे चरण में, परिवर्तित जीन तेजी से फैलाने के लिए वैज्ञानिकों ने मच्छरों में सामान्य जीन को काटकर उसकी जगह प्रतिरोधी संस्करण डाल दिया। नियंत्रित माहौल में, केवल 10 पीढ़ियों में यह जीन 94 प्रतिशत से अधिक मच्छरों में फैल गया।




वैज्ञानिक उक्त तकनीकों को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन सतर्क भी हैं। यह सफल रहे तो भी इनका उपयोग मच्छरदानी, दवाइयों और कीटनाशकों जैसी अन्य रोकथाम विधियों के साथ मिलाकर ही करना होगा और, कुछ सवाल अभी अनुत्तरित हैं। जैसे, क्या मच्छर या मलेरिया परजीवी इस तरह की सुरक्षा के प्रतिरोधी हो जाएंगे? ऐसे मच्छर प्रकृति में छोड़ गए, तो पर्यावरण व पारिस्थितिकी पर दीर्घकालिक असर क्या होंगे? अनचाहे परिणामों से बचाव कैसे किया जाएगा?

**-स्रोत फीचर्स**

# पाक-बांग्लादेश पर मेहरबान ट्रम्प, 20% तक रखा टैरिफ

## भारत-ब्राजील पर 50% टैरिफ लगाकर निकाला गुस्सा

**वाशिंगटन।** दुनियाभर के देशों को टैरिफ से डरा रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत के दो पड़ोसी देशों पर खासे मेहरबान हैं। ट्रम्प ने पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत तो बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

इसके उलट भारत पर दो बार में 25-25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आदेश दिया है। साथ ही सेकेंडरी सैंक्शन्स की धमकी भी दी है। भारत की तरह ही ब्राजील पर ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। वहीं, चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगर टैरिफ दर बढ़ती है, तो चीन की जीडीपी लगभग 1 प्रतिशत तक घट सकती है।



■ चीन की जीडीपी एक प्रतिशत गिरने का खतरा
■ भारत की तरह ही ब्राजील पर ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा रहा

### देश जिन्हें टैरिफ से सबसे ज्यादा फायदा

1. **पाकिस्तान:** ट्रम्प ने पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। साउथ एशिया के किसी भी देश पर यह सबसे कम अमेरिकी टैरिफ है।

इससे पहले ट्रम्प ने अप्रैल में पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही थी। नए आदेश में ट्रम्प ने पाकिस्तान को 10 प्रतिशत की रियायत दी है। ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ आयल डील भी की है। इसके तहत अमेरिका, पाकिस्तान में तेल की खोज, प्रोसेसिंग और स्टोरेज बनाने में मदद करेगा। पाकिस्तान का सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र उसका कपड़ा उद्योग (80 प्रतिशत) है। अमेरिका उसका सबसे बड़ा खरीदार है। कम टैरिफ से इसकी अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी बढ़ सकती है। अमेरिका की पाकिस्तान के साथ डील, भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव ला सकती है। इससे पाकिस्तान, अमेरिका के साथ मिलकर अपनी क्षेत्रीय स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। अमेरिका की मदद से पाकिस्तान को वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ से वित्तीय सहायता भी मिल सकती है।

2. **बांग्लादेश:** अमेरिका ने बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इससे पहले अप्रैल में बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था। बांग्लादेश 4 महीने में अमेरिका से 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराने में कामयाब रहा। बांग्लादेश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक है। भारत पर ज्यादा टैरिफ से इसका कपड़ा निर्यात बढ़ सकता है। 2024 में इसका निर्यात 8 अरब डालर (70 हजार करोड़ रुपये) था, जो 2026 तक 10 अरब डालर (88 हजार करोड़ रुपये) हो सकता है। कम टैरिफ से बांग्लादेश अमेरिकी बाजार में अपनी 9 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रख सकता है। एफबीसीसीआई के मुताबिक इससे देश की जीडीपी में 2026 तक 0.2 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है।

## किरिशिमा में भारी बारिश की आपातकालीन चेतावनी जारी

**टोक्यो।** जापान की मौसम एजेंसी ने शुक्रवार सुबह दक्षिण-पश्चिमी कागोशिमा प्रान्त के किरिशिमा शहर में भारी बारिश की आपातकालीन चेतावनी जारी की तथा निचले इलाकों में भूस्खलन, बाढ़ तथा नदियों के उफान पर होने की उच्चतम स्तर की सावधानी बरतने का आह्वान किया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, देश की पांच-स्तरीय आपदा चेतावनी प्रणाली में इस वर्ष पहली बार उच्चतम स्तर की चेतावनी किरिशिमा में रिकॉर्ड बारिश दर्ज होने के बाद जारी की गई। किरिशिमा के एक हिस्से में आज स्थानीय समयानुसार सुबह तीन बजे तक 107.5 मिमी बारिश दर्ज की गई जो उस जगह पर अब तक की सबसे भारी बारिश है। 12 घंटों में कुल बारिश 480 मिमी से ज़्यादा हो गई जो शहर में अगस्त के औसत से लगभग 1.8 गुना जयादा है। जेएमए ने कहा कि कागोशिमा सहित क्यूशू क्षेत्र में रविवार तक मूसलाधार बारिश जारी रहने की उम्मीद है। इसने कहा कि शनिवार सुबह तक 24 घंटों में दक्षिणी क्यूशू में 200 मिमी और उत्तरी क्यूशू में 120 मिमी बारिश होने का अनुमान है।



जम्मू। अनाथालय में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाते विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं।

## कैलिफोर्निया में तेजी से फैली आग, क्षेत्र को खाली करने के आदेश

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिणी कैलिफ़ोर्निया के घाटी क्षेत्र में भीषण गर्मी की वजह से तेज़ी से फैल रही जंगल की आग के कारण आस पास के क्षेत्र को खाली कराने के आदेश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि 'कैन्यन फायर' कही जाने वाली यह जंगल की आग स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1:25 बजे पूर्वी वेंचुरा काउंटी स्थित एक छोटे से ऐतिहासिक शहर पीरू के पास से फैली जो लॉस एंजिल्स से लगभग 77 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है। कैलिफ़ोर्निया वानिकी एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार आग कुछ ही घंटों में तेज़ी से बढ़कर 1000 एकड़ (लगभग 4.05 वर्ग किमी) से जयादा क्षेत्र में फैल गई। स्थानीय अधिकारियों ने वेंचुरा और लॉस एंजिल्स काउंटी में आग वाले क्षेत्र के पास बसे कुछ समुदायों के लिए गुरुवार को कई निकासी आदेश और चेतावनियां जारी कीं। विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार इस क्षेत्र को तुरंत छोड़ने का क़ानूनी आदेश जारी कर दिया गया है। यह क्षेत्र सामान्य गतिविधियों के लिए जनता के लिए बंद है। लॉस एंजिल्स काउंटी सुपरवाइज़र कैथरीन बार्गर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा वेंचुरा-एलए काउंटी लाइन के पास अत्यधिक गर्मी और शुष्क परिस्थितियों में कैन्यन फ़ायर तेज़ी से फैल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### हेलीकॉप्टर के बजरे से टकराने से दो लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के मध्य-पश्चिमी राज्य इलिनॉय और मिसौरी के बीच मिसिसिपी नदी के ऊपरी हिस्से में गुरुवार को एक हेलीकॉप्टर बजरे से टकरा गया जिससे हेलीकॉप्टर में सवार दो लोगों की मौत हो गई और इलिनॉय के एल्टन के निकट नदी में यातायात बंद हो गया। मिसौरी राज्य राजमार्ग गश्ती दल के जवानों ने बताया कि हेलीकॉप्टर में कुछ कर्मचारी सवार थे जो विमानन चेतावनी चिह्नों के पास बिजली की लाइनों पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विमान बिजली की लाइन से टकराया और बजरे पर उतरने की कोशिश की, लेकिन आग लग गई। स्थानीय मीडिया ने इलिनॉय राज्य पुलिस के हवाले से बताया कि इस घटना के कारण मिसौरी और इलिनॉय को जोड़ने वाले एक पुल को अस्थाई रूप से सभी यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।

### सिडनी में चाकू मारने के आरोप में किशोर गिरफ्तार

**सिडनी।** सिडनी के एक सार्वजनिक पार्क में चाकू से हमला करने के आरोप में एक किशोर को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार रात लगभग 10:45 बजे पश्चिमी सिडनी के उपनगर अन्नाडेल के पार्क में हमले की खबर मिलने पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और छह लोगों को विभिन्न चोटों के साथ घायल पाया, जिन्होंने बताया कि किसी विवाद के बाद चार अज्ञात लोगों के एक समूह ने उन पर हमला किया।

## जन्म के बाद मिलने वाली नागरिकता मुद्दे पर फिर फंसे ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन को एक और बड़ा झटका लगा है। मैरीलैंड की संघीय अदालत ने ट्रम्प के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें कहा गया था कि अमेरिका में अवैध या अस्थाई रूप से रह रहे लोगों के बच्चों को नागरिकता नहीं दी जाएगी। यह फैसला देशभर में चौथी बार आया है जब ट्रम्प की जन्माधिकार नीति को न्यायालय ने अवैध बताया है।

यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के बावजूद हुआ, जिससे पूरे देश में इस आदेश के लागू होने पर प्रभाव पड़ा। मैरीलैंड की यूएस डिस्ट्रिक्ट जज डेबोरा बोर्डमैन ने साफ किया कि ट्रम्प का आदेश अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में जन्म लेने वाले सभी बच्चे, चाहे उनके माता-पिता की कानूनी स्थिति कुछ भी हो, नागरिकता के हकदार हैं। अदालत ने यह आदेश 19 फरवरी 2025 के बाद जन्म लेने वाले सभी बच्चों पर लागू किया है, जिन्हें इस आदेश से नुकसान हो सकता था। इससे पहले, जून में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया था कि निचली अदालतें सामान्य रूप से राष्ट्रव्यापी निषेधाज्ञा जारी नहीं कर सकतीं। इसके बावजूद, बोर्डमैन ने अपने निर्णय में कहा कि चूंकि यह मामला एक वर्ग-कार्रवाई मुकदमा है, इसलिए इसका प्रभाव पूरे देश पर हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि ट्रम्प का आदेश लागू हुआ तो इससे प्रभावित बच्चों को अपूरणीय नुकसान होगा।

■ अमेरिकी अदालत ने चौथी बार लगाई रोक

## 9/11 के आतंकवादी हमलों के 24 साल बाद तीन और पीड़ितों की हुई पहचान

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में 11 सितम्बर, 2001 को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आतंकवादी हमलों के लगभग 24 साल बाद इस त्रासदी में मारे गए तीन और पीड़ितों की आखिरकार पहचान हो गई है। गुरुवार एक प्रेस विज्ञप्ति में न्यूयॉर्क शहर के मुख्य चिकित्सा परीक्षक कार्यालय (ओसीएमई) ने न्यूयॉर्क के फ्लोरल पार्क के रयान फिट्ज़गेराल्ड (26), कैलिफ़ोर्निया में पाम स्प्रिंग्स की बारबरा कीटिंग (72) और एक वयस्क महिला के रूप में हुई है, जिनका नाम उनके परिवार के अनुरोध पर गुप्त रखा जा रहा है। इन तीनों मृतकों की पहचान संख्या क्रमशः 1651वें, 1652वें और 1653वें व्यक्ति के रूप में घोषित किया। ओसीएमई ने कहा कि हमले से बरामद अवशेषों के उन्नत डीएनए विश्लेषण और परिवार से संपर्क के माध्यम से उनकी पहचान संभव हो पाई है। ओसीएमई ने कहा कि फिट्ज़गेराल्ड की पहचान 2002 में पहली बार बरामद अवशेषों के डीएनए परीक्षण के माध्यम से पुष्टि की गई थी, जबकि कीटिंग और अज्ञात महिला की पहचान 2001 में पहली बार बरामद अवशेषों पर आधारित थी।

# मोदी-ट्रम्प के बीच फोन कॉल से बिगड़े भारत-अमेरिकी रिश्ते

## दावा: मोदी ने ट्रम्प से कहा, सीजफायर पाकिस्तान की अपील पर हुआ

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच संबंध 17 जून को फोन पर 35 मिनट बातचीत हुई थी, जिसके बाद भारत और अमेरिका के बीच संबंध बहुत ज्यादा खराब हो गए।

यह दावा ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच बातचीत ऐसे समय में हुई थी जब ट्रम्प कनाडा में जी-7 समिट से जल्दी निकल गए। मोदी और ट्रम्प के बीच मुलाकात होने वाली थी, लेकिन ये नहीं हो पाई। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें मोदी ने ट्रम्प को साफ कह दिया था कि सीजफायर पाकिस्तान की अपील पर हुआ, न कि अमेरिकी दखल से। मोदी ने यह भी कहा कि भारत कश्मीर मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता कभी स्वीकार नहीं करेगा। इजरायल-ईरान जंग की वजह से ट्रम्प कनाडा जी-7 समिट बीच में छोड़कर चले गए थे। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारत को तब और चिंता हुई जब यह पता चला कि ट्रम्प अगले ही दिन व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर की मेजबानी करने वाले हैं। भारत को ट्रम्प की पाकिस्तान के नागरिक नेताओं से मिलने पर कोई खास आपत्ति नहीं थी, लेकिन एक फौजी जनरल खासकर पाकिस्तानी सेना प्रमुख को व्हाइट हाउस बुलाया जाना भारत को ठीक नहीं लगा। भारत ने इसे एक ऐसी सेना को वैधता देने की कोशिश माना, जो लोकतंत्र के रास्ते में हमेशा बाधा बनती रही है। मोदी को यह आशंका भी थी कि ट्रम्प शायद उनकी और जनरल मुनीर की कोई बैठक करवाने की कोशिश कर सकते हैं। इसी वजह से उन्होंने कनाडा से लौटते समय वॉशिंगटन में रुकने के ट्रम्प के न्योते को ठुकरा दिया। उन्होंने इसके बजाय यह कहा कि उन्हें क्रोएशिया जाना है। इस कॉल के बाद ट्रम्प ने भारत पर हमला बोलना शुरू किया। उन्होंने भारत को डेड इकोनॉमी करार दिया और भारतीय व्यापार नीतियों को घटिया बताया। इसके बाद ट्रम्प ने भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, जून की इस बातचीत के बाद दोनों नेताओं के बीच कोई बातचीत नहीं हुई है।

■ यूएस का रोल नहीं-जून से मोदी ट्रम्प में कोई बातचीत नहीं हुई

# जर्मनी ने इजरायल को हथियार देने पर लगाई रोक

## चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने किया ऐलान, गाजा जंग में इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे

**तेल अवीव।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने शुक्रवार को ऐलान किया है कि जर्मनी अगले आदेश तक इजरायल को गाजा जंग में इस्तेमाल होने वाले हथियारों की सप्लाई नहीं करेगा।

इजरायल पर जंग के दौरान गाजा में निर्दोष लोगों को मारने के कई आरोप लगे हैं। इस वजह से जर्मनी ने अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के मद्देनजर यह कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक गाजा जंग में 60 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने शुक्रवार को गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इजरायली सेना को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। फैसले के लिए कैबिनेट ने 10 घंटे तक चर्चा की है। बैठक करीब 10 घंटे चली और उसके बाद नेतन्याहू के कार्यालय से सुबह-सुबह एक बयान जारी किया गया जिसमें कहा गया कि कैबिनेट के ज्यादातर सदस्य इस योजना के पक्ष में थे। नेतन्याहू सरकार के कट्टरपंथी मंत्री गाजा पर सैन्य शासन लागू कर फिर से यहूदियों की बस्तियों की स्थापना करने की मांग कर रहे हैं। इजरायल की योजना का मकसद गाजा शहर में उन इलाकों में घुसना है जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है। ये वो इलाके हैं जहां अब तक इजरायली सेना ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई नहीं की है। इजरायली सेना (आईडीएफ) का कहना है कि गाजा के लगभग 75 प्रशित हिस्से पर उसका नियंत्रण है।

गाजा पट्टी उस 25 प्रतिशत इलाके में है, जो आईडीएफ के कब्जे में नहीं हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे की बात कही थी, लेकिन इस बयान में केवल गाजा सिटी का जिक्र है। कैबिनेट ने जंग खत्म करने के बदले हमास के सामने 5 प्रमुख शर्तें भी रखी हैं- हमास पूरी तरह हथियार डाले। बचे हुए सभी 50 बंधकों की रिहाई। (इनमें से 20 के जीवित होने की संभावना है) गाजा से सैन्य ताकतों का खात्मा। गाजा पर इजरायल का सुरक्षा नियंत्रण। गाजा में ऐसा वैकल्पिक नागरिक प्रशासन बनाना जो न तो हमास हो और न ही फलस्तीनी प्राधिकरण।



■ गाजा सिटी पर कब्जा करेगा इजरायल, फैसले के लिए कैबिनेट ने 10 घंटे तक चर्चा की

# बंधक परिवार गाजा की ओर रवाना

**यरूशलम।** गाजा में बंधक बने हुए कुछ इजरायली बंधकों के परिवार फिलिस्तीनी क्षेत्र की ओर रवाना हुए हैं। यह कदम प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार पर दबाव बनाने के लिए उठाया गया है क्योंकि वह गाजा में युद्ध का विस्तार करने पर विचार कर रही है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बंधक एवं लापता परिवार फोरम, साथ ही विपक्ष और इजरायली जनता का एक बड़ा हिस्सा इस अभियान के विस्तार के खिलाफ है क्योंकि उनका मानना है कि इससे उनके प्रियजनों को और भी अधिक खतरा होगा। गुरुवार को जब दक्षिणी इजरायल के अश्कलोन बंदरगाह से जहाजी बेड़ा रवाना हुआ तो बंधक परिवारों के फोरम के एक सदस्य लियोर होरेव ने सीएनएन से कहा कि यह जलयात्रा एक एसओएस कॉल (आपातकाल में मदद के लिए पुकारना) है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश हम गाजा में प्रवेश नहीं कर सकते और अपने प्रियजनों को वापस घर नहीं ला सकते लेकिन यह इजरायली सरकार के लिए एक चेतावनी है। इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट की बैठक गुरुवार को गाजा पर पूर्ण कब्जे के लिए मतदान करने के लिए बुलाई गई थी। यह कदम इस क्षेत्र में लगभग दो वर्षों से चल रहे संघर्ष में एक बड़ी वृद्धि होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि सात अक्टूबर को हमास के नेतृत्व में हुए आतंकवादी हमलों के बाद शुरू हुए युद्ध में अबतक गाजा में कम से कम 61,158 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।

■ इजरायल से युद्ध समाप्त करने का किया आह्वान




# अमेरिका का वेनेजुएलाई राष्ट्रपति पर 50 करोड़ डॉलर का इनाम

## 70 करोड़ डॉलर की संपत्ति भी जब्त, यूएस में ड्रग्स सप्लाई का आरोप

**काराकास।** अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो की गिरफ्तारी पर 5 करोड़ डॉलर, यानी 418 करोड़ इनाम रखा है। ट्रम्प प्रशासन ने आरोप लगाया है कि मदुरो दुनिया के सबसे बड़े नार्को-तस्करों में से एक हैं। मुदरो पर आरोप है कि वे ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानिल मिला कोकीन भेज रहे हैं।

अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने गुरुवार को इनाम की घोषणा करते हुए कहा, राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में मदुरो न्याय से नहीं बच पाएंगे और उन्हें अपने अपराधों के लिए जवाब देना होगा। बॉन्डी ने कहा कि न्याय विभाग ने मदुरो से जुड़े 70 करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्ति जब्त की है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर दिया। यही इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था। मदुरो 2013 से वेनेजुएला की सत्ता में बने हुए हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और लैटिन अमेरिकी देश उन पर चुनावों में धोखाधड़ी का आरोप लगाते रहे हैं। 2024 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में इन देशों ने मदुरो पर धांधली का आरोप लगाया था।



मदुरो दुनिया के सबसे बड़े नार्को-तस्करों में से एक: ट्रम्प प्रशासन

